वर्ष- 12 अंक - 271
लखनऊ, शुक्रवार 23 मई, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



विपरीत मौसम में भी हो बेहतर विद्युत आपूर्ति : शर्मा 03
लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की मनायी जयंती 12

# पाकिस्तान को चुकानी पड़ेगी भारी कीमत : मोदी

**चेतावनी**

**अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक, अब सिर्फ पीओके पर ही होगी बात**

**एजेंसी, बीकानेर।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत का रुद्र रुप एवं नया स्वरुप बताते हुए कहा है कि हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिलाया हैं और जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं एवं अपने प्रण पर खरे उतरे हैं तथा अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक। अगर बात होगी तो सिर्फ पीओके के बारे में ही होगी।

श्री मोदी गुरुवार को यहां पलाना में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने दो टूक साफ कर दिया है कि हर आतंकवादी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, यह कीमत पाकिस्तान की सेना एवं अर्थव्यवस्था चुकायेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। अब भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। यह भारत का संकल्प हैं कि दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प से नहीं डिगा सकती है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए सुरक्षा और समृद्धि दोनों जरुरी है। यह तभी संभव होगा जब भारत का कोना कोना मजबूत होगा। आज का यह कार्यक्रम भारत के तेज विकास का उदाहरण हैं। श्री मोदी ने कहा कि वह करणी मां का आर्शीवाद लेकर आये हैं और विकसित भारत बनाने का संकल्प और मजबूत हो रहा है। आज 26 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। विकसित भारत बनाने के लिए देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का बहुत बड़ा काम चल रहा हैं। देश की सड़के और हवाई अड्डे आधुनिक हो रहे हैं, रेलवे स्टेशन आधुनिक हो रहे हैं और पिछले 11 साल में अभूतपूर्व गति से काम किया गया हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर कामों पर देश पहले जो पैसा खर्च करता था आज उसका छह गुना ज्यादा पैसा खर्च किया जा रहा हैं। भारत में हो रहे विकास कार्या को देखकर दुनिया भी हैरान हैं, देश में इतना चारों तरफ विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ट्रेनों के नेटवर्क को भी आधुनिक कर रहा है वन्दे भारत, नमो भारत ट्रेनें आदि देश की नई गति और नई प्रगति को दर्शाती है और अभी देश में 70 मार्गों पर वन्दे भारत ट्रेनें चल रही है और दूर सुदूर इलाकों तक आधुनिक ट्रेन पहुंच रही हैं। 34 हजार किलोमीटर से ज्यादा के नये रेल ट्रेक बिछाये गये है और अब ब्रोडगेज लाइनों पर मानव रहित क्रोसिंग तो इतिहास बन चुकी हैं। मालगाडियों के लिए विशेष पटरिया एवं डेडिकेटेड फेट कोरिडोर का तेजी से काम चल रहा है।



**पीएम ने बीकानेर में 26 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में 26 हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बीकानेर जिला स्थित देशनोक रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया। ये स्टेशन 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित हैं और इन्हें 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है।

**लखनऊ मंडल के छह स्टेशनों का हुआ कायाकल्प, योगी ने जताया आभार**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर से वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के भी 19 स्टेशनों को नया रूप दिया गया, जिनमें लखनऊ मंडल के 6 प्रमुख स्टेशन बलरामपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी जं., रामघाट हाल्ट, सिद्धार्थनगर, स्वामी नारायण छपिया सम्मिलित हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से जुड़े और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। इन रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त कर नया स्वरूप दिया गया है। इन स्टेशनों पर यात्रियों के लिए आधुनिक प्रतीक्षालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, दिव्यांग अनुकूल ढांचा, डिजिटल सूचना प्रणाली, स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था और स्थानीय स्थापत्य की झलक जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, अमृत भारत स्टेशन गति और गौरव के उत्तम समन्वय का प्रतीक हैं। ये स्टेशन नए भारत की संकल्पना को साकार करते हैं, जहां विकास, विरासत और सुविधा एक साथ आगे बढ़ते हैं। उन्होंने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के 19 स्टेशनों के कायाकल्प पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रयास प्रदेश की अर्थव्यवस्था, पर्यटन, रोजगार और यात्री सुविधाओं को नई ऊंचाई देगा। लखनऊ मंडल के इन छह स्टेशनों के पुनर्विकास से क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और आवागमन को नया बल मिलेगा। स्थानीय कारीगरी और सांस्कृतिक झलक के साथ बनाए गए इन स्टेशनों से स्थानीय लोगों को रोजगार और सुविधाएं मिलेंगी और रेल यात्रा का अनुभव अधिक सहज और सुरक्षित होगा।

## राष्ट्रपति ने रक्षा अलंकरण किए प्रदान





**सम्मान**

**सशस्त्र बलों के रणबांकुरों को छह कीर्ति चक्र और 33 शौर्य चक्र किये प्रदान**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरूवार को यहां रक्षा अलंकरण समारोह में सशस्त्र बलों, केन्द्रीय पुलिस बलों तथा राज्यों के पुलिसकर्मियों को वीरता तथा अदम्य साहस के लिए छह कीर्ति चक्रऔर 33 शौर्य चक्र प्रदान किये।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में दिये गये कुल पुरस्कारों में से चार कीर्ति चक्र और सात शौर्य चक्र मरणोपरांत प्रदान किये गये हैं। वीरता पुरस्कार अपनी जान की परवाह किये बिना कर्तव्य पालन के दौरान अदम्य साहस तथा अद्वितीय बहादुरी का प्रदर्शन करने वाले वीरों को दिये जाते हैं। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री तथा वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। ये पुरस्कार जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंकवाद विरोधी अभियानों से संबंधित विभिन्न अभियानों के दौरान बहादुरी के लिए दिये गये। इन अभियानों के दौरान खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया, उन्हें पकड़ा गया, तथा हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने समुद्री डकैती विरोधी अभियानों का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप समुद्री डाकुओं ने आत्मसमर्पण किया और बंधकों को बचाया, साथ ही जलते हुए तेल टैंकर पर अग्निशमन अभियानों के दौरान भी बहादुरी का प्रदर्शन किया। भारतीय वायु सेना के पुरस्कार विजेताओं ने जान-माल के किसी भी नुकसान से बचने के लिए नागरिक क्षेत्रों से दूर युद्धाभ्यास करते हुए विमान को बचाने के दौरान खतरनाक परिस्थितियों में अत्यधिक साहस दिखाया। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न अभियानों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों ने वीरतापूर्ण कार्य किया। इस दौरान माओवादी विद्रोहियों को पकड़ा गया और हथियार बरामद किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रख्यात साहित्यकार गुलजार ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित



**मुंबई।** भारतीय ज्ञानपीठ के ट्रस्टी मुदित जैन ने गुरुवार को प्रख्यात साहित्यकार गुलजार को बांद्रा स्थित उनके आवास पर जाकर 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह पुरस्कार नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत की राष्ट्रपति के हाथों 16 मई को एक समारोह में दिया जाने वाला था, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वह कार्यक्रम में उपस्थित नहीं रह सके थे। इसी वजह से आज ज्ञानपीठ के ट्रस्टी मुदित जैन ने खुद मुंबई में बांद्रा स्थित उनके आवास पर जाकर गुलजार को वागदेवी की प्रतिमा, प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार की राशि का चेक देकर सम्मानित किया।

### सलमान के आवास पर 24 घंटे में दो बार घुसने का प्रयास, युवक गिरफ्तार

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 24 घंटे में दो बार घुसने का प्रयास किया गया है। जबरन धुसने का प्रयास करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद सलमान खान के आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बीती रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम दोनों मामलों की जांच कर रही है।

### सुरक्षा बल, आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चटरू इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि चटरू के सिंहपुरा इलाके में आतंकवादियों और पुलिस तथा सेना की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मुठभेड़ स्थल पर अतिरिक्त सैनिकों को बुलाया गया है। आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान जारी है।

### फरीदाबाद में मिला कोरोना संक्रमित

**फरीदाबाद।** नगर में एक व्यक्ति को कोरोना संक्रमण होने की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। यह पीड़ित दिल्ली स्थित एक मॉल में सिक्योरिटी गार्ड है। स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमित व्यक्ति को होम आइसोलेट कर उसके परिवार के सभी सदस्यों के भी सैंपल लिए गए है। डॉक्टरों का कहना है कि वेरिएंट की जांच अभी जारी है।

# पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी : योगी

**संबोधन**

**अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर सीएम योगी ने दिया प्रकृति संग समरसता का संदेश**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**आधुनिकता की दौड़ में परंपराओं को नजरअंदाज कर दिया गया**

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण भारत की स्वावलंबी परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले हर गांव में खलिहान, गोचर भूमि, तालाब और खाद के गड्ढे होते थे, जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। गांवों में सॉलिड वेस्ट को खाद के गड्ढों में डालकर कंपोस्ट बनाया जाता था, तालाब स्वच्छता के प्रतीक थे और गोचर भूमि पशुओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हमने इन परंपराओं को नजरअंदाज कर दिया। परिणामस्वरूप पर्यावरणीय असंतुलन और बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने गांवों में तालाबों को ड्रेनेज का माध्यम बनाने और गोचर भूमि पर अतिक्रमण जैसे कदमों को आत्मघाती बताया।

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी-2025 का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर जोर दिया। इस वर्ष की थीम 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' को केंद्र में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने भारत के वैदिक दर्शन और सनातन परंपराओं का उल्लेख करते हुए प्रकृति के साथ सामंजस्य की आवश्यकता को लेकर लोगों से अपील भी की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती हैं। उन्होंने वैदिक शांति पाठ का उदाहरण देते हुए बताया कि सनातन धर्म में हर मांगलिक अनुष्ठान की शुरुआत पृथ्वी, जल, अंतरिक्ष और समस्त चराचर जगत के कल्याण की कामना से होती है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण पर निर्भर है। अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते, हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। योगी आदित्यनाथ ने 1992 में शुरू हुई वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण की चर्चा का उल्लेख करते हुए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया है लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के हर व्यक्ति का योगदान आवश्यक है। यह केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। जब तक हम सभी मिलकर प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए काम नहीं करेंगे, तब तक सतत विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा।

### संघ प्रमुख मोहन भागवत की सुरक्षा में चूक, घेरा तोड़कर भागा युवक

**एजेंसी, मैहर।** मध्य प्रदेश के मैहर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है।



सरसंघचालक डॉ. भागवत गुरुवार को रेल मार्ग से मैहर पहुंचे। यहां उनका काफिला स्टेट बैंक चौराहे पर पहुंचा तो कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद एक युवक सुरक्षा घेरे में घुसने के बाद भाग गया। हालांकि, बाद में पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। सरसंघचालक डॉ. भागवत के आगमन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर था। मैहर में सरसंघचालक डॉ. भागवत का काफिला जैसे ही स्टेट बैंक चौराहे पहुंचा, तभी भीरू साकेत नाम का 21 वर्षीय युवक पुलिस को चकमा देकर सुरक्षा घेरे को तोड़कर भाग गया। पुलिस ने वायरलेस पर सूचना जारी की। इसके बाद कुछ ही देर में उसे घंटाघर के पास से पकड़ लिया गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं, कश्मीर पर किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं : जयशंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए,जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है।

नीदरलैंड की यात्रा पर गये श्री जयशंकर ने 'दे वोक्सक्रांत' पत्रिका को दिये साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए।



आतंकवाद को जम्मू कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता।

### एटीएस ने वाराणसी से किया संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने वाराणसी में जैतपुरा इलाके से संदिग्ध पाकिस्तानी जासूसी तुफैल को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक ए लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो को वाट्सएप ग्रुप में शेयर करने, बाबरी मस्जिद का बदला लेने, गजवा ए हिन्द करने, भारत में शरीयत लागू करने जैसे संदेशों को तुफैल ने साझा किया था। एटीएस के मुताबिक पाकिस्तान के वाट्सएप ग्रुप का लिंक तुफैल ने कई लोगों को साझा किया था। तुफैल करीब छह सौ से अधिक पाकिस्तानी नम्बरों के सम्पर्क में था। तुफैल ने राजघाट, नमो घाट, ज्ञानवापी, रेलवे स्टेशन, जामा मस्जिद के चित्र एवं जानकारी पाकिस्तानी नम्बरों पर साझा की थी।



## वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में फैसला सुरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन एक्ट की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तीन दिनों तक चली सुनवाई पूरी हो गई है। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया। इसमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति भी शामिल है।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संशोधित वक्फ कानून का विरोध करने वाली याचिकाओं को सुना। इन याचिकाओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक सिंघवी और केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें लगातार तीन दिन तक सुनीं, जिसके बाद अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया। केंद्र ने इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है।




संवैधानिकता की धारणा इसके पक्ष में होने की वजह से इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वहीं, याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे कपिल सिब्बल ने इस कानून को ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन और गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने का जरिया बताया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धार्मिक दान केवल इस्लाम तक सीमित नहीं है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि हिंदू धर्म में भी मोक्ष की अवधारणा है। दान अन्य धर्मों की भी एक मौलिक अवधारणा है। पीठ के दूसरे न्यायाधीश जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि ईसाई धर्म में इसी प्रकार के प्रावधान का उल्लेख है। उसमें स्वर्ग की आकांक्षा होती है। कपिल सिब्बल ने कहा कि यह वक्फ संपत्तियों पर सुनियोजित तरीके से कब्जा करने का मामला है। सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं।

### अंतरिक्ष स्टेशन, गगनयान व चंद्र अभियानों की तैयारियों में जुटा भारत : इसरो प्रमुख

**एजेंसी, कोलकाता।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ) के प्रमुख वी. नारायणन ने गुरुवार को बताया कि भारत अपने पहले स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन की दिशा में तेज़ी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों की श्रेणी में और मजबूत करेगा। कोलकाता के राममोहन मिशन में आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए नारायणन ने बताया कि देश की सुरक्षा और नागरिकों की भलाई के लिए अंतरिक्ष तकनीक का सक्रिय रूप से उपयोग किया जा रहा है।



## अमेरिकी ऋण में बढ़ोतरी होने की चिंता से बाजार में भूचाल

**एजेंसी, मुंबई।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक से अमेरिका के सार्वजनिक ऋण में भारी बढ़ोतरी होने तथा ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 80,951.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.75 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे



24609.70 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.33 प्रतिशत उतरकर 44,638.43 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 51,289.32 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2178 में गिरावट जबकि 1741 में तेजी रही वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2949 कंपनियों के शेयरों में से 1582 में बिकवाली जबकि 1275 में लिवाली हुई वहीं 92 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक को लेकर नए संदेह खड़े हो गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस विधेयक के लागू होने से अमेरिका के पहले से ही भारी कर्ज में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आर्थिक विकास की गति और धीमी पड़ सकती है। निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वी. के. विजयकुमार ने कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में फिलहाल हल्का जोखिम देखा जा रहा है, जो सोना और बिटकॉइन जैसी वैकल्पिक परिसंपत्तियों की मजबूती में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। इसका मूल कारण अमेरिका का बढ़ता राजकोषीय घाटा माना जा रहा है, जिसे बाजार लगातार अस्थिरता का संकेत मान रहा है।

**सराहनीय** — बिहार के समस्तीपुर जिले का लाल हॉल ऑफ फेम से सम्मानित

# रामजी ने नासा की वेबसाइट को हैंकिंग से बचाया

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के समस्तीपुर जिले के रामजी राज ने कुछ ऐसा कर दिखाया है कि उनकी चर्चा विदेशों में हो रही है। रामजी ने नासा की वेबसाइट में एक गंभीर तकनीकी खामी (बग) का पता लगाकर न केवल उसे हैकिंग से बचाया, बल्कि उसे सुधारने की प्रक्रिया में भी सक्रिय योगदान दिया। इसके बदले में नासा ने उन्हें 'हॉल ऑफ फेम' में स्थान देकर सम्मानित किया है।

रामजी ने बताया कि उन्होंने 14 मई की रात लगभग 2 बजे साइबर सिक्योरिटी संबंधित अपनी खोज शुरू की। इस दौरान उन्होंने लगभग 50 वेबसाइटों को स्कैन किया, जिनमें नासा की आधिकारिक वेबसाइट भी शामिल थी। उन्हें इसमें एक खामी दिखी, जिसे उन्होंने तुरंत न केवल हैक करके परखा, बल्कि मेल के जरिए नासा को रिपोर्ट भी भेजी। उनकी रिपोर्ट को नासा ने 19 मई की दोपहर को आधिकारिक रूप से स्वीकार करते हुए वेबसाइट की सुरक्षा में सुधार किया। इसके बाद रामजी का नाम उन चुनिंदा हैकर्स की सूची में दर्ज किया गया, जो हैकर के रूप में इंटरनेट की दुनिया को सुरक्षित बनाने के लिए कार्य करते हैं।



**कृषि क्षेत्र के विकास के लिए स्टार्टअप पर कर रहे हैं काम**

रामजी वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से कृषि क्षेत्र के विकास के लिए एक स्टार्टअप पर काम कर रहे हैं। वे मानते हैं कि एआई ही भविष्य है और देश को इसमें अग्रणी बनने के लिए सुरक्षित साइबर स्पेस की जरूरत है।

**गुजरात पुलिस को साइबर सुरक्षा का दे चुके हैं प्रशिक्षण**

रामजी ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से देशभर के छात्रों, छात्राओं और पुलिस अधिकारियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित ट्रेनिंग दे रहे हैं। हाल ही में उन्होंने गुजरात पुलिस को साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उनके जीवन पर एक फिल्म भी बनाई है।

रामजी बताते हैं कि वे बचपन से ही वीडियो गेम के शौकीन रहे हैं।

गेम खेलते हुए ही उन्हें गेम डेवलपमेंट में रुचि जगी और यहीं से उनकी तकनीकी यात्रा की शुरुआत हुई। उन्होंने स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ इंटरनेट से कोडिंग सीखी और स्व-शिक्षा के माध्यम से खुद को विकसित किया। अपने शुरुआती प्रयासों में उन्होंने अपने स्कूल की पेमेंट वेबसाइट को सफलतापूर्वक हैक किया था। जब उन्होंने इसकी जानकारी अपने शिक्षक को दी, तो उन्हें सराहना और प्रोत्साहन मिला, जिससे उनका आत्मविश्वास और बढ़ा।

# गोला गोकर्णनाथ रेलवे स्टेशन को मिला 'अमृत' रूप

- पीएम मोदी ने किया वर्चुअल उद्घाटन
- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन को मिला नया कलेवर, आधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ स्टेशन



गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोला गोकर्णनाथ रेलवे स्टेशन का लोकार्पण कर जिले को एक और बड़ी सौगात दी। यह स्टेशन अब अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से युक्त होकर यात्रियों को बेहतर अनुभव देगा। उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विधायक अमन अरविंद गिरि, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह और पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। स्कूली बच्चों ने गणेश वंदना और राष्ट्रगान की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के स्टेशनों को आधुनिक रूप दिया जा रहा है। ये स्टेशन अब सिर्फ यात्रा का साधन नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और विकास का प्रतीक बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना रेलवे स्टेशनों को शहरों के आधुनिक प्रवेशद्वार के रूप में विकसित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी कि पुनर्विकसित गोला गोकर्णनाथ स्टेशन पर अब यात्रियों को आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ पेयजल, डिजिटल डिस्प्ले, वाई-फाई, दिव्यांगजनों के लिए विशेष रैंप, स्वच्छ शौचालय और पर्याप्त पार्किंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी। स्टेशन को पूरी तरह से यात्रियों के अनुकूल और तकनीकी रूप से उन्नत बनाया गया है। विधायक अमन गिरि ने प्रधानमंत्री की सोच को सराहते हुए कहा कि, मोदी जी के नेतृत्व में देश का इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से बदल रहा है। गोला स्टेशन का कायाकल्प क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि है। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन से हर क्षेत्र में विकास हो रहा है और गोला इसका उदाहरण है।

### समारोह में इनकी रही विशेष मौजूदगी

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, भाजपा नेता अवधेश मिश्रा, शिव मंदिर अध्यक्ष प्रधान जनार्दन गिरि, राम मोहन सोनी, पंकज गुप्ता, पूर्व सभासद भोली गिरि, विजय मिश्रा, पवन गुप्ता, सुरजनलाल वर्मा, रेलवे अधिकारी सीएसटीई आरके सिंह, रजनीश गुप्ता, डीसीआई मनोज कुमार, वाणिज्य अधीक्षक रामबहादुर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### अमृत भारत स्टेशन योजना क्या है?

भारतीय रेलवे की यह महत्वाकांक्षी योजना देशभर के 1,300 से अधिक स्टेशनों को चरणबद्ध रूप से विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। योजना का उद्देश्य स्टेशनों को आधुनिक, स्वच्छ, यात्रियों के लिए सुविधाजनक और स्थानीय संस्कृति से जोड़कर प्रस्तुत करना है।

### गोला स्टेशन बना विकास की नई पहचान

गोला गोकर्णनाथ स्टेशन अब आधुनिकता और परंपरा का संगम बनकर क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। इसका लाभ यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों और व्यवसायियों को भी मिलेगा।

## गोला के पार्थ ने ताइक्कांडो में जीता आठवां पदक, इस बार मिला कांस्य

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में संपन्न हुई 5वीं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में गोला निवासी पार्थ ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पार्थ, मोहल्ला अर्जुन नगर कालोनी निवासी प्रवीण कुमार के पुत्र हैं और उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी में कक्षा-3 के छात्र हैं। इस चैम्पियनशिप में राज्यभर से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पार्थ ने अंडर-29 किलोग्राम क्योरुगी वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह पदक हासिल किया। इससे पहले पार्थ 7 स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर कोच शहबाज़ अली समेत स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### आज कंजा देवस्थान पर होगा श्याम संकीर्तन, समिति ने सभी को दिया आमंत्रण

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा प्रत्येक एकादशी की तरह इस बार भी 23 मई, शुक्रवार को भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यह संकीर्तन सायं 7:30 बजे से रात 10:00 बजे तक खाटू श्याम मंदिर, कंजा देवस्थान, गोला में आयोजित किया जाएगा। समिति ने सभी श्याम प्रेमियों को सपरिवार कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए प्रेम, भक्ति एवं उत्साहपूर्वक संकीर्तन में सम्मिलित होने की अपील की है।

### जिला पंचायत इंटर कॉलेज बिजुआ में समर कैंप का आयोजन, 108 विद्यार्थियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग





**बिजुआ खीरी।** जिला पंचायत इंटर कॉलेज बिजुआ, खीरी में ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर समर कैंप के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विविध रचनात्मक व खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई, जिसके उपरांत योग, व्यायाम, खो-खो एवं फुटबॉल जैसे खेलों में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 108 बालक-बालिकाओं ने इस शिविर में सहभागिता की। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षक अनुज शर्मा, हरिओम शुक्ल, नरेंद्र कुमार वाजपेई एवं आशुतोष शुक्ल ने बच्चों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और फिटनेस का संदेश दिया। साथ ही शिक्षिकाएं श्रीमती शांति देवी, कु. प्रियंका मिश्रा एवं कु. अपूर्वा मिश्रा ने गतिविधियों के संचालन में सहयोग प्रदान किया. प्रधानाचार्य की सक्रिय सहभागिता ने शिविर को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने में अहम भूमिका निभाई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा समर कैंप को विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक विकास की दिशा में एक सार्थक पहल बताया गया। समर कैंप के आयोजन से बच्चों में उत्साह, ऊर्जा और नवीन कौशल सीखने की भावना देखने को मिली।

### रुक्मणी विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु, श्रीकृष्ण की लीला से गूंज उठा देवीपुर

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** देवीपुर गांव स्थित ग्रंट नंबर 11 में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन का आयोजन भक्तिरस में सराबोर रहा। कथा वाचक पंडित पवन द्विवेदी जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के रुक्मणी विवाह एवं कंस वध प्रसंग का ऐसा भावपूर्ण और रोचक वर्णन किया कि श्रोता भावविभोर हो उठे। पूरा पांडाल जय-जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। रुक्मणी का पत्र और श्रीकृष्ण का प्रेमपूर्ण हरण पंडित द्विवेदी जी ने बताया कि विदर्भ नरेश की पुत्री रुक्मणी बचपन से ही श्रीकृष्ण को अपने पति रूप में स्वीकार कर चुकी थीं, लेकिन उनके भाई रुक्मी की इच्छा थी कि रुक्मणी का विवाह चेदिराज शिशुपाल से हो। इस पर रुक्मणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को पत्र भेजा, जिसमें उन्होंने अपनी व्यथा व्यक्त की और श्रीकृष्ण से विवाह की प्रार्थना की। श्रीकृष्ण ने पत्र पाते ही विदर्भ पहुंचकर रुक्मणी का हरण किया और विरोध करने आए रुक्मी को परास्त कर दिया। इसके बाद श्रीकृष्ण रुक्मणी को द्वारिका ले गए और विधिपूर्वक विवाह किया। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। आयोजन समिति के सदस्य कथा में लखनऊ से पधारे दिव्यांश गोस्वामी सहित भाजपा कार्यकर्ता, आयोजक आकाश मिश्रा, आशीष कुमार तिवारी, जलागिरी, अनंत राम मिश्रा, विनोद कुमार, संजू, राजेश, गोलू मिश्रा, अद्वैत मिश्रा, देवम मिश्रा, सिद्धार्थ मिश्रा, जय गिरी, अपूर्व गिरी, रोहित मिश्रा आदि श्रद्धालु विशेष रूप से मौजूद रहे। कथा आयोजन समिति ने बताया कि कथा का समापन भव्य भंडारे और हवन के साथ होगा।

### दुधवा में जैव विविधता दिवस पर बच्चों ने सीखी प्रकृति से जुड़ाव की बारीकियां



**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के दुधवा पर्यटन परिसर में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन विभाग द्वारा ऑडिटोरियम में स्कूली बच्चों के लिए डॉक्यूमेंट्री और पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जंगल, वन्यजीवों और जैव विविधता की अहमियत पर रोचक जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में पर्यावरण के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। इसमें भीरा स्थित विवेकानंद एकेडमी की छात्रा लवलीन कौर (कक्षा 9) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि उसी स्कूल की नंदिनी शर्मा (कक्षा 10) को दूसरा स्थान मिला। तीसरे स्थान पर परनीत कौर और प्रतीभा सिंह (कक्षा 11, गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल, पलिया) संयुक्त रूप से रहीं। विजयी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मौजूद अधिकारियों और विशेषज्ञों ने बच्चों व स्थानीय निवासियों को जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण की अहमियत समझाई। साथ ही ग्रीष्मकाल को देखते हुए पशु-पक्षियों के लिए घरों, छतों और खेतों में पानी रखने की अपील भी की गई। इस अवसर पर महावीर सिंह (वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा), प्रशान्त कुमार प्रियदर्शी (क्षेत्रीय वन अधिकारी, पर्यटन), रमेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार (उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, सठियाना), रोहित रवि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ), संदीप कुमार (फार्मासिस्ट), विपिन सैनी (आउटरीच प्रोग्राम इंचार्ज), अपूर्व गुप्ता (बायोलॉजिस्ट), धनीराम, नाजरून निशा (अभिप्रेरक) समेत स्थानीय नागरिक, स्कूली बच्चे और शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन उप निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर वन विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण के प्रति सबको प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

## गांव के बेटे सुशान्त सिंह का इसरो में वैज्ञानिक पद पर चयन, जिले का बढ़ाया मान

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

स्थानीय सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र सुशान्त सिंह ने इसरो द्वारा आयोजित वैज्ञानिक भर्ती परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। 21 अप्रैल को उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, तिरुवनंतपुरम में पदभार ग्रहण किया। सुशान्त सिंह ने हाई स्कूल परीक्षा (2016) में 93.8% अंक अर्जित कर जनपद में टॉप किया था। इसके बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीएससी और आईआईटी बॉम्बे से केमिस्ट्री में एमएससी की डिग्री प्राप्त की। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भूवैज्ञानिक परीक्षा भी वे पहले ही उत्तीर्ण कर चुके हैं। उनके पिता गिरेन्द्र




पाल सिंह ग्राम मोहरैना-सिसनौर में कृषक हैं और माता मंजू सिंह शिक्षा मित्र हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## मढिया बाजार चौकी के पास विक्षिप्त युवक का शव मिलने से सनसनी

- कई दिनों से इलाके में भटकता देखा गया था युवक, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- शिनाख्त में जुटी पुलिस, क्षेत्रीय ग्रामीणों से की जा रही पूछताछ

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।

मितौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मढिया बाजार पुलिस चौकी के पास गुरुवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र लगभग 32 वर्ष के आसपास आंकी जा रही है। युवक को पिछले दो-तीन दिनों से मानसिक रूप से असंतुलित हालत में मढिया बाजार इलाके में भटकते हुए देखा गया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया।

गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे खनतादेशू गांव



के ग्राम प्रधान चरंजू लाल ने मितौली थाना पुलिस को सूचना दी कि मढिया बाजार चौकी के पास स्थित लाला सायकिल मिस्त्री की दुकान के सामने एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही मितौली थाना प्रभारी शिवाजी दुबे अपने हमराही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव की स्थिति और आसपास के हालात को देखते हुए प्रथम दृष्टया मामला सामान्य मृत्यु का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने आशंका जताई कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों और राहगीरों से पूछताछ की गई लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि मृतक को बीते कुछ दिनों से इलाके में भटकते हुए देखा जा रहा था और वह मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता था। उसके बोलचाल और हावभाव से भी यह अनुमान लगाया गया कि वह किसी मानसिक बीमारी से पीड़ित हो सकता है। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और क्षेत्र के अन्य थानों एवं चौकियों को मृतक के हुलिए की जानकारी भेजी गई है ताकि उसकी पहचान करवाई जा सके। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि यह पता चल सके कि युवक कहां से आया था और उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति तो नहीं था।

ग्राम प्रधान चरंजू लाल की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मितौली पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब युवक की पहचान कराने के लिए आसपास के गांवों और बाजारों में मुनादी कराने की योजना बना रही है, जिससे यदि कोई परिजन या परिचित युवक को पहचान सके तो आगे की कार्रवाई सरल हो सके।

## टहलने निकले युवक का शव तालाब किनारे मिला, हत्या की आशंका

बेहजम खीरी, समृद्धि न्यूज़।

नीमगांव कोतवाली क्षेत्र के मल्हपुर गडरिया गांव में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव के बाहर स्थित तालाब के किनारे 22 वर्षीय मोनू का शव बरामद हुआ। युवक के शरीर पर कई गहरे चोटों के निशान थे, जिससे उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। मोनू बुधवार शाम करीब 6 बजे टहलने निकला था, लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और दोस्तों से पूछताछ की, पर कोई सुराग नहीं मिला। रातभर परिजन इधर-उधर दौड़ते रहे। सुबह जब गांव के कुछ युवक तालाब की ओर गए तो किनारे पर पड़ा शव देखकर सन्न रह गए। पास जाकर देखा तो वह मोनू था। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मां बेसुध हो गई, पिता रोते हुए बेटे के पास बैठ गए। गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



नीमगांव इंस्पेक्टर आलोक धीमान ने बताया कि युवक के शरीर पर कई जगह गहरी चोटों के निशान हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गांव के कुछ लोगों ने दबी जुबान में बताया कि मोनू पेशे से ड्राइवर था और कभी-कभार नशा कर लिया करता था। कुछ समय पहले उसका गांव के ही कुछ युवकों से विवाद हुआ था। वहीं, एक लड़की को लेकर भी विवाद की चर्चा है। हालांकि पुलिस इन सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। मितौली क्षेत्राधिकारी शमशेर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

## प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में लापरवाही का अड्डा बना बिचपरी गांव

**मोहम्मदी-खीरी।** विकासखंड मोहम्मदी के ग्राम पंचायत बिचपरी को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित किया गया, जिसका क्रियान्वयन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए चलाई जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। सूत्रों के अनुसार, समाज कल्याण विभाग की कार्यदायी संस्था पर राजनीतिक और खादीधारी प्रभाव इस कदर हावी है कि निगरानी और पारदर्शिता पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचने से पहले ही सेटिंग-गेटिंग और परसेंटेज सिस्टम की भेंट चढ़ रहा है। गांव में लगाए गए फ्रीजर लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे साफ-सफाई व चिकित्सा जैसी बुनियादी सेवाओं में बाधा आ रही है। गांव में लगभग 20 स्ट्रीट लाइटें लगाई गई, परन्तु उनकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय सूत्रों की मानें तो मानक विहीन सामग्री का प्रयोग कर, संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से उनकी माप पुस्तिका (एमबी) भी बना दी गई। इससे स्पष्ट होता है कि बिना गुणवत्ता की जांच किए ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी गई, जो सीधे भ्रष्टाचार की ओर संकेत करता है। समाज कल्याण विभाग की निगरानी समिति का गठन इसीलिए किया गया था कि वह कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करे। परन्तु दुर्भाग्यवश यह समिति महज कागजी साबित हो रही है। निगरानी की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है, वे या तो मूकदर्शक बने हुए हैं या फिर व्यवस्था का हिस्सा। उनकी निष्क्रियता ने ठेकेदारों और विभागीय कर्मचारियों को मनमानी की खुली छूट दे रखी है। ग्राम प्रधान रामनिवास राज ने स्वयं स्वीकार किया है कि मेरे अनुसार काम नहीं हो रहा है, ठेकेदार काम करके चला जाता है, कोई सूचना नहीं देता, अधिकारियों का संरक्षण फुल प्राप्त है। इससे यह स्पष्ट होता है कि ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि को भी पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है।

## ढखेरवा खालसा रपटापुल पर हादसों के बाद प्रशासन जागा

- डीएम के निर्देश पर शुरू हुआ निरीक्षण
- स्थानीय भाजपा नेता राजा राजेश्वर सिंह ने उठाया था मुद्दा, आधा दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं पुल पर

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।

निघासन तहसील के ढखेरवा खालसा रपटापुल पर लगातार हो रहे सड़क हादसों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। बीते कुछ महीनों में इस पुल पर आधा दर्जन से ज्यादा दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोग घायल हुए और वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। हालात की गंभीरता को देखते



हुए जिला प्रशासन ने पुल की सुरक्षा और सुधार कार्यों को प्राथमिकता पर लेना शुरू कर दिया है। खंड विकास अधिकारी जेयश कुमार सिंह (बीडीओ) द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के आधार पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर मंगलवार को जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा और बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने ढखेरवा खालसा रपटापुल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पुल की संरचना, जलभराव की स्थिति और सुरक्षा उपायों की संभावनाओं का बारीकी से जायजा लिया।

रपटापुल की जर्जर स्थिति को लेकर भाजपा नेता राज राजेश्वर सिंह ने जिलाधिकारी से मिलकर इसकी जानकारी दी थी। सिंह ने पुल पर हो रहे हादसों को प्रशासन के संज्ञान में लाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की थी। डीएम ने तत्काल प्रभाव से अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए और आवश्यक मरम्मत व सुरक्षा कार्यों की रूपरेखा तैयार करने को कहा। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह पुल जलमग्न हो जाता है, जिससे रास्ता पार करना बेहद खतरनाक हो जाता है। कई बार राहगीरों और स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर इस पुल को पार करना पड़ता है। यदि अब प्रशासन सुरक्षा रेलिंग और अन्य जरूरी कार्य करता है, तो इससे राहगीरों को राहत मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार, निरीक्षण के बाद रिपोर्ट तैयार कर डीएम को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर जल्द ही मरम्मत और सुरक्षा कार्य शुरू कराए जाएंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि यह कार्य शीघ्र पूरा किया जायेगा।

### 28 मई से होगा गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, तैयारियां जोरों पर

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत आगामी 28 मई से होने जा रही है। टूर्नामेंट कमेटी के मंत्री के.के. शुक्ला ने जानकारी दी कि विद्यालय से अनुमति प्राप्त होने के बाद प्रशासन से भी आयोजन की स्वीकृति हेतु आवेदन भेजा गया है। मैदान और पिच के समतलीकरण का कार्य उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि एवं उप मंत्री कमल अहमद की देखरेख में 25 मई से आरंभ किया जाएगा। शुक्ला ने बताया कि टूर्नामेंट के 18वें संस्करण में भाग लेने की इच्छुक टीमों को 26 मई तक निर्धारित प्रवेश शुल्क जमा कर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी टीम को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी, और टूर्नामेंट का कार्यक्रम सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

## भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा रैली

पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय सेना की वीरता और बलिदान को सम्मान देने हेतु बृहस्पतिवार को खीरी जनपद के जंग बहादुर गंज में विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विशाल हिन्दू वाहिनी संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। देशभक्ति के नारों और हाथों में लहराते तिरंगे के साथ गूंजता यह जनसैलाब, सेना के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पित था। बताया गया कि भारतीय सेना ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों को उनके ही सीमा क्षेत्र में घुसकर करारा जवाब दिया। यह सख्त कार्रवाई कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में आतंकियों द्वारा निर्दोष



नागरिकों की धर्म के आधार पर की गई निर्मम हत्या के जवाब में की गई। सेना ने इस ऑपरेशन में दुश्मन के कई सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिया, जिससे आतंक के आकाओं को कड़ा संदेश मिला। रैली का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, शौर्य और बलिदान को आमजन तक पहुंचाना था, ताकि युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना और भी प्रबल हो सके। कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष भारतलाल कुशवाहा ने की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव विमलेश कुमार, जिला प्रभारी जितेंद्र शुक्ला, जिला महासचिव धीर सिंह कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष मोहम्मदी गुड्डू अर्कवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, ब्लॉक उपाध्यक्ष सत्यांशु, ब्लॉक महासचिव सर्वेश कुमार सक्सेना, हरिओम कुशवाहा, मुकेश कुमार, पुष्पेंद्र सक्सेना, परविंदर कुशवाहा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक हमारे देश के वीर जवान सीमा पर डटे हुए हैं, तब तक भारत की अखंडता और स्वाभिमान अक्षुण्ण है। रैली का समापन राष्ट्रगान और भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ। स्थानीय नागरिकों ने भी इस रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे यह आयोजन और भी प्रभावशाली बन गया।

## सब्जी मंडी रोड पर नाले और फुटपाथ पर अतिक्रमण, नगर पालिका सख्त

- व्यापारियों को थमाए गए नोटिस
- एक सप्ताह में कब्जा हटाने का अल्टीमेटम, कार्रवाई की चेतावनी

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



शहर की प्रमुख सड़क खुटार रोड पर सब्जी मंडी रोड पर नाले और फुटपाथ पर लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण पर नगर पालिका परिषद ने अब सख्त रुख अपना लिया है। अवैध कब्जों से जूझ रही इस सड़क पर यातायात प्रभावित हो रहा था और पैदल चलने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया पर लोगों की शिकायतें वायरल होने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने मौके पर निरीक्षण कर कार्रवाई शुरू की है। नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा मौके का निरीक्षण करने पर पाया गया कि कई दुकानदारों ने नाले और फुटपाथ पर पक्का निर्माण कर लिया है और कुछ ने दुकान का सामान फैलाकर पूरी जगह घेर रखी है। इससे आमजन को सड़क पर चलने में असुविधा हो रही है, वहीं नालों की सफाई भी बाधित हो रही है। नगर पालिका परिषद ने अतिक्रमणकारियों को एक सप्ताह के भीतर कब्जा हटाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण न हटाने पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निर्माण ध्वस्त करना और जुर्माना वसूलना शामिल है।

### इन व्यापारियों को थमाया गया नोटिस

नगर पालिका परिषद द्वारा जिन व्यापारियों को नोटिस भेजा गया है, उनमें राकेश पुत्र राम किशन, बबलू पुत्र दिनेश, हरद्वारी लाल शाह, बिन्द्रा प्रसाद पुत्र मैकू लाल, ओम प्रकाश पुत्र मलखान, ईब्बन पुत्र जुम्मन, प्रेम पुत्र फकीरे लाल, सहीद पुत्र हलीम, साबिर पुत्र सफी, मुनेश पुत्र मंगली प्रसाद, और सतीश कटियार पुत्र गंगासरन के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी को भी सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शहर को सुचारू और स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी को सहयोग करना होगा।

### शहर की सड़कों पर अतिक्रमण आम समस्या

गौरतलब है कि गोला गोकर्णनाथ शहर की अन्य कई सड़कों और बाजारों में भी फुटपाथ व नालियों पर अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोग लंबे समय से प्रशासन से इस पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। नगर पालिका की इस पहल को जनता ने सराहा है और उम्मीद जताई है कि यह अभियान अन्य क्षेत्रों में भी जल्द चलेगा।

# सीएम योगी ने बज्रपात से हुई जनहानि पर जताया शोक

**▸ आंधी-बारिश, ओलावृष्टि, वज्रपात के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य के निर्देश**



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट और अम्बेडकरनगर जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस आपदा में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व बुधवार को अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी और बारिश प्रदेश भर में हुई। इस आंधी और बारिश में कई जिलों में आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला। चित्रकूट में आंधी, पानी ने भारी नुकसान पहुंचाया है। यहां पर मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत घुरेहटा गांव में रात में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घर के बाहर सो रहे रामबदन(32) पुत्र शिवभजन की मौत हो गई। वहीं जिले में 40 बिजली के खम्भे और करीब 30 पेड़ जगह-जगह गिर गए हैं। अधीक्षण अभियंता चित्रकूट विद्युत वितरण खण्ड आर के यादव ने बताया कि बिजली के पोल गिरने से करीब 50 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। प्रशासन और बिजली विभाग कार्रवाई में जुटा है। वहीं सड़कों आदि पर गिरे पेड़ों को पालिका स्तर पर हटवाने का कार्य किया जा रहा है। उधर, अम्बेडकरनगर के भियांव विकास खंड के ग्राम पंचायत कुसुमखोर में गुरुवार सुबह करीब 5 बजे आकाशीय बिजली गिरने से अजय उर्फ गुड्डू सिंह (46) की मौत हो गई। मृतक अजय अपने मवेशी बांधने गए थे। जैतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**आपदा प्रभावित जिलों में अधिकारी भ्रमण करें और राहत कार्य पर नजर रखें : योगी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत आसपास के कई जिलों में तेज बारिश हुई है। रात में आंधी पानी के साथ कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई।

# विपरीत मौसम में भी हो बेहतर विद्युत आपूर्ति : शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



**▸ आंधी-तूफान, बारिश एवं वज्रपात, पेड़ गिरने से प्रभावित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तत्काल हो दुरूस्त**

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया है कि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में आंधी-तूफान, बारिश एवं वज्रपात के कारण तथा पेड़ों के टूटकर गिरने से जहाँ पर भी विद्युत व्यवस्था एवं आपूर्ति प्रभावित हुई है, वहाँ युद्धस्तर पर लगकर कार्य करें और तत्काल व्यवस्था को सुधार कर आपूर्ति बहाल करें। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विगत दो दिनों से प्रदेश में कहीं न कहीं पर आंधी तूफान एवं बारिश के कारण विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई है और इससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। जहाँ कही पर भी परिस्थितिवस ऐसी समस्याएं उत्पन्न हुई है, वहाँ की विद्युत आपूर्ति संबंधी कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी विद्युत कर्मियों को सजग व सतर्क रहने के निर्देश दिये गये है।

विपरीत मौसम व परिस्थितियों में भी प्रदेशवासियों को बेहतर विद्युत आपूर्ति होती रहे। कार्मिक तत्परता से लगे हुए है। उपभोक्ताओं से भी ऐसी परिस्थितियों में सहयोग करने और संयम रखने की अपील है। 21 मई को प्रातःकाल तेज आंधी, तूफान एवं भारी बारिश के कारण लखीमपुर खीरी एवं सीतापुर जिले के कुछ क्षेत्रों में पेड़ों के गिरने से पोल व लाइन टूट गई और विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई। विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लगातार कार्य करते हुए विद्युत केंद्रों की सप्लाई दुरुस्त कर दी। लेकिन कल शाम से राज्य के कई हिस्सो में विद्युत व्यवस्था बाधित हुई है। चुनौतीपूर्ण कार्य को जल्द से जल्द ठीक करने और विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए विद्युत कार्मिक दिन-रात कार्यरत हैं।

## खबरें एक नजर में

### मलिहाबाद में घर में मिला बुजुर्ग महिला का शव, गले पर मिले चोट के निशान

**लखनऊ।** राजधानी के मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुजासा गांव में गुरुवार सुबह एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 75 वर्षीय विधा के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय गजराज की पत्नी थीं। घटना की जानकारी सबसे पहले मृतका के 16 वर्षीय पोते वंश को हुई। वंश सुबह करीब 11 बजे अपने बड़े दादा के घर से लौटकर आया तो उसने अपनी दादी को बेसुध अवस्था में पाया। जब उसने कई बार आवाज दी और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो वह घबरा गया और तुरंत परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही आस-पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए। विधा का बेटा करीब दो वर्ष पूर्व गुजर चुका था, जिसके बाद उनकी बहू भी उन्हें छोड़कर मायके चली गई थी। तब से विधा अपने पोते वंश के साथ ही रह रही थीं। मौत की सूचना पर मृतका की तीनों विवाहित बेटियां भी गांव पहुंचीं। बेटियों में से ममता ने दावा किया कि उनकी मां के गले पर संदिग्ध चोट के निशान हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि यह सामान्य मौत नहीं, बल्कि हत्या हो सकती है। मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि महिला के गले पर निशान पाए गए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हालांकि, परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 25 हजार का इनामी डकैत पकड़ा, किसान के घर डकैती के दौरान साथी को मारी थी गोली, गहने बरामद

**लखनऊ।** राजधानी में मोहनलालगंज और नगराम पुलिस की संयुक्त टीम ने 25 हजार रुपए के इनामी डकैत बुधऊ प्रधान उर्फ राजजीवन को गिरफ्तार किया है। आरोपी दो महीने से फरार चल रहा था। मोहनलालगंज के भेदुवा गांव में किसान गंगाराम के घर डकैती की कोशिश के दौरान आरोपी ने अपने ही साथी को गोली मार दी थी। इसके अलावा, आरोपी ने नगराम में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस इस गिरोह के 7 सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बुधऊ की गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर गौरा तिराहा थाना क्षेत्र मोहनलालगंज से उसे पकड़ा गया।आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस और गहनों से भरी एक लाल रंग की थैली बरामद हुई। एसीपी रजनीश वर्मा के अनुसार, गिरोह अपनी वारदात को अंजाम देने के लिए विशेष तरीके अपनाता था। वे मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते थे। घटनास्थल से 2 किमी पहले खेत में बाइक छिपाकर अंडरवियर-बनियान में वारदात करते थे। आरोपी शरीर पर तेल लगाकर और गमछा लपेटकर खेतों के रास्ते से जाते थे। सीसीटीवी से बचने के लिए सड़क का इस्तेमाल नहीं करते थे। वारदात से पहले घर के आसपास के रास्ते, पुलिस चौकी की दूरी और लोगों के सोने का समय भी देख लेते थे। गिरोह हमेशा अंधेरी रात में वारदात को अंजाम देता था।

### दूसरी बार महामंत्री चुने गये आशीष तिवारी

**लखनऊ।** विद्युत परिषद मुख्यालय कर्मचारी संघ के चुनाव में आशीष तिवारी को निर्विरोध महामंत्री के पद पर चुना गया है। श्री तिवारी दूसरी बार महामंत्री चुने गये हैं। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पद का चुनाव 27 मई 2025 को होना है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर रोहित वर्मा अतिरिक्त सचिव योगेश चन्द्र, संयुक्त मंत्री सौरभ श्रीवास्तव, संगठन मंत्री अक्षय कुमार, पाकालि0 संगठन मंत्री उत्पादन निगम शत्रुंजय मिश्र, प्रचार मंत्री रमेश चन्द, कोषाध्यक्ष मोहित रंजन, सदस्य कार्यकारिणी सौरभ कुमार, समीक्षा अधिकारी (संवर्ग) अंकित यादव अपर निजी सचिव, कौशलेन्द्र कुमार तिवारी सहायक समीक्षा, अधिकारी, महेन्द्र पाल विमल कम्प्यूटर सहायक एवं गणेश कुमार वाहन चालक सहित कुल 13 पद निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुआ है। उ0प्र0 पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों के मुख्यालय शक्ति भवन में इस एक मात्र संगठन में पहली बार इतने पदों पर निर्विरोध चयन हुआ है। इस कर्मचारी संघ में शक्ति भवन मुख्यालय पर कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसके सदस्य है। विद्युत क्षेत्र में इस संगठन का अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर बच्चा घायल

**लखनऊ।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के शहजादे पुर गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। बुधवार शाम को एक ट्रैक्टर की चपेट में आकर तीन वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चा गांव के सुनील का पुत्र दिव्यांश है। सुनील ईंट भट्ठों में ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाता है। परिजन घायल दिव्यांश को गोसाईंगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में भी बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, अभी तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### रालोद की ली सदस्यता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने आज पार्टी मुख्यालय पर कांग्रेस के नेता एवं श्रावस्ती की ग्राम पंचायत पतिझिया के प्रधान ओमप्रकाश सोनकर उर्फजुग्गीलाल एवं कांग्रेसी नेता नफीस अहमद को उनके साथियों सहित आज राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक एवं श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष राजकुमार ओझा मुख्य रूप से मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने के बाद इन लोगों ने भारत रत्न एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की नीतियों तथा पार्टी की विचारधारा को आगे बढाते हुये राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# जैव विविधता का संरक्षण आवश्यक : डॉ. अरूण सक्सेना

**▸ जैव विविधता हमारी सांस्कृतिक जड़ों को आधार प्रदान करता है**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर ''प्रकृति तथा सतत् विकास के साथ सामंजस्य'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन गुरूवार को मार्स ऑडिटोरियम, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य मंचासीन अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित %ग्रीन बजट% पुस्तक का विमोचन किया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन एवं जन्तु उद्यान डॉक्टर अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण आवश्यक है। धरती पर जीवन के समस्त रूपों को बनाए व बचाए रखने, वनस्पति व पशु पक्षियों की नस्लों में सुधार, स्थानीय समुदाय की औषधि, भोजन, वस्त्र व आजीविका सहित दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जैव विविधता का संरक्षण आवश्यक है।

डा. अरूण सक्सेना ने कहा कि जैव विविधता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जैव विविधता की सराहना के लिए हमें दैनिक जीवन के आस-पास उपलब्ध पेड़-पौधे, वन्यजीव, सूक्ष्म जीव तथा पर्यावरण को इस दृष्टिकोण से देखना होगा कि इनके बिना जीवन की परिकल्पना संभव नहीं है। एक ओर जैव विविधता हमारे जीवन की आवश्यकताओं जैसे खाद्य पदार्थ, प्रकाष्ठ, शुद्ध वायु, मृदा आदि की पूर्ति करता है, वहीं दूसरी ओर जैवविविधता हमें रोगों और प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करता है।

वन राज्य मंत्री के.पी.मलिक ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण के लिए व्यापक जन सहभागिता का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 22 मई, अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता पृथ्वी को मानव के लिए रहने योग्य बनाता है।

प्राकृतिक आपदाओं व बीमारियों से हमारी रक्षा करता है। इसके अलावा हमारी सांस्कृतिक जड़ों को आधार प्रदान करता है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष, सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव अनुराधा वेमुरी, सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, वरिष्ठ वनाधिकारी, विभिन्न लाइन डिपार्टमेण्ट्स- कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन, वन एवं वन्यजीव विभाग, पर्यावरण एवं पंचायती राज के अधिकारी, अनुसंधान संस्थान, विश्वविद्यालयों एवं जैव विविधता संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभाग किया।

# प्रमुख सचिव ने आठ आईएफएस अधिकारियों से भेंट कर दी साहित्य व प्रचार सामग्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने गुरूवार को मिशन मुख्यालय में मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश भ्रमण पर आए भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के आठ अधिकारियों से भेंट की। प्रमुख सचिव ने भेंट के दौरान सभी आईएफएस अधिकारियों को मिशन से संबंधित उपयोगी साहित्य एवं प्रचार सामग्री भेंट की।

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने राज्य कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी दी। विशेष सचिव अभिषेक सिंह एवं मिशन के अधिकारियों की ओर से प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रदेश में कौशल विकास के क्रियान्वयन, नवाचारों तथा युवाओं के सशक्तिकरण के लिए की जा रही पहलों को साझा किया। प्रमुख सचिव एवं विशेष सचिव ने आईएफएस अधिकारियों के साथ भावी रणनीतियों एवं संभावित समन्वय के अवसरों पर भी चर्चा की, जिससे पर्यावरणीय संरक्षण एवं सतत विकास के लक्ष्यों के साथ कौशल प्रशिक्षण को जोड़ा जा सके। इस अवसर पर मिशन के संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, इन्वेस्ट यूपी के महाप्रबंधक राजीव दीक्षित, कौशल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

# ठाकुरगंज क्षेत्र में निकाली गई शानदार तिरंगा यात्रा



**▸ बुलंद हौसलों के सफलता का जश्न मना रहा है देश का हर नागरिक**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

भाजपा नगर उत्तरी मंडल की ओर से गुरुवार को ठाकुरगंज क्षेत्र के मल्लाहीटोला व दौलतगंज में उत्तर मंडल एक अध्यक्ष दयाशंकर पाण्डेय के संयोजन में शानदार तिरंगा यात्रा निकाला गया।

तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महानगर महामंत्री रामअवतार कनौजिया व पार्षद उपविजेता दुर्गेश पाण्डेय शामिल हुए। पार्षद उपविजेता दुर्गेश पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष लोगों की धर्म पूछ कर किए गए निर्मम हत्या की जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना की ओर से चलाये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य का तिरंगा यात्रा जश्न है। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को नेश्त नाबूद कर दिया। देश का हर नागरिक बुलंद हौसलों के सफलता का जश्न मना रहा है। इस दौरान अनुराग श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता,नीरज यादव, अरविंद कशयप, पार्षद चंद्र बहादुर सिंह,पार्षद रानी कनौजिया, अनुपम श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

# 24 जून को हर जिले में भूख हड़ताल, सत्याग्रह कर रोष प्रकट करेंगे कर्मचारी शिक्षक

**▸ कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक में हुआ निर्णय**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




को लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर मोर्चा के पदाधिकारियों सहित कर्मचारी, शिक्षक समूह द्वारा भूख हड़ताल कर सत्याग्रह के माध्यम से लंबित समस्याओं के समाधान हेतु सरकार - शासन का ध्यानाकर्षण किया जाएगा। लखनऊ जनपद का कार्यक्रम बी एन सिंह प्रतिमा पर संपन्न होगा।

उक्त निर्णय आज नगर निगम कार्यालय में मोर्चे के अध्यक्ष वी पी मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक मे सर्वसम्मति से लिया गया।

बैठक में महासचिव शशि कुमार मिश्रा ने बताया कि 18 नवंबर 2024 को मुख्य सचिव के साथ हुई वार्ता की कार्यवृति जारी नहीं हुई और ना ही कोई कार्यवाही हुई, जिस पर रोष व्यक्त करते हुए 04 मार्च को माननीय मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को कार्यवृत्ति जारी कर मांगो के समाधान की मांग की गई । तदोपरांत 02 अप्रैल को मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव कार्मिक को पुनः स्मरण पत्र लिखकर ध्यानाकर्षण किया गया। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे कर्मचारियों में अत्यंत रोष व्याप्त है। इसी क्रम में आज की बैठक में सत्याग्रह का निर्णय लिया गया।

बैठक में मोर्चा के संयोजक सतीश कुमार पांडे, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत, महामंत्री अतुल मिश्रा, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री गिरीश मिश्रा, फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव, राजकीय निगम कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष मनोज मिश्रा, महामंत्री घनश्याम यादव, जवाहर भवन इंद्रा भवन कर्मचारी महासंघ के महामंत्री राम कुमार धानुक, मेडिकल कालेज कर्मचारी महासंघ उ प्र के अध्यक्ष विपिन त्यागी रिजवान अहमद, आशीष कुमार सिंह महामंत्री माध्यमिक शिक्षक संघ उ प्र, सतीश कुमार वर्मा, उपस्थित थे।

# गुडम्बा पुलिस की दोहरी सफलता, दो वाहन चोर, एक वारंटी गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

पूर्वी ज़ोन में डीसीपी शशांक सिंह के निर्देशन में अपराधियों पर कार्यवाही का सिलसिला लगातार जारी है। अपराध पर लगाम लगाने में इंस्पेक्टर प्रभातेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में गुडम्बा पुलिस लगातार कामयाब नज़र आ रही है। बुधवार को गुडम्बा पुलिस ने एक ही दिन में तीन सफलताएं हासिल करने के बाद गुरुवार को भी दोहरी सफ़लता हासिल की पहली सफलता हासिल करते हुए स्थानीय पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ़्तार कर लिया जिनकी पहचान आदर्श गौतम और मोहित विश्वकर्मा के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह शातिर क़िस्म के चोर हैं जो अपने भौतिक लाभ के लिए वाहन चोरी करते और कूटरचित नंबर प्लेट लगाकर बेच देते थे इनके अन्य 5 साथियों को पूर्व में गुडम्बा पुलिस द्वारा गिरफ़्तार कर जेल भेजा जा चुका है यह वांछित थे। वहीं दूसरी कामयाबी




हासिल करते हुए गुडम्बा पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेश के पालन में थाना जानकीपुरम लखनऊ से सम्बंधित वारंटी अभियुक्त शैलेष कुमार मौर्य को गिरफ़्तार कर लिया। गिरफ़्तार आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए गुडम्बा पुलिस ने न्यायालय भेज दिया।

### प्रेरणास्रोत है अहिल्याबाई होल्कर का जीवन : केशव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्यबने लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान में कहा, लोककल्याण,धर्म, नीति की प्रतिमूर्ति, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर नारी नेतृत्व, न्यायप्रियता एवं जनसेवा की अनुपम मिसाल थीं। अहिल्याबाई होल्कर का जीवन एक ऐसा आदर्श है, जो आज भी नेतृत्व, नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रेरणास्रोत है। अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन व सुकृत्यों से लोगों को हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी।

**पड़ताल** — शासन ने बनाये नोडल अफसर, चीफ सेक्रेटरी को सौपेंगे रिपोर्ट

# आईएएस अफसर फील्ड पर उतरकर परखेंगे विकास की जमीनी हकीकत

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**कल से शुरू हो जायेगी जिलों में छानबीन**

यूपी के आईएएस अधिकारी फिर फील्ड पर उतरेंगे। फील्ड कर उतरकर विकास की जमीनी हकीकत जानेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने जिलों के लिए आईएएस अफसरों को नोडल अफसर बनाकर धरातल पर योजनाओं की स्थिति और प्रशासनिक व्यवस्था की पड़ताल करेंगे।

यह आला अफसर 24 और 25 मई को प्रदेश भर के जिलों का निरीक्षण करने वाले हैं। सबसे खास बात यह है कि ये अफ्सर 50 करोड़ से अधिक की लागत की परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। इसके बाद 26 मई को नोडल अधिकारी मुख्य सचिव को अपनी पड़ताल रिपोर्ट सौपेंगे।

यह दौरान गोसेवा स्थल और जल योजनाओं का भी निरीक्षण किया जायेगा। मिली जानकारी के मुताबिक आईएएस अधिकारी ऋतु महेश्वरी लखनऊ के विकास कार्यों का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी गई है ।इसके अलावा डॉ रूपेश कुमार प्रयागराज, भवानी सिंह फतेहपुर, रविंद्र कुमार प्रतापगढ़ का निरीक्षण करेंगें।

आईएएस अफसर राम केवल कौशांबी तो विजय किरन आनंद वाराणसी का करेंगे निरीक्षण करन पहुंच रहे हैं ।अंकित कुमार अग्रवाल जौनपुर, गौरव वर्मा चंदौली का निरीक्षण करेंगे।

दिव्य प्रकाश गिरी गाजीपुर, प्रकाश बिंदु मिर्जापुर का निरीक्षण करेंगे। जयशंकर दुबे को सोनभद्र, कृष्ण कुमार गुप्ता को भदोही के निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

भूपेंद्र चौधरी आजमगढ़, शीलधर यादव बलिया का निरीक्षण करेंगे। वही ओम प्रकाश शर्मा मऊ, इंद्र विक्रम सिंह गोरखपुर, शिशिर देवरिया का निरीक्षण करने वाले हैं। अरविंद कुमार चौरसिया कुशीनगर, मनोज कुमार द्वितीय महाराजगंज का निरीक्षण करेंगे। सुधा वर्मा देखेंगी बस्ती तो संजीव सिंह संत कबीर नगर का हाल जानेंगे ।अभिषेक सिंह सिद्धार्थ नगर, मासूम अली सरवर गोंडा का निरीक्षण करेंगे ।कृतिका शर्मा बलरामपुर, गरिमा यादव श्रावस्ती का निरीक्षण करने वाली है। प्रेरणा शर्मा जायेंगी बहराइच तो आदर्श सिंह अयोध्या का निरीक्षण करने वाले हैं ।नेहा जैन अंबेडकर नगर और संदीप कौर बाराबंकी का निरीक्षण करेंगे ।सी इंदुमती सुल्तानपुर, वंदना वर्मा अमेठी का निरीक्षण करेंगी। बी चंद्रकला रायबरेली, चौत्रा वी हरदोई का निरीक्षण करेंगी। सेल्वा कुमारी उन्नाव, किंजल सिंह सीतापुर का निरीक्षण करने वाली हैं। माला श्रीवास्तव लखीमपुर, मुथुकुमार स्वामी कानपुर का निरीक्षण करेंगी ।कृतिका देवस्थान कानपुर देहात, कुणाल तेलुगू फर्रुखाबाद का निरीक्षण करेंगे। अमित कुमार सिंह इटावा, रणविजय यादव औरैया का निरीक्षण करेंगे। अर्चना वर्मा कन्नौज, प्रमोद कुमार उपाध्याय बांदा का निरीक्षण करेंगे।

राहुल सिंह महोबा, राजेंद्र सिंह द्वितीय हमीरपुर, धीरेंद्र सिंह सचान चित्रकूट, शेषनाथ अमरोहा, अवनीश कृष्णा मेरठ, हीरालाल यादव गाजियाबाद, मानवेंद्र सिंह हापुड़, साहब सिंह नोएडा, देवेंद्र कुमार पांडे बुलंदशहर, अवधेश कुमार तिवारी बागपत का निरीक्षण करेंगे। राजेश प्रकाश सहारनपुर, दुर्गेश कुमार त्यागी मुजफ्फरनगर, ाजेश कुमार त्यागी शामली, मारकंडे झांसी, राजकुमार प्रथम जालौन, सुनील कुमार ललितपुर, बृजेश नारायण सिंह आगरा, कुमार प्रशांत मथुरा का निरीक्षण करेंगे। अरुण प्रकाश फिरोजाबाद, टीके शिबू मैनपुरी, रमाकांत अलीगढ़, शेष मणि त्रिपाठी हाथरस जाएंगे देवेंद्र कुमार कुशवाहा एटा, रघुवीर कासगंज, राजेश कुमार द्वितीय बरेली, महेंद्र बहादुर सिंह बदायूं,भानु प्रताप त्रिपाठी पीलीभीत, रजनीश चंद्र शाहजहांपुर, वैभव श्रीवास्तव मुरादाबाद, चंद्रभूषण संभल, चंद्र विजय सिंह रामपुर और डॉ उज्जवल कुमार बिजनौर का निरीक्षण कर शासन को रिपोर्ट देंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने कामकाज की जमीनी हकीकत परखने के लिए यह कदम उठाया है।

### अहिल्याबाई होल्कर के नाम से जाना जाएगा मैनपुरी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने काफी समय से मैनपुरी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम बदलने की लम्बे समय से उठ रही मांग को मंजूर दे दी है। अब लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम से इसे जाना जाएगा। यह निर्णय लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर लिया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को मंत्री तकनीकी शिक्षा की ओर से निर्देशित किया गया है। मंत्री ने कहा कि शिक्षा, सुशासन और समाज सुधार के क्षेत्र में दिए अतुलनीय योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

# समाजवादी पार्टी के नेता विनय शंकर तिवारी को मिली जमानत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय शंकर तिवारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच बड़ी राहत दी है। दरअसल, बैंक लोन घोटाले के मामले में विनय शंकर तिवारी और अजीत पांडे को जमानत दे दी है। यह फैसला डबल बेंच द्वारा सुनवाया गया है। तिवारी की 72.08 करोड़ रुपये की संपत्तियों को ईडी ने नवंबर 2023 में जब्त कर दिया था। सपा नेता की कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेस लिमिटेड पर बैंकों के कंसोर्टियम का 1129.44 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप है। सीबीआई मुख्यालय ने बैंकों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया था। इसी के बाद ही ईडी ने भी विनय तिवारी समेत कंपनी के समस्त निदेशक, प्रमोटर और गारंटर के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। गौरतलब है कि विनय शंकर तिवारी को 7 अप्रैल 2025 को प्रवर्तन निदेशालय ने विनय शंकर तिवारी को बैंक लोन हड़पने के मामले में गिरफ्तार किया था। उसके बाद से पूर्व विधायक जेल में बंद थे। फ्लिहाल तिवारी को हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है।

# नेपाल के रास्ते भारत में घुसने की कोशिश में पाकिस्तानी



**35 से 37 पाकिस्तानी और बांग्लादेशी कर सकते हैं घुसपैठ**

42वीं बटालियन के कमांडेंट गंगा सिंह ने कहा पाकिस्तान और भारत के बीच स्थिति तनावपूर्ण है। इसलिए हमारे जवान किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए 24*7 सतर्क रहते हैं। हमें खुफिया जानकारी मिली है कि 35 से 37 लोग बांग्लादेश और पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत में घुसने की फिराक में है सुरक्षा बल सतर्क है। एसएसबी ने नेपाल सीमा पर गहन तलाशी अभियान शुरू किया है। संभावित खतरे को रोकने के लिए हाई अलर्ट जारी किया गया। सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। बहराइच जिले की करीब 100 किलोमीटर लंबी सीमा नेपाल से मिलती है इसका बड़ा हिस्सा जंगल से घिरा है।

- एसएसबी जवान जंगलों में कर रहे हैं कॉम्बिंग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान अब नेपाल के रास्ते संदिग्ध घुसपैठियों को भेज सकता है।यह बात खुफिया विभाग को पता चली है। इसके आधार पर जिले की भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल ने हाई अलर्ट जारी किया है।1700 से ज्यादा जवान तैनात किए गए हैं जो नेपाल सीमा से लगे जंगलों में काम्बिंग ऑपरेशन चला रहे हैं। पीलीभीत से महराजगंज तक जवान जंगलों में काम्बिंग कर रहे हैं। साथ ही सीमा पर भी एसएसबी ने संघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। नेपाल से आने वाले हर व्यक्ति की गहन जांच की जा रही है। खुफिया सूत्र बताते हैं कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से जुड़े आतंकवादी नेपाल के रास्ते भारत में एंट्री करने की योजना बना रहे हैं। यह साजिश ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में है इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया था। इसी के चलते पाकिस्तान अब खुली सीमा का फायदा उठाकर भारत में बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहा है।

# पुलिस पर लूट व मारपीट का केस दर्ज न करने का आरोप

- ग्रामीण ने मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारियों को भेजा पत्र
- दबंगों के भय से परिवार के पलायन का भी लगाया आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

घोसिनपुरवा गौर गांव निवासी एक ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर पुलिस पर लूट और मारपीट का केस दर्ज न करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पुलिस ने एक पक्षीय कार्रवाई की है। दबंगों के भय से परिवार के पलायन का भी आरोप लगाया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के घोसिनपुरवा गौर गांव निवासी फुरकान पुत्र रमजान ने



मुख्यमंत्री को शिकायती, डीजीपी, आईजी व डीआईजी को पत्र भेजा है। उनका कहना है कि कानपुर में जूस का व्यवसाय करता है। गांव में उसके छह भाई व उनकी पत्नियों के साथ वृद्ध मां रहती हैं। फुरकान का कहना है कि एक मार्च को विपक्षी मुबारक व इस्माइल के खेत में बकरी जाने पर विवाद शुरू हो गया। देर शाम को विवाद के दौरान मारपीट शुरू हो गई। जमकर हथियार चले। जिसमें इस्माइल पक्ष से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने फुरकान के साथ भाइयों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।

जबकि उसके यहां मवेशी, जेवरात समेत अन्य सामान की हुई लूट व उसके पक्ष के महिलाओं को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था। जिला अस्पताल में इलाज हुआ। थाने में तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। उसका कहना है कि मुबारक गांव का पूर्व प्रधान है। वह अपने राजनीतिक पहुंच के चलते पुलिस में कार्रवाई होने से रोक रहा है। ऐसे में परिवार की महिलाओं में भय है। सभी पलायन को मजबूर हैं।

## असहाय बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रहे प्रियेश मौर्य

**बहराइच। समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगापुर में गरीब बच्चों के लिए पहले एक गुरु है तो दूसरे तरह एक ऐसा मसीहा साबित हो रहे हैं। आप को बताते चले कि इस घोर कलयुग में एक ऐसा मसीहा भी है जो निस्वार्थ बच्चों को फ्री शिक्षा 14 वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं। जिले के तहसील मिहींपुरवा के चारों तरफ से घिरे जंगलों के एक गाँव गंगापुर मंडी के रहने वाले प्रियेश मौर्य अध्यापक ने बचपन काफी संघर्ष में गुजरा और बड़ी मुश्किल से पढ़ाई की उसके बाद 2012 में पहली बार अध्यापक बन एक स्कूल खोले उसके बाद उनके दिल और दिमाग में यही बात थी की जिस तरह की गरीबी और मुफलिसी में उनकी जिंदगी बीती है।

# गैर-इरादतन हत्या करने के दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

बीते दिनांक 11.05.2025 को वादी पृथ्वीनाथ तिवारी पुत्र रामप्रसाद तिवारी, निवासी ग्राम चमैनिया, थाना इटियाथोक द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि रात्रि लगभग 01:00 बजे उनके बड़े भाई चन्द्रशेखर तिवारी, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ थे, घर से निकलकर ग्राम अमराडीहा स्थित कृष्ण मोहन मिश्रा पुत्र अयोध्या प्रसाद मिश्रा के घर चले गए। इस पर आक्रोशित होकर विपक्षीगण द्वारा चन्द्रशेखर तिवारी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना इटियाथोक में चार नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। दिनांक 12.05.2025 को थाना इटियाथोक की टीम द्वारा अभियुक्त अनिल कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। शेष वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। आज दिनांक 22.05.2025 को थाना इटियाथोक पुलिस टीम द्वारा वांछित 02 अभियुक्तो 01. शेषनारायण मिश्रा, 02. ओमप्रकाश मिश्रा को करुआपारा पेट्रोलपंप के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।




## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वाधन में निकली तिरंगा यात्रा

**गोंडा समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद को हराएगा भारत के तत्वाधान में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के तरफ से हारीपुर स्थित एस सी पी एम कॉलेज से पोर्टर गंज तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री शिव भूषण सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, डॉ ओ. एन .पाण्डेय, डॉ अलका पाण्डेय, अजिताभ दुबे,धीरज दुबे ,भाजपा जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ अनिल कुमार, भाजपा जिला मंत्री विनय शर्मा,जिला महामंत्री विनीत सिंह सहित भारी संख्या में नर्सिंग कॉलेज के छात्र एवं नर्सिंग होम फार्मासिस्ट करने वाले छात्र छात्राएं तिरंगा यात्रा में मौजूद रहे।

# पयागपुर में ज़मीनी विवाद बना खूनी संग्राम का कारण, नौ लोग घायल

**दो गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर, गांव में तनाव का माहौल**

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत कल्हवापुर गांव में ज़मीनी विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ झगड़ा इस कदर बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों पक्षों के कुल 9 लोग घायल हो गए। हिंसा के दौरान एक युवक को सिर में गंभीर चोट आई जबकि दूसरे का हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सभी घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने दो घायलों को मेडिकल कॉलेज



बहराइच रेफर कर दिया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। प्रशासन की चौकसी बढ़ी, ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील।

## खबरें एक नजर में

### खनन में लगा मड लोडर व ट्रैक्टर-ट्राली सीज



**बहराइच, समृद्धि न्यूज!** इलाके की पुलिस ने बुधवार रात को खनन स्थल पर दबिश देकर मड लोडर व ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया है। पयागपुर इलाके के विभिन्न गांवों में मिट्टी व बालू खनन धड़ल्ले से हो रही है। इसको लेकर थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने पुलिस टीम को सतर्कता बरतने के निर्देश दिया। थानाध्यक्ष के निर्देश बुधवार रात में खुटेहना चौकी इंचार्ज ने पुलिस टीम के साथ बहराइच-गोंडा मार्ग पर दबिश दी। छापेमारी कर पुलिस ने मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली व खुदाई करने वाले मड लोडर को पकड़ लिया। इसके बाद थाने लाकर दोनों वाहन को सीज कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चालकों से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद केस दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

### सेवानिवृत्ति रेल कर्मचारी के जमीन पर भू माफिया कर रहे कब्जा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** रेलवे विभाग से सेवानिवृत्ति कर्मचारी समरेंद्र कुमार मिश्रा पुत्र जगदीश प्रसाद मिश्रा निवासी न्यू मानक नगर ढैया खैरा निकट बाबू ब्लखंडी प्रसाद मार्ग होता स्कूल आरडीएसओ लखनऊ का है। रेलवे में नौकरी के दौरान 19 जनवरी 2006 को भूमि गाटा संख्या 3307 मौजा गिर्द गोंडा रघुकुल नगर आई टी आई रोड पर जमीन गरीबुल्ला पुत्र शफी उल्ला से लिया था बीते 7 मई को उस के मोबाइल नंबर पर फोन आया कि उक्त जमीन को मेरे हाथ बेच दो नहीं तो उस जमीन को हम लोग कब्जा कर लेगे दुबारा 8 मई को फिर फोन आया और जमीन कब्जा करने की बात कही। जब हम अपने जमीन पर गए तो देखा कि जमीन पर घिरी चाहर दिवारी को तोड़ कर समतल कर लिया और निकासी वाले रस्ते पर पक्की दीवार खड़ी कर के हैंड पंप लगा दिया। जमीन कब्जा करने की तहरीर नगर कोतवाली में दी गई है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि जमीन कब्जा करने की तहरीर मिली है जिस की जांच करा के कारवाही की जाएगी।

### परचून की दुकान में लगी आग, बीस लाख का नुकसान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** कटिलिया में स्थित परचून की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसकी जानकारी गुरुवार तड़के हुई। ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग लगने से आसपास के लोगों में दहशत रही। अग्निकांड में लाखों के नुकसान का अनुमान है। राजस्वकर्मियों ने मौके का मुआयना किया है।श्रावस्ती जिले के सुबरातीपुरवा निवासी मो. मुबीन खान की रिसिया इलाके के मिर्जापुर मार्ग कटिलिया चौराहे पर मोहम्मद मोबीन खान की वर्षो से परचून की दुकान का संचालन होता है। परचून की दुकान पर थोक व फुटकर सामान की बिक्री होती है। क्षेत्र की सबसे बड़ी दुकान भी है। प्रतिदिन की तरह बुधवार रात वह दुकान बंद कर घर चले गए। गुरुवार तड़के दुकान में अज्ञात कारणों से आग लगने की जानकारी हुई। आसपास के लोगों ने दुकान के अंदर से धुंआ उठता देख सूचना दुकान मालिक व पुलिस को दी। आसपास को लोगो ने दुकान का शटर तोड़कर कड़ी मशक्कत कर आग बुझाया, लेकिन तब तक सब कुछ राख हो चुका था। दुकान मालिक मोबीन ने बताया कि लगभग बीस लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

# भाजपा विधायक समेत हजारों लोगों ने लगाएं देशभक्ति के नारे

- महसी विधानसभा में निकली तिरंगा यात्रा, जवानों को किया नमन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के महसी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने किया। तिरंगा यात्रा तहसील मुख्यालय से शुरू होकर महाराजगंज गोसाईनपुरवा होते हुए शहीद स्मारक तक पहुंची। यात्रा में शामिल हजारों लोगों ने भारत माता की जय और भारतीय सेना की जय के नारे लगाए।




विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने सेना के वीर जवानों को नमन किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि महसी अखंड प्रताप सिंह, रमाकर पांडे, रामनिवास जायसवाल, राकेश वर्मा, अरूणेन्द्र सिंह और प्रमोद पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अनाधिकृत स्थान पर चल रही अवैध शराब की दुकान हटाई गई

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

**समृद्धि न्यूज़ की खबर का हुआ दमदार असर**

नगर पंचायत पयागपुर में महीनों से गलत स्थान पर संचालित हो रही अंग्रेजी शराब की दुकान को लेकर 20 मई को हिंदी दैनिक समृद्धि न्यूज़ ने खबर प्रकाशित किया। प्रशासन जागा और जिसके बाद खबर का असर स्पष्ट रूप से देखने को मिला। स्थानीय जनता और जनप्रतिनिधियों की लगातार शिकायतों तथा मीडिया में उठे सवालों के बाद आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रूकनापुर वार्ड नंबर 03 में चलाई जा रही शराब दुकान को हटा दिया है। गौरतलब है कि यह दुकान भूपगंज बाजार के नाम पर स्वीकृत थी, लेकिन उसे नियमों को ताक पर रखकर एक ऐसे स्थान पर संचालित किया जा रहा था जो न केवल गलत वार्ड में आता था, बल्कि राज्य राजमार्ग से कटा हुआ और असुरक्षित भी था। नगर पंचायत की जांच रिपोर्ट और सिफारिशों के बावजूद पहले तक विभाग की चुप्पी पर सवाल उठ रहे थे। अब जब विभाग ने उक्त दुकान को हटाने की पुष्टि कर दी है, स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है और इसे जनआवाज की जीत बताया है। हालांकि लोग यह भी चाहते हैं कि भविष्य में ऐसी अनियमितताएं न दोहराई जाएं और जवाबदेही तय हो। यह मामला एक उदाहरण बन गया है कि जब जनता संगठित होकर आवाज़ उठाती है, तो प्रशासन को भी कार्रवाई करनी पड़ती है।

## भाकियू लोक शक्ति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति अल्पसंख्यक दिनांक 22.05.2025 को बृहस्पतिवार को समय 11:30 बजे कायमगंज तहसील परिसर में पहुँचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह को सौंपा। जिसमें कहा है कि एस0एन0एम0 इंटर कालेज ग्राउन्ड पर चल रही प्रदर्शनी में 5 किलोवाट के कनेक्शन पर थ्री फेस का कनेक्शन चालू पाया गया जिसको विद्युत विभाग ने पकडा, इस पर अभी तक क्या कार्यवाही की गई। कस्बा कायमगंज में विद्युत आने जाने का कोई समय नही है। जिससे भीषण गर्मी के कारण जनता परेशान होती है। कस्बा कायमगंज में प्राइवेट स्कूलों में निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें पढ़ाई जा रही हैं जिसमे स्कूलों का भारी कमीशन होता है और प्रति वर्ष एडमीशन फीस व माह वार फीस अधिक वसूली जा रही है जिसका असर अभिवावकों पर काफी पड़ता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष कायम अली, रागिब हुसैन खाँ, मुनेश कुमार, अतीक अहमद, सुरजीत पाल, नजमुद्दीन, राजकुमार, अर्जेश कुमार, इजहारुद्दीन, असलम खान, नितिन शर्मा एडवोकेट, शफीक अहमद एडवोकेट, मोहम्मद खुशहाल खां एडवोकेट, अजीमुद्दीन, छोटे खान, रफीक, मंजूर, अब्बा, जावेद क़ादरी, नीलू, गुड्डू भाई, जुल्फिकार खान, वारिस खान, सलमान, नूर खान, राजपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई दिशा की बैठक



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिला पंचायत सभागार में सांसद गोण्डा/ केन्द्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद कैसरगंज/सह-अध्यक्ष करण भूषण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पाण्डेय, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, एमएलसी गोण्डा/बलरामपुर अवधेश कुमार सिंह ऊर्फ मंजू सिंह, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## नाबालिक साली को भगा ले गया जीजा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने तहरीर दिया कि उस का दामाद राजू पुत्र देवी प्रसाद उस की छोटी बेटी जिस की उम्र 13वर्ष है उस को भगा ले गया। उस ने तहरीर में कहा है कि वह घर पर आया और रुका हुआ था।

घर वाले दामाद समझ कर विश्वास कर रहे थे। घुमाने के बहाने उस की बेटी को घर से लेकर गया था। देर शाम तक घर नहीं आया। मोबाइल पर फोन मिलाने के बाद भी फोन नहीं मिला। बाद में जानकारी हुई कि उस को भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा लिखा जा रहा है।

# बीडीओ ने आईजीआरएस के निस्तारित शिकायतों का किया स्थलीय सत्यापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी के निर्देश पर आईजीआरएस के तहत निस्तारित शिकायतों का गुरुवार को बीडीओ संदीप कुमार ने क्रास चेकिंग की। जांच में अधिकतर शिकायतों का निस्तारण सही पाया गया। आईजीआरएस पोर्टल पर निस्तारित शिकायतों मे कुछ शिकायतों का निस्तारण सही तरीके से नहीं किया गया था।

उसकी पुनः रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया है।कैसरगंज के बीडीओ संदीप कुमार ने ब्लाक के ग्राम नकौड़ा निवासी अशोक कुमार



शुक्ला, ग्राम गुलरिया गाजीपुर निवासी प्रीति केसरी, ग्राम पंचायत भखरौली कनपुरवा निवासी आरती वर्मा व रूपचंद निवासी महोली की शिकायतों के निस्तारण का स्थलीय सत्यापन किया। जिसमें सभी निस्तारण सही पाए गए। बीडीओ ने जांच अधिकारी व ग्राम सचिवों को निर्देशित किया कि यदि निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस मौके एडीओ आईएसबी सुनील कुमार नन्दा, जेई सुरेश गौतम आदि मौजूद रहे।

# जिले मे 10 दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की तरफ से भारतेंदु नाट्य अकादमी एवं जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान बहराइच के द्वारा एवं सेठ एम आर जयपुरिया के सहयोग से जनपद में 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुरू किया गया है । जिसका उद्देश्य बच्चों में शिक्षा में रंगमंच का क्या महत्व है उसके बारे में जानकारी देना है।लोककला एवं लोक गीतों का क्या महत्व है इस विषय पर इस कार्यशाला का आयोजन किया गए है। संस्कृति विभाग के द्वारा ऐसे कई प्रकार के आयोजन पहले भी जनपद में होते है। कार्यशाला का उद्देश्य बहुत ही सुंदर है बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यशाला बहुत ही उपयोगी सिद्ध साबित होती है। कार्यशाला में लगभग 25 से 30 बच्चों में भाग किया है एवं इसके माध्यम से बच्चे संगीत के विभिन्न प्रकार की जानकारी उनको दी जाएगी।कार्यशाला के प्रशिक्षक एवं संस्था के अध्यक्ष जसवीर सिंह ने बताया कि बच्चों में कार्यशाला को लेकर काफी रुचि देखने को मिल रही है। संगीत के सभी आयामों की जानकारी के साथ साथ लोक गीत पे आधारित इस कार्यशाला में बच्चे बहुत ही मन लगा के आ रहे है। संगीत विषय को आज बहुत ही विस्तारित रूप से जिस प्रकार संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश कार्य कर रहा है वो काफी सराहनीय है। ऐसे में बच्चों को अपने पढ़ाई के साथ साथ संगीत को किस तरह से अपने जीवन में सीखना है और संगीत कितना पढ़ाई में बच्चों को सहायता करता है ये जानकारी भी आजकल बच्चों को जानना बहुत जरूरी है। इस तरह की कार्यशाला से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कार्यशाला में सहयोग करने के लिए सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल के प्रबंधन पंकज अग्रवाल, प्रिंसिपल अनीता सक्सेना , एवं संगीत अध्यापक रितिका मिश्रा का सहयोग भी काफी सराहनीय है।

# मोतीपुर सीएचसी में आशाओं को मिला परिवार नियोजन का प्रशिक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मोतीपुर में गुरुवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. थानेदार की अध्यक्षता में परिवार नियोजन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया व मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें दर्जनों आशा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पॉपुलेशन फाउंडेशन की प्रतिनिधि डॉ. सफिया जमीर और राम बरन यादव ने परिवार नियोजन के महत्व, वर्तमान परिदृश्य और ÷बास्केट ऑफ चॉइस÷ यानी विकल्पों की टोकरी में उपलब्ध स्थायी और अस्थायी दोनों प्रकार के



साधनों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्थायी साधनों में पुरुष नसबंदी और महिला नसबंदी शामिल हैं, जो उन दंपतियों के लिए उपयुक्त हैं जो अब संतान नहीं चाहते। अस्थायी साधनों में महिलाओं के लिए माला-एन दैनिक गोली और छाया साप्ताहिक गोली उपलब्ध हैं। पुरुषों के लिए कंडोम न सिर्फ गर्भ से बचाता है, बल्कि यौन संक्रामक रोगों से भी सुरक्षा देता है। महिलाओं के लिए कॉपर-टी एक दीर्घकालिक विकल्प है, जो कई वर्षों तक असरदार रहता है, जबकि अंतरा इंजेक्शन हर तीन महीने में लगाया जाने वाला सुरक्षित उपाय है। प्रशिक्षक व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जुगुल किशोर चौबे व बीसीपीएम अजय कुमार यादव ने कहा, ÷बार-बार गर्भधारण से महिला के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। पर्याप्त अंतराल

- 390 आशाएं, 18 संगिनी और 69 एएनएम का सफलतापूर्वक हो चुका है प्रशिक्षण

से शिशु जन्म लेने पर न सिर्फ नवजात का स्वास्थ्य बेहतर होता है बल्कि माँ का पोषण और हीमोग्लोबिन भी ठीक बना रहता है। डॉ. थानेदार ने आशाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि परिवार नियोजन साधनों का सही समय पर और सही तरीके से उपयोग करने से न केवल अनचाहे गर्भधारण को रोका जा सकता है, बल्कि मातृत्व स्वास्थ्य में भी महत्वपूर्ण सुधार किया जा सकता है। इससे महिलाओं को अपने शरीर को पुनः स्वस्थ करने का समय मिलता है, एनीमिया और कुपोषण जैसी समस्याओं से राहत मिलती है, और नवजात शिशुओं को बेहतर पोषण और देखभाल मिल पाती है। उन्होंने कहा परिवार नियोजन की जानकारी और परामर्श को घर-घर तक पहुँचाना बेहद जरूरी है, ताकि दंपतियों को योजनाबद्ध और सुरक्षित मातृत्व का विकल्प मिल सके। उन्होंने विशेष तौर पर पुरुष सहभागिता पर बल देते हुए कहा कि जब पुरुष जिम्मेदारी साझा करते हैं, तो परिवार और समाज दोनों स्वस्थ बनते हैं। डॉ. सफिया जमीर ने बताया कि जनपद में आशाओं और एएनएम को बैचवार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक मिहींपुरवा ब्लॉक में 390 आशाएं, 18 संगिनी और 69 एएनएम का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण हो चुका है।

# पुलिस व गो तस्करों में मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली, घायल

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

तूफानी रात में पुलिस और गो तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में दो तस्करों के पैर में गोली लगी है। दोनों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे स्थित तालाब के पास तस्करों द्वारा गो हत्या की जा रही है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।





पुलिस को देखते ही दोनों तस्करों ने जान से मारने की नीयत से टीम पर फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास करने लगे।इस पर टीम द्वारा घेराबंदी कर जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें दोनों तस्करों के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार किए गए दोनों तस्करों की पहचान महराजगंज निवासी शाहबान और कस्बे के अस्तानगर निवासी दिलशाद के रुप में हुई है। आरोपियों के पास मवेशी काटने के औजार और तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। कोतवाली शिव शंकर सिंह का कहना है कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई से दोनों तस्कर घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी सलोन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर मिले गोवंश को गोशाला भेजा गया है।

## आवेदकों का साक्षात्कार 24 मई को

**रायबरेली।** उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद विशेष उत्पाद हेतु चिन्हित काष्ठ कला (वुड वर्क) उत्पाद से सम्बन्धित सामान्य तकनीकी प्रशिक्षण, क्राफ्ट की बेसिक एवं एडवांस्ड ट्रेनिंग सम्पादित कराया जाना है। यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता बिन्दुओं में से एक है जिसमें प्रशिक्षार्थियों को 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिलाये जाने हेतु लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसके ऑन-लाइन आवेदनपत्र प्राप्त करने हेतु प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई थी। उन्होंने कहा कि इससे सम्बन्धित आवेदकों का साक्षात्कार शासन द्वारा गठित समिति द्वारा 24 मई 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, रायबरेली में किया जायेगा। उन्होंने सभी आवेदकों को सूचित किया है कि अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

# बेटे के जन्म पर खुशी मना रहे पिता की करंट की चपेट में आने से मौत, छाया मातम

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जब बेटे के जन्म की रिश्तेदारों के साथ खुशी मना रहा पिता अचानक टुल्लू पंप ठीक करने के चक्कर में उतर रहे करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना बुधवार रात्रि 9:00 के आसपास की है। जिसकी जानकारी बृहस्पतिवार सुबह 8:00 के आसपास क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जानकारी प्राप्त हुई है थाना क्षेत्र शिवगढ़ के ग्राम चितवनिया में संदीप कुमार साहू पुत्र रामविलास साहू उम्र 26 वर्ष जिनकी पत्नी पूजा ने 20 मई मंगलवार को स्थानीय सीएचसी में बगैर किसी ऑपरेशन के पहले पुत्र को जन्म दिया। 21 मई को अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद पत्नी और बच्चे के साथ संदीप अपने घर पहुंचा और अपने परिवार तथा रिश्तेदार व मोहल्ले वासियों के साथ नवजात पुत्र के जन्म की खुशी मना रहा था। आस पड़ोस की महिलाएं व आए हुए रिश्तेदार सभी लोग बधाई गीत गाकर जश्न मना रहे थे। उधर संदीप घर में पहला पुत्र होने की खुशी में पटाखे गोली आदि दगाये गए व मिठाई बंटवाई जा रही थी। पूरा परिवार खुशी से आनंदित था। आए हुए मेहमान तथा आसपास के लोगों को भोजन आदि कराने के बाद संदीप जैसे ही बाथरूम में लगे हुए टूल्लू पंप की मशीन को चलाकर हाथ पैर धोने के लिए गया। तभी टुल्लू पंप में उतर रहे करंट की चपेट में आ गया। और युवक संदीप बाथरूम के अंदर ही झुलस कर उसकी मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तथा चीख पुकार मच गई। समूचा गांव में घटना की जानकारी होते ही लोगों के द्वारा संदीप को देखने के लिए, भगदड़ मच गई। इस हृदय विदारक हादसे की खबर सुनकर गांव में मातम छा गया। गुरुवार को सुबह होते ही हजारों की संख्या में आसपास के गांव से लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचने लगे। परिजन के द्वारा पोस्टमार्टम न कराने का फैसला लेते हुए मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। घटना के बारे में थाना अध्यक्ष विंध्य विनय ने बताया है कि मामला संज्ञान में नहीं आया है।

## खबरें एक नजर में


### धमकाने और अवैध वसूली का लगाया आरोप

**डलमऊ, रायबरेली।** दबंगई के बल पर दबंगों द्वारा दलित परिवारों को डराया धमकाया और उनसे अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है दर्जनों पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को शिकायती पत्र दे कर मामले में जांच पड़ताल कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। गुरुवार को डलमऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटघर गांव के रहने वाले दर्जनों लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए विनीत कुमार नाम के युवक ने बताया कि वह दलित समाज से है जिनको गांव के ही दबंगों द्वारा डराया धमकाया जाता है और उनका उत्पीड़न किया जाता है तथा रु.50000 की अवैध मांग की जाती है जिसको लेकर मांगे पूरी न करने पर मारपीट करते हैं। मामले की शिकायत संबंधित थाना में की गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है पीड़ितों ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। और जान माल की रक्षा की भी गुहार लगाई है।

### युवती ने खाई चूहा मार दवा, हालत गंभीर

**महराजगंज, रायबरेली।** युवती ने खाई चूहा मार दवा हालत गंभीर कुंती पुत्री किरसन उम्र 21 वर्ष निवासी कोडरी मंज़रे मोन ने किसी बात को लेकर चूहा मार दवाई खा ली जिससे युवती की हालत बिगड़ने लगी आनन-फनान परिजनों ने कुंती को महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला रेफर कर दिया।

### बिजली के तारों में फंसकर रोज मर रहे हैं पक्षी, ग्रामीणों ने जताई चिंता



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** अचलपुर चौधरी विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जखौली के पंडित डीह में हाई टेंशन लाइन का क्लैंप टूट जाने से बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। टूटे हुए क्लैंप के कारण बिजली के तारों के बीच की दूरी काफी कम हो गई है, जिससे रोजाना पक्षी करंट की चपेट में आकर मर रहे हैं। स्थानीय निवासी ई.हिमांशु ओझा, सुमित, अरुण, पंकज, विनय, रमेश चंद्र और सलमान, इजहार मालिक सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या अब गंभीर रूप धारण कर चुकी है। तारों की कम दूरी न केवल पक्षियों के लिए जानलेवा साबित हो रही है, बल्कि इससे बार-बार फ्यूज उड़ने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि टूटे क्लैंप की मरम्मत कर दी जाए और तारों की दूरी मानक के अनुसार कर दी जाए, तो यह समस्या दूर हो सकती है। इससे न केवल पक्षियों की जान बचेगी, बल्कि क्षेत्र को सुचारु बिजली आपूर्ति भी मिलेगी। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र क्लैंप लगाए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी भी दी है कि अगर शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे। इस संबंध में एसडीओ रेहराबाजार वेद प्रकाश ने बताया कि भौतिक सत्यापन के बाद जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

### जन शिकायतों से सम्बंधित आईजीआरएस (जनसुनवाई) पोर्टल की जिलाधिकारी ने की गहन समीक्षा

**महोबा।** जिलाधिकारी महोबा गजल भारद्वाज द्वारा जनशिकायतों से सम्बंधित IGRS (जनसुनवाई) पोर्टल के संबंध में समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर गहन समीक्षा की गई। डीएम द्वारा पोर्टल पर जनपद की पूर्व स्थिति व वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए रैंकिंग के निर्धारित 11 मूल्यांकन बिंदुओं पर विभाग/अधिकारी वार जानकारी ली गई। बैठक के दौरान जन शिकायतों का समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने वाले अधिकारियों से जवाब तलब कर निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन प्रातः कार्यालय में पहुंचकर जनसुनवाई करे। साथ ही IGRS पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर संतुष्टि के आधार पर नियमानुसार निस्तारण कराया जाए। यदि कार्रवाई में मौके पर जाने की आवश्यकता है तो स्थलीय निरीक्षण कर गवाहों के हस्ताक्षर,फोटोग्राफ सहित आख्या लगाई जाए।समीक्षा में शिकायतों का समय से,गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने तथा खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों को चेतावनी जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी(वि/रा) राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पत्थरों की खदान को नियम विरुद्ध चलाये जाने पर एनजीटी ने जारी किया नोटिस

**महोबा।** जिले के ग्राम पहरा में गाटा संख्या 1939 में खनन कर रही 2 खदान, धनराज सिंह एवं जनमेजय सिंह की खदाने नियम विरुद्ध खनन कर रही है। नियम विरुद्ध खनन का संज्ञान पर्यावरणवेत्ता डॉ रूपेंद्र सिंह ने लिया तथा एनजीटी में केस फाइल किया जिसकी पैरवी सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता महोबा निवासी सीमा पटनाहा सिंह ने की । खनन करने के लिए खनिज विभाग कुछ मानक, नियम एवं शर्तों पर खनन करने की अनुमति देता है जिसमे से नियम 2 में खनन पहाड़ो में बेंच बनाते हुए होना चाहिए जिससे स्थिरता बनी रहे, लेकिन इन खदानों में कोई बेंच नहीं बनाई गई, सीधा खनन किया गया जिस से पहाड़ से कभी भी बड़ा पत्थर गिरने एवं पहाड़ के धसने से दुर्घटना हो सकती है जिस से कार्यरत मजदूर दुर्घटना के शिकार हो सकते है, ज्ञात हो कि कुछ समय पहले मैसर्स धनराज सिंह की खदान में खनन करते हुए दुर्घटना में कुछ मजदूरों की मौत हो गई थी । ट्रकों के अनियंत्रित चलने से पहरा गांव में धूल और पत्थरों से प्रदूषण हो रहा है। नियमतः खनन रिहायशी इलाके से कम से कम 200 मीटर की दूरी पर होना चाहिए लेकिन यह खदाने 50 मीटर की दूरी पर खनन कर रही है जिस से ब्लास्टिंग करने से घरों में दरारे आ गई है। जिस पर एनजीटी ने कार्यवाही करते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा सभी विभागों एवं पार्टियो को नोटिस जारी किया है तथा 24 सितम्बर 2025 से एक सप्ताह पहले अपनी रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया है ।

# ट्रक की साइड लगने से गिट्टी लदा टेलर पलटा

**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज इन्हौना मार्ग पर औसेरी के पूरवा के आगे पासिन की बगिया के पास गिट्टी लोड टेलर को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में साइड मार दी, जिससे गिट्टी भरा टेलर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में जाकर पलट गया। घटना में ड्राइवर के सिर पर गहरी चोट आई है। क्लीनर की मदद से उसे महराजगंज के एक निजी डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। आपको बता दें कि, घायल ड्राइवर राज नारायण पुत्र जग प्रसाद निवासी मोहिद्दीनपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी, महोबा के कबरई से 65 एमएम गिट्टी टेलर पर लोड करके आ रहे थे, तभी महराजगंज इन्हौना रोड पर स्थित पासिन की बगिया के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में साइड मार दी, जिससे टेलर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में जाकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर ड्राइवर को गंभीर चोटें आई हैं। क्लीनर घनश्याम यादव निवासी पता उपयुक्त ने फौरन घायल ड्राइवर को लेकर महराजगंज कस्बे में एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां उनका इलाज किया गया। घटना आज सुबह लगभग 7:00 की है, गनीमत यह रही कि सभी बाल बाल बच गए, किसी की जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि, अगर तहरीर मिली तो टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करी जाएगी।

# आंधी-तूफान में पड़ोसी के घर में पीड़िता का छप्पर गिरना पड़ा पीड़िता को भारी

- पड़ोसी ने पीड़िता को लात घूसों से मारपीट कर किया घायल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी अंतर्गत गरीब का पुरवा मजरे राघवपुर गांव में बीती रात आए आधी, तूफान व बारिश में पीड़िता के घर का छप्पर उड़कर पड़ोसी के घर में गिरने के बाद पड़ोसी ने पीड़िता महिला की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके बाद पुलिस के द्वारा उसका मेडिकल व इलाज अस्पताल में कराया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की सुमन पत्नी रामकेश ने स्थानीय थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बीती रात आए आधी, तूफान व बारिश में उसका छप्पर पड़ोसी राम दयाल पुत्र अज्ञात निवासी उपरोक्त के घर में गिर गया जिससे पड़ोसी आग बबूला हो गया और उसने पीड़िता महिला की जमकर धुनाई कर दी। साथ ही साथ उसने यह भी बताया कि पड़ोसी ने उसे लात घुसो से तो मारा ही साथ ही साथ उसके वह उसके पारिवारिक जनों को भद्दी भद्दी गलियां भी दी। जिसकी शिकायत उसने प्रार्थना पत्र के माध्यम से स्थानीय थाने में दर्ज कराई है। जिसके पश्चात पुलिस के द्वारा घायल महिला का इलाज व मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में कराया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि घटना के तहरीर प्राप्त हुई है। घायल का इलाज व मेडिकल कराकर आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

## पड़ोसी की जर्जर दीवार गिरने से बर्तन धो रही महिला दबकर हुई गंभीर घायल

**बछरावां, रायबरेली।** देर रात भारी बारिश व तूफान के चलते सुबह पहले से जर्जर दीवार बर्तन धो रही महिला के ऊपर गिर गई, जिसके नीचे महिला दबकर घायल हो गई जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बृहस्पतिवार सुबह 7 बजे विकास क्षेत्र बछरावा के ग्राम भवानी खेड़ा मजरे हसवा में घर के अंदर बर्तन धो रही एक महिला के ऊपर पड़ोसी की जर्जर दीवार गिरने से नीचे दबकर महिला घायल हो गई। महिला के परिजन एवं आस पड़ोस के लोगों के द्वारा दबी हुई महिला को कड़ी मशक्कत करने के बाद बाहर निकाला गया। और एंबुलेंस की सहायता से उसे बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी प्राप्त हुई है पिंका पत्नी मुनेश जो अपने मायके में रह रही थी। पड़ोस में ही रहने वाले राम प्रताप पुत्र रामस्वरूप के घर की दीवार बनी है। जो दीवार काफी दिनों से जर्जर है। देर रात क्षेत्र में भयंकर बारिश व तूफान आने की वजह से दीवार और भी क्षतिग्रस्त हो गई। सुबह घर के अंदर महिला पिंका बर्तन धो रही थी, तभी उसके ऊपर दीवार अचानक भर भरा कर गिरने लगी जब तक वह कुछ समझ पाती तब तक दीवार के ईटों के नीचे दब गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे। जिनके द्वारा कड़ी मशक्कत करने के बाद दबी हुई महिला को बाहर निकाला गया। और उसे अस्पताल पहुंचाया गया है।

# पति समेत अन्य लोगों पर दहेज की खातिर बेटी की हत्या करने का आरोप

- चेहरे और गले में मिले चोट के निशान

**रायबरेली।** एसपी आवास के पास भुंदल गेस्ट हाऊस में बुधवार रात एक विवाहिता की हत्या कर दी गई। चेहरे और गले पर चोट के निशान पाए गए। मायका पक्ष ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया और पति समेत अन्य लोगों पर दहेज की खातिर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने शहर के दो नामी गिरामी सराफा व्यवसायी समेत छह लोगों पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने एक सराफा व्यवयासी ससुर और पति को हिरासत में ले लिया है।बाराबंकी जिले के पूरे मितई नगर पंचायत हैदरगढ़ निवासी रामकुमार सोनी के मुताबिक बेटी मानसी (24) की शादी दो साल पहले रायबरेली शहर के जजेज कॉलोनी सिविल लाइन निवासी शिवम के साथ की थी। हैसियत के मुताबिक शादी में दान दहेज भी दिया था। बावजूद ससुराल पक्ष दहेज में 10 लाख रुपये की और मांग कर रहा था। दहेज न देने पर बेटी को प्रताड़ित कर रहा था। पिता के मुताबिक रात करीब नौ बजे दामाद ने फोन करके सूचना दी कि आपकी बेटी का खेल खत्म हो गया है। मौके पर आया तो देखा कि बेटी की मौत हो चुकी थी। चेहरे व गले पर चोट के निशान थे। उनकी बेटी की दहेज की खातिर हत्या की है।सदर अमित सिंह ने बताया कि मानसी की मौत के मामले में दहेज हत्या का केस दर्ज करा दिया गया है। प्रकरण में सख्त कार्रवाई करके पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाया जाएगा। जल्द सभी आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

- बच्चों को पोषाहार नियमानुसार उपलब्ध कराना करें सुनिश्चितः सीडीओ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य विकास अधिकारी आर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनवाड़ी केंद्र भवन निर्माण, अतिकुपोषित (सैम) बच्चों के लिए पोषण आहार उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त चिन्हित सैम बच्चों को विभाग द्वारा प्राप्त पोषाहार को नियमानुसार प्राप्त कराया जाये तथा समस्त सैम बच्चों का पंजीकरण ई-कवच पोर्टल पर एएनएम के माध्यम से कराकर अवश्यकतानुसार संदर्भन कराया जाना सुनिश्चित करें। बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिमाह पोषण ट्रैकर ऐप पर शत-प्रतिशत बच्चों का वजन एवं लम्बाई दर्ज कराना सुनिश्चित करें तथा समस्त केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों को पोषाहार नियमानुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिया कि माइक्रो प्लान बना कर कार्य करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह सभी खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला तिरंगा यात्रा

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा पूरे रेहरा बाजार में निकाला गया। जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो महेन्द्र पाण्डेय व ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने रैली की अगुवाई की। रैली के दौरान देशभक्ति की भावना से लोगों को प्रेरित किया गया।

इस दौरान उन्होंने लोगों को यात्रा के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि रैली का उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को बढ़ावा देना है जनता में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाना है। कार्यकर्ताओं ने तिरंगे झंडे के साथ मार्च करते हुए पूरे कस्बे का भ्रमण किया देशभक्ति गीत गाते हुए अपने देश के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का प्रदर्शन किया। पंकज सिंह चौहान ने कहा कि तिरंगा रैली हमें देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता के महत्व को याद दिलाती है और हमें अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने के लिए प्रेरित करती है। अपने संबोधन में कहा कि यह रैली देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को अपनाने के लिए आम जनमानस प्रेरित करने के लिए किया गया है।

इस मौके भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा, जिलेदार पाण्डेय, महेन्द्र पाडेय, राम करन मिश्र, सानू सिंह, गौरव सिंह, आरज़ू काज़मी प्रधान, कौशिफ प्रधान, रमेश चौहान, चन्दन सिंह,समीर सिंह, प्रकाश सिंह, अरविन्द सिंह, अवनीश सिंह, मनोज सिंह, राम करण मिश्रा, अनुराग सिंह, धर्मेंद्र सिंह व भारत नरेश सिंह, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उतरौला में देशविरोधी गतिविधियों की आशंका गहराई, खुफिया एजेंसियों की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**बीपी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** जहां एक ओर उत्तर प्रदेश में बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के विरुद्ध वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है, वहीं उतरौला क्षेत्र में इन घुसपैठियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई अब तक धरातल पर नजर नहीं आ रही है। भारत-नेपाल सीमा से सटे इस इलाके को लम्बे समय से आतंकियों, पाकिस्तान समर्थकों और राष्ट्रविरोधी तत्वों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता रहा है। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है, परंतु खुफिया एजेंसियां जैसे इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और अन्य सुरक्षा संगठन मौन धारण किए हुए प्रतीत होते हैं। क्षेत्र के नागरिकों का मानना है कि अगर समय रहते इन संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी भी आपात परिस्थिति में यही लोग आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। यह कोई नया मामला नहीं है। वर्ष 2005 में उतरौला के नगवां गांव से दाऊद गैंग के एक सक्रिय सदस्य का जेल में रहते हुए पासपोर्ट बनवाने का मामला सामने आया था। इस प्रकरण ने स्थानीय प्रशासन और पासपोर्ट विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए थे। बाद में मामले की जांच में दोषियों को सजा भी हुई, लेकिन उसके बाद भी स्थानीय स्तर पर सजगता का अभाव बना रहा। वहीं अगस्त 2020 में बढ़या भैसाहीं गांव में एटीएस ने आइएसकेपी (इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत) के एक आतंकी को गिरफ्तार कर पूरे प्रदेश को चौंका दिया था। यह गिरफ्तारी इस बात का प्रमाण थी कि आतंकी संगठन इस क्षेत्र में अपनी जड़ें जमा चुके हैं। गत वर्ष बारावफात के जुलूस में दर्जनों लोगों ने खुलेआम पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए थे। यह घटना उस समय के कई वीडियो फुटेज में सामने आई, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए। आश्चर्यजनक बात यह रही कि पुलिस कई दिनों तक चुप्पी साधे रही। बाद में खानापूर्ति करते हुए शांतिभंग की धारा में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। नेपाल से सटी सीमा का फायदा उठाकर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए इस क्षेत्र में वर्षों से जड़ें जमा चुके हैं। नगर क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जो किराए के मकानों में या अस्थायी झुग्गियों में रह रहे हैं। इनकी पहचान करने वाला कोई तंत्र फिलहाल सक्रिय नहीं है। बताया जा रहा है कि इन्हें कुछ स्थानीय सफेदपोश और जनप्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर भारत-पाक के बीच तनाव बढ़ता है या युद्ध जैसे हालात बनते हैं, तो ऐसे तत्व देश की आंतरिक स्थिति को अस्थिर कर सकते हैं। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता बेहद चिंताजनक है। सुरक्षा एजेंसियों और खुफिया विभाग को इस दिशा में तत्काल प्रभाव से सक्रिय होकर कार्रवाई शुरू करनी चाहिए।

# डीएम ने किया विकास खंड बलरामपुर में पीएचसी जोकाहिया का औचक निरीक्षण

- डीएम ने पीएचसी वाई पर मरीजों की कम संख्या पर जताई नाराजगी, सभी व्यवस्थाओं में सुधार लाते हुए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का दिया निर्देश
- डीएम ने स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के भार के अनुसार चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ नियुक्त किए जाने के दिए निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**







जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को जन सामान्य के लिए प्रभावी, सुलभ और संवेदनशील बनाने के लिए डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा निरंतर सरकारी चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में डीएम द्वारा विकासखंड बलरामपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकाहिया का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने पैरामेडिकल स्टाफ का निर्धारित ड्रेस कोड में न होने पर कड़ी फटकार लगाते हुए निर्धारित ड्रेस कोड पहनने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने फार्मासिस्ट कक्ष, पैथोलॉजी लैब,ऑपरेशन थियेटर, वार्ड, परिवार कल्याण केंद्र, टीकाकरण कक्ष आदि का जायजा लिया। स्वास्थ्य केंद्र पर पर्याप्त चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति होने के बावजूद भी ओपीडी / आईपीडी में कोई मरीज न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाओं में सुधार लाते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराते हुए मरीजों की संख्या बढ़ाया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की संख्या भार के अनुपात में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ तैनात जाए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था, शीतल पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की समुचित साफ सफाई का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## कोरोना संग जीना

दुनिया मानकर चल रही थी कोरोना संक्रमण का काला दौर हमेशा-हमेशा के लिये चला गया है। पिछले कुछ वर्षों से जन-जीवन फिर पटरी पर लौट रहा था। विश्व के कुछ क्षेत्रों में जारी युद्ध और अन्य विषम परिस्थितियों के बीच जारी आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से पहली स्थिति में पहुंचने के लिये जद्दोजहद कर रही थी। लेकिन कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की भी है कि भारत में केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई के अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की संक्रमण से हुई मौत को लेकर भी चिंता जतायी जा रही है। हालांकि, अस्पताल का दावा है कि एक रोगी कैंसर तो दूसरा किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित था। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण की पिछली कई लहरों से सबक लेकर उपचारात्मक नीतियों के क्रियान्वयन व चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार देने की जरूरत है। इससे पहले कि वायरस अनियंत्रित हो, सरकार व स्वास्थ्य एजेंसियों को बचाव के उपाय युद्ध स्तर पर करने चाहिए। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बार के संक्रमण के लिये ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जे.एन.1 तथा वेरिएंट एल.एफ.7 और एन.बी.18 जिम्मेदार हैं। बताया जा रहा है कि जे.एन.1 वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है। विश्व के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि नये वेरिएंट से पीड़ित लोगों में गले में खराश, नींद न आना, छींक आना, खांसी, एंग्जाइटी, नाक बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी, थकान व मांसपेशियों में दर्द की शिकायत शामिल हो सकती है। हालांकि, इनमें से कुछ आम इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण का टेस्ट करवाना भी जरूरी हो जाता है। वैसा कहना मुश्किल है कि कोरोना का वायरस हमारे बीच से चला गया। वह कहीं गया नहीं बल्कि टीकाकरण से मिली हमारी शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता ने उसे रोक दिया। लेकिन दिक्कत यह है कि मौसम परिवर्तन चक्र के बीच में म्यूटेशन से इसके नये वेरिएंट सामने आते हैं। जिनका मुकाबला करना व शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। निस्संदेह, यह एक चुनौती है, लेकिन इससे घबराने की नहीं, समझदारी और सतर्कता से निपटने की जरूरत है। पिछली कई बड़ी कोरोना संक्रमण की लहरों ने हमें इस संक्रमण से मुकाबले के सबक दिए हैं। एक समय था जब हमारा चिकित्सा ढांचा इसके मुकाबले के लिये तैयार न था। जीवनदायिनी ऑक्सीजन की उत्पादन क्षमता और भंडारण में हम अब आत्मनिर्भर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन अभियान चलाकर हमने 140 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है। हमने अपने नागरिकों को ही सुरक्षा कवच नहीं दिया, बल्कि पूरी दुनिया के अनेक देशों को भारत में वैक्सीन व चिकित्सा सामग्री देकर एक मिसाल कायम की है। दरअसल, कोरोना संक्रमण से बचने के वही उपाय हमें सुरक्षा देंगे, जो हमने पिछले संक्रमण लहरों में सफलतापूर्वक अपनाए थे। इनमें साफ-सफाई का ध्यान रखना है, सुरक्षित दूरी रखनी है, अपने खानपान को सुधारना है, हाथ मिलाने व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचना चाहिए। मास्क का उपयोग अनिवार्य शर्त है। लक्षण दिखने पर जांच कराना और खुद को समाज व परिवार से अलग करना समझदारी होगी। हमारी सजगता व चिकित्सातंत्र की सक्रियता के आगे फिर वायरस कहां टिकेगा।

# किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए जरूरी



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तर पर दुनियाँ का हर देश अभी तक कोरोना वायरस (कोविड-19) की महामारी को भूल नहीं पाए है, या यूं कहें कि संभल नहीं पाए है, इस बीच कोरोना महामारी के अनेक वेरिएंट आ चुके हैं, लेकिन अभी मई माह में जो फिर से कोरोना वायरस की आहट हुई है यह कोविड -19 तुल्य है, ऐसी जानकारी मीडिया में आ रही है हालांकि इसका अधिक प्रकोप अभी खासकर हांगकांग सिंगापुर थाईलैंड में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है क्योंकि संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में भी 19 मई 2025 तक 257 केस आ चुके हैं, जिससे शासन प्रशासन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गए हैं, हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस आहट को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं, सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक हाई-लेवल रिव्यू मीटिंग बुलाई जिसमें एनसीडीसी, आईसीएमआर, डिसास्टर मैनेजमेंट सेल और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएमआर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं, मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता ज़रूरी है, देश की स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है, परंतु इस बीच दिनांक 20-21मई 2025 की मध्यरात्रि में जिनेवा में चल रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्व स्वास्थ्य सभा 19, से 27 मई 2025 के 78 वें सत्र में सभी सदस्यों की आपसी 3 वर्षों की बातचीत के उपरांत भविष्य की महामारी में मिलकर तैयारी करने का समझौता हो गया है, जो रेखांकित करने वाली बात है मेरा मानना है कि अब पूरी दुनियाँ की कोई भी महामारी आ जाए तो अगर पूरा विश्व एक साथ एक दूसरे का सहयोग कर उसका मुकाबला करेगा तो वह कोविड-19 जैसी किसी भी महामारी का गंभीरता से मुकाबला करेगा तो उस महामारी को मैदान छोड़कर भागना ही पड़ेगा यह होता है एक और एक 11 की ताकत का सटीक कमाल! चूंकि कोरोना महामारी कोविड -19 के प्रभाव की आहट फिर भारत सहित कुछ देशों में हो चुकी है, व तीव्रता से संक्रमण शुरू हो गया है तथा विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में भविष्य की महामारियों से एक जुट से लड़ने का ऐतिहासिक समझौता अब हो चुका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक स्तरपर मास्क सैनिटाइजर की फिर आदत फ़िर डालना, भीड़भाड़ वाली जगह व किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए जरूरी है।

साथियों बात अगर हम कोविड-19 महामारी के भारत में पैर पसारने की करें तो,हालांकि भारत में अभी मामलों की संख्या कम है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो ट्रेंड दिख रहा है, वह चिंताजनक है। अगर सही समय पर कदम नहीं उठाए गए, तो भारत भी इस नई लहर की चपेट में आ सकता है, विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में टीकाकरण का प्रभाव अब कम होने लगा है, बूस्टर डोज की जरूरत एक बार फिर बढ़ गई है, लेकिन लोग इसमें ढिलाई बरत रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है बच्चों बुज़ुर्गों, 65 साल से ऊपर के लोगों, और जिनकी इम्युनिटी पहले से कमजोर है, उन्हें यह संक्रमण तेजी से पकड़ सकता है,साथ ही मौसमी बदलाव, सामाजिक मेल जोल और अंतरराष्ट्रीय यात्रा भी इसके प्रसार को बढ़ावा दे रहे हैं अभी हुई बैठक में नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, इमरजेंसी मेडिकल रिलीफ डिवीजन, डिजास्टर मैनेजमेंट सेल, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञ मौजूद थे आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह निष्कर्ष निकाला गया न कि भारत में कोविड-19 स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। सूत्र ने बताया,19 मई 2025 तक भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 257 है। देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत आंकड़ा कम है। इनमें से लगभग सभी मामले ज्यादा गंभीर नहीं हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत भी नहीं है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बढ़ते मामलों को देखते हुए व्यापक तैयारी की जाए।स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत में 12 मई से अब तक 164 मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे अधिक 69 मामले, तो वहीं महाराष्ट्र में 44 और तमिलनाडु में 34 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा कर्नाटक में कोविड-19 के 8 नए मामले, गुजरात में 6 और दिल्ली में 3 मामले सामने आए।हरियाणा, राजस्थान और सिक्किम में एक-एक नया मामला सामने आया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक है।इन घटनाक्रमों के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपातकालीन चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक बुलाई गई, बैठक में निष्कर्ष निकाला गया कि भारत में वर्तमान कोविड-19 स्थिति नियंत्रण में है। 19 मई, 2025 तक, भारत में सक्रिय कोविड-19 मामलों की संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम आंकड़ा है, इनमें से लगभग सभी मामले हल्के हैं, जिनमें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन सतर्कता ज़रूरी है, देश की स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है। अगर फ्लू जैसे लक्षण हों तो टेस्ट कराएं, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए,मास्क और सैनिटाइज़र की आदत फिर से डालें, खासकर भीड़भाड़ वाली जगहों पर,किसी भी अफवाह या डर का शिकार न बनें, लेकिन सतर्क जरूर रहें।

साथियों बात अगर हम सिंगापुर हांगकांग थाईलैंड में कोरोना वायरस (कोविड-19) के अति तीव्रता से संक्रमण की करें तो, कोरोना वायरस एक बार फिर डराने लगा है, ऐसा लग रहा है कि कुछ समय की राहत के बाद वायरस फिर से पैर पसारने लगा है, एशिया के कई देशों मेंकोविड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं, खासकर हांगकांग, सिंगापुर और थाईलैंड में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। इन देशों में संक्रमितों की संख्या में तेज़ इज़ाफा हुआ है और अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या भी बढ़ रही है. भारत में भी नए मामलों को लेकर चिंता गहराने लगी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अभी से सतर्कता नहीं बरती गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है सिंगापुर में कोविड-19 के मामलों 28 परसेंट की वृद्धि दर्ज की गई है, हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि सरकार ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है यहां कोविड -19 के कुल अनुमानित केस 14,200 तक पहुंच गए हैं, इससे ज्यादा गंभीर बात यह है कि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में भी लगभग 30 परसेंट का इज़ाफा हुआ। 5 मई से 11 मई के बीच सिंगापुर में 25,900 नए केस सामने आए, इसी अवधि में अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की औसत दैनिक संख्या 181 से बढ़कर 250 हो गई है. विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले 2 से 4 हफ्तों में यह लहर अपने चरम पर पहुंच सकती है। हांगकांग में कोविड-19 संक्रमण की नई लहर शुरू हो चुकी है, यहां स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अब तक 81 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से 30 लोगों की मौत हो चुकी।

साथियों बात अगर हम डब्लूएचओ के विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में समझौतों की करें तो, विश्व स्वास्थ्य सभा ने भविष्य की महामारियों के लिए तैयार रहनें के लिए ऐतिहासिक समझौता अपनाया, विश्व का पहला महामारी समझौता मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य सभा के सदस्य देशों द्वारा औपचारिक रूप से अपनाया गया, जो वर्तमान में जिनेवा में चल रहा है,ढन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था 78 वें विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह ऐतिहासिक निर्णय कोविड-19 महामारी के विनाशकारी प्रभाव के जवाब में सरकारों द्वारा तीन साल से अधिक समय तक की गई बातचीत के बाद आया है, और इसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों से दुनिया को सुरक्षित बनाना और उनके जवाब में अधिक न्यायसंगत बनाना है, ऐसा डब्ल्यूएचओ ने कहा। यह महत्वपूर्ण समझौता ऐसे समय में हुआ है जब सिंगापुर और हांगकांग सहित अन्य देशों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि की खबरें आ रही हैं। साथियों बात अगर हम माननीय भारतीय पीएम द्वारा 20 जून 2025 को इस 78 वें सत्र को संबोधन की करें तो, इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के लिए एक विश्व के मुद्दे पर बात की। पीएम ने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के मूल में है। पीएम नें कहा कि स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए तकनीक एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक साबित हो सकता है। भारत के पास गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को ट्रैक करने के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है। लाखों लोगों के पास एक अनूठी डिजिटल स्वास्थ्य पहचान है। यह हमें लाभ, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को एकीकृत करने में मदद कर रहा है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रकोप की भारत सहित विश्व में फ़िर से आहट-विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों में ऐतिहासिक समझौता, डब्लूएचओ क़े विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र 19-27 मई 2025 में भविष्य की महामारियों पर तैयार रहने का ऐतिहासिक समझौता वैश्विक स्तरपर मास्क, सेनेंटाइजर की फ़िर आदत डालना,भीड़भाड़ वाली जगहों व किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए ज़रूरी है।

*संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट*



**भारत में भी 19 मई 2025 तक 257 केस आ चुके हैं, जिससे शासन प्रशासन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गए हैं, हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस आहट को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं, सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक हाई-लेवल रिव्यू मीटिंग बुलाई जिसमें एनसीडीसी, आईसीएमआर, डिसास्टर मैनेजमेंट सेल और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएमआर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं, मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता ज़रूरी है, किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए जरूरी है।**

विचार

# तिब्बत और शिंजियांग को लेकर चीन का झूठा दावा

*ओम पराशर*

चीन के त्ता प्रतिष्ठान की नीति हमेशा से यह रही है कि वह इतिहास को अपने हिसाब से गढ़ता है और उसे एक हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तिब्बत और शिंजियांग जैसे क्षेत्रों पर चीन के 'ऐतिहासिक अधिकार' का दावा है। चीन लगातार यह प्रचार करता आया है कि ये दोनों क्षेत्र प्राचीन काल से उसके अंग रहे हैं, लेकिन जब हम वास्तविक इतिहास और स्वतंत्र स्रोतों को खंगालते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि बीजिंग का यह दावा ऐतिहासिक तथ्यों पर नहीं, बल्कि राजनीतिक उद्देश्य पर आधारित है।

**तिब्बत** - जो कभी स्वतंत्र था 1- मंगोल और युआन वंश का बहानाचीन यह दावा करता है कि तिब्बत 13वीं शताब्दी से ही उसका हिस्सा है, जब मंगोल सम्राट कुबलई खान के नेतृत्व में युआन वंश ने चीन और आसपास के क्षेत्रों पर आधिपत्य जमाया था। लेकिन सच्चाई यह है कि युआन साम्राज्य मंगोलों द्वारा स्थापित था, न कि चीनी लोगों द्वारा। तिब्बत ने स्वयं को युआन वंश के अधीन कभी नहीं माना। युआन साम्राज्य एक बहु-राष्ट्रीय प्रशासनिक संरचना थी, जिसमें तिब्बत को धार्मिक केंद्र के रूप में स्वायत्तता दी गई थी।

2- छिंग वंश का नाममात्र नियंत्रण1644 से लेकर 1912 तक का छिंग वंश भी चीन का तिब्बत पर दावा करने का आधार बनता है। लेकिन इतिहासकारों का मानना है कि छिंग वंश का तिब्बत पर प्रभाव नाममात्र का था। चीन द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि (अंबान) केवल सलाहकार की भूमिका में थे। तिब्बत का प्रशासन, न्याय, शिक्षा और धार्मिक व्यवस्था पूरी तरह तिब्बती नेतृत्व के हाथ में थी।

3. स्वतंत्र तिब्बत और 1950 का आक्रमण 1912 में छिंग वंश के पतन के बाद तिब्बत ने खुद को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। वहां स्वतंत्र सरकार बनी, तिब्बती मुद्रा चलने लगी, विदेशों से सीमित राजनयिक संबंध बनाए गए। लेकिन 1950 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने 'शांतिपूर्ण मुक्ति' के नाम पर तिब्बत में अपनी सेना घुसाई और एकतरफा रूप से इसे हड़प लिया। वर्ष 1959 में तिब्बती विद्रोह के बाद दलाई लामा को भारत में शरण लेनी पड़ी। तब से लेकर आज तक तिब्बत पर चीन का अवैध कब्जा बना हुआ है, और वहां की धार्मिक, सांस्कृतिक और भाषाई पहचान को मिटाने की कोशिश लगातार जारी है।



4. सांस्कृतिक दमनचीन ने तिब्बती भाषा की जगह मंदारिन थोप दी है। बौद्ध मठों को तोड़कर धार्मिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है और दलाई लामा के चित्र रखने तक को अपराध माना जाता है। हजारों तिब्बतियों को जेलों में डाला गया है और स्वतंत्र अभिव्यक्ति का कोई स्थान नहीं बचा है।

**शिंजियांग** - उइगर संस्कृति पर हमला 1- अलग सांस्कृतिक पहचानशिंजियांग, जिसे चीन 'झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र' कहता है, ऐतिहासिक रूप से तुर्किक मूल के उइगर मुसलमानों का क्षेत्र रहा है। इनकी भाषा, परंपराएं और धार्मिक मान्यताएं चीन की मुख्यधारा से बिल्कुल अलग हैं। यह क्षेत्र सिल्क रूट पर स्थित होने के कारण व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र था। 2- चीन का देर से दावा1949 में माओ त्से तुंग के नेतृत्व में कम्युनिस्ट शासन स्थापित होने के बाद चीन ने शिंजियांग पर नियंत्रण किया। इससे पहले यह क्षेत्र बहुत हद तक आत्मनिर्भर था। चीन ने यहां हान चीनी आबादी को बसाकर जनसांख्यिकीय संतुलन को बदलने की कोशिश की। उइगरों की आबादी में गिरावट दर्ज की गई है जबकि हान चीनी की संख्या लगातार बढ़ रही है। 3- दमन और निगरानीचीन ने शिंजियांग में बड़े पैमाने पर 'पुनः शिक्षा केंद्र' बनाए हैं, जहां लाखों उइगर मुसलमानों को जबरन रखा गया है। इन केंद्रों में धार्मिक पहचान मिटाई जाती है, कुरान पढ़ने और नमाज़ पढ़ने पर रोक है, और धार्मिक प्रतीकों को जबरन हटाया जाता है। कई रिपोर्टों में खुलासा हुआ है कि इन शिविरों में शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न आम बात है। 4- तकनीकी निगरानी का प्रयोगशिंजियांग विश्व का सबसे अधिक निगरानी वाला क्षेत्र बन चुका है। हर व्यक्ति की गतिविधियों पर कैमरों और चेहरा पहचानने वाले सॉफ्टवेयर से नजर रखी जाती है। मोबाइल ऐप के ज़रिए लोगों की धार्मिक गतिविधियों, यात्रा, बातचीत और यहां तक कि सोने-जागने की दिनचर्या तक पर रिपोर्ट बनती है।

**चीन की रणनीति**- ऐतिहासिक झूठ को दोहराकर उसे 'सच' बनानाबीजिंग की रणनीति साफ है - बार-बार झूठ बोलो ताकि लोग उसे सच मानने लगें। तिब्बत और शिंजियांग को लेकर उसका दावा उसी झूठ का हिस्सा है। लेकिन इतिहास को हमेशा झुठलाया नहीं जा सकता। दस्तावेज़, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन, स्वतंत्र शोध और स्वयं वहां के लोगों की पीड़ा चीख-चीख कर यह बता रही है कि चीन ने इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा है और अपनी साम्राज्यवादी नीति को न्यायोचित ठहराने के लिए ऐतिहासिक छल का सहारा लिया है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी अब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय चीन के इस ऐतिहासिक झूठ को बेनकाब करे। तिब्बत और शिंजियांग के लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा केवल निंदा करके नहीं हो सकती। ज़रूरत है कड़े राजनीतिक, कूटनीतिक और मानवीय हस्तक्षेप की। अन्यथा बीजिंग इतिहास को हथियार बनाकर न केवल इन दो क्षेत्रों को, बल्कि पूरे एशिया को अस्थिर कर सकता है। उल्लेखनीय है कि 1959 में चीन से निर्वासित होने के बाद तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा भारत में रह रहे हैं। दलाई लामा तिब्बती इतिहास में एक विशिष्ट और अद्वितीय स्थान रखते हैं। वे सदियों से न केवल आध्यात्मिक गुरु, बल्कि तिब्बत के लौकिक नेतृत्वकर्ता भी रहे हैं। दलाई लामा की परंपरा 14वीं शताब्दी में गेडुन ड्रूब से शुरू हुई, जिन्हें मरणोपरांत पहले दलाई लामा के रूप में मान्यता दी गई। 17वीं सदी से लेकर 20वीं सदी तक, दलाई लामाओं ने तिब्बत की गैंडेन फोडरंग सरकार का नेतृत्व किया। इस दौरान पोटाला पैलेस का निर्माण हुआ, जो ल्हासा में दलाई लामाओं की आधिकारिक सीट बना। 14वें दलाई लामा, तेनज़िन ग्यात्सो, का जन्म 1935 में हुआ और उन्होंने 1950 में तिब्बत की राजनीतिक जिम्मेदारी संभाली।

1959 में चीन के खिलाफ तिब्बती विद्रोह के बाद उन्हें निर्वासन में भारत आना पड़ा। तब से वे धर्मशाला में रह रहे हैं और वहीं निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना की गई। आज दलाई लामा पूरी दुनिया में अहिंसा, करुणा और तिब्बती स्वायत्तता के शांतिपूर्ण संघर्ष के प्रतीक बन चुके हैं। उनका भारत में रहना, न केवल तिब्बती लोगों के लिए बल्कि भारत के लिए भी गहराई से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है।

साहित्य




## डिजिटल दुनिया में बचपन भटक रहा...!

**संजय एम तराणेकर**

*आज डिजिटल दुनिया में बचपन हैं भटक रहा,*
*पेरेन्ट्स को अनसुना कर गूगल संग मटक रहा।*
*बच्चे नई तकनीक से कदम से कदम मिला रहें,*
*रिश्ते-नाते संग यार-दोस्त सब बहुत दूर जा रहें।*
*सोशल मीडिया की गिरफ्त में खुद ही समा रहें,*
*एक ही कमरे में बैठकर नजरें भी न मिला रहे।*

*आज डिजिटल दुनिया में बचपन हैं भटक रहा,*
*पेरेन्ट्स को अनसुना कर गूगल संग मटक रहा।*
*जिज्ञासु बच्चे अल्फा पीढ़ी के दुनिया में जी रहें,*
*वर्तमान में पर्व,रीति-रिवाज से अनभिज्ञ हो रहें।*
*ऑनलाइन पढ़ाई, शॉपिंग कर घर में वो सो रहें,*
*परिवेश और संस्कार बिन काम घर बैठे हो रहें।*

*आज डिजिटल दुनिया में बचपन हैं भटक रहा,*
*पेरेन्ट्स को अनसुना कर गूगल संग मटक रहा।*
*बच्चे घर और कक्षा में क्या? एक्टिविटी कर रहें,*
*मॉम-डैड मोबाइल से रील बनाकर मस्त हो रहें।*
*बच्चों को बचपन से हाथों में टेबलेट पकड़ा रहें,*
*समयाभाव में कार्टून फिल्म का चस्का लगा रहें।*



## राशिफल

**मेषः**- आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्तवपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः**- मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः**- लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः**- कोई भी महत्तवपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंहः**- आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः**- आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः**- व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेश जी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः**- आज शांति व सावधानीपूर्वक से रहने की गणेश जी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः**- आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः**- व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः**- आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः**- गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# संकटकाल में शत्रु को लाभ पहुंचाने वाले सवाल

*विकास सक्सेना*

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि इसमें विपक्ष के साथ-साथ देश के प्रत्येक नागरिक को सरकार से सवाल पूछने का अधिकार प्राप्त होता है। लेकिन कोई भी राष्ट्र तभी मजबूती से आगे बढ़ सकता है जब इस अधिकार का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ किया जाए। बीते कुछ दिनों में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर 'हमारे कितने विमान गिरे' जैसे अवांछित सवाल पूछे हैं। उनके सवालों को पाकिस्तान, भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। इसके अलावा कई मीडिया संस्थानों की गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया में सक्रिय बुद्धिजीवियों ने लोगों के मन में सवाल पैदा कर दिया है कि क्या सरकार ने विदेशी ताकतों के दवाब में आकर हड़बड़ी में सीज फायर का फैसला लिया? इस सवाल का सीधा सा जवाब इस बातों में छुपा है कि ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया? भारत उन लक्ष्यों को किस हद तक प्राप्त करने में सफल रहा? बीती 22अप्रैल को पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने 26 हिन्दू पर्यटकों को धर्म पूछ कर मार डाला। आतंकवादियों की इस करतूत के बाद पूरा देश आक्रोशित था। सब चाहते थे कि पाकिस्तान को इसका सबक सिखाया जाए। इसके बाद सबसे पहले हमारी सरकार ने सिंधु जल संधि को स्थगित करके पाकिस्तान के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। फिर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात मई को पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सैन्य कार्रवाई में जिन नौ ठिकानों को नष्ट किया गया उनमें जैश ए मोहम्मद का बहावलपुर स्थित मुख्यालय भी शामिल है। ऑपरेशन सिंदूर की आतंक के आकाओं को इतनी गहरी चोट लगी कि जैश ए मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर फूट-फूट कर रोने लगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत महज 25 मिनट में नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करके 100 से ज्यादा दहशतगर्दों को उनके अंजाम तक पहुंचाने के बाद हमारे सैन्य अधिकारियों ने साफ कर दिया था कि भारत ने जो कार्रवाई की है वह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ थी। यह न तो पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ थी और न ही पाकिस्तानी सेना के खिलाफ। उन्होंने साफ किया कि अगर पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह का दुस्साहस करने का प्रयास किया गया तो भारत उसका समुचित जवाब देगा। आतंकियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने चीन और दूसरे देशों प्राप्त हथियारों के दम पर ड्रोन, मिसाइल और लड़ाकू विमानों के जरिए भारत पर हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारी सेना ने वायु रक्षा प्रणाली और उन्नत तकनीकी से उन कोशिशों को नाकाम कर दिया। हालांकि इसके जवाब में भारत की ओर से की गई कार्रवाई में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली ध्वस्त हो गई। उसके अधिकांश हवाई अड्डे निष्प्रयोज्य कर दिए गए। भारत की प्रतिक्रिया इतनी तीखी होगी इसकी कल्पना शायद पाकिस्तान के आकाओं को भी नहीं थी। जो पश्चिमी मीडिया भारत के खिलाफ लगातार झूठे विमर्श गढ़ रहा था उसे भी सैटेलाइट से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर यह स्वीकार करना पड़ा कि भारत ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर उसके सैन्य हवाई अड्डों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

पहलगांव में हिन्दू पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या सिर्फ हिन्दू मुसलमानों के बीच की खाई को चौड़ा करने के इकलौते उद्देश्य के लिए नहीं की गई बल्कि इसके पीछे का एक और बड़ा लक्ष्य भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति की राह में रोड़े उत्पन्न करना भी था। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध के अनुभव के आधार पर भारत विरोधी ताकतें उसे पाकिस्तान के साथ लम्बे युद्ध में फंसाना चाहती थीं जिससे उसकी आर्थिक प्रगति को बाधित किया जा सके। लेकिन भारतीय रणनीतिक सूझबूझ, सैन्य कुशलता और कूटनीतिक तैयारियों ने इन ताकतों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। इसीलिए अब भ्रम फैलाने के लिए वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। जिन लक्ष्यों को लेकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था प्रथम दृष्टया, उससे अधिक सफलता प्राप्त की जा चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर का प्रमुख उद्देश्य नरसंहार के दोषियों और पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओं को सबक सिखाना था जो सात मई को पाकिस्तान और पीओजेके में मौजूद आतंकवादी अड्डों को नष्ट करके पूरा कर दिया गया। इसके बाद पाकिस्तान ने जिस तरह भारत पर हमला किया उसके जवाब में तीनों भारतीय सेनाओं ने अपने अदम्य पराक्रम को प्रदर्शन करके तीन दिनों के भीतर ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। भारतीय सेना के पराक्रम, युद्ध कौशल और सटीक रणनीति ने पाकिस्तान और उसे हथियार मुहैया कराने वाले चीन और दूसरे देशों के पसीने छुड़ा दिए। जो देश भारत को लम्बे युद्ध में फंसाकर उसकी आर्थिक प्रगति को बाधित करने का ख्वाब संजोए बैठे थे, अपने विमानों, मिसाइलों और ड्रोनो के लगातार ध्वस्त होने से उसकी चिंता बढ़ गई। खबर है कि भारतीय सेना ने तुर्किये के ड्रोन, चीनी वायु रक्षा प्रणाली एसक्यू 9, चीनी विमान जेएफ 17 और अमरीकी विमान जे 16 समेत कई उन्नत मिसाइलों को मार गिराया। चीन अपनी पीएल 15 मिसाइल को दुनिया की सबसे आधुनिक मिसाइल बता रहा था इसे भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया और इसका मलबा भारत के पास सुरक्षित है। इसके बाद दुनिया के हथियार बाजार में साख गिरने के डर से चीन और अमेरिका जैसे देशों में हडकम्प मचा हुआ है।

जानकारों का कहना है कि भारत की बढ़ती ताकत को देखकर ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के साथ ट्रेड वार को स्थगित कर दिया। भारतीय रक्षा प्रणाली और मिसाइलों के आगे चीन और अमेरिकी हथियारों की विफलता ने दुनिया के सबसे बड़े हथियार बाजार को एक नया खिलाड़ी दे दिया है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में रक्षा उपकरणों के बाजार में भारत की साख बढ़ेगी, उसकी आर्थिक प्रगति की गति भी तेज होने की उम्मीद है। चीन और दूसरे सहयोगी देशों की हालत देख पाकिस्तान के डीजीएमओ ने घुटनों पर आकर 10मई की दोपहर साढ़े तीन बजे भारत के डीजीएमओ से फोन पर बात कर सीज फायर की गुहार की जिसके बाद लगभग पांच बजे से सीज फायर की घोषणा कर दी गई। किसी भी सैन्य अभियान की सफलता में सैन्य कुशलता और उन्नत तकनीकी के साथ सटीक रणनीति का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है। शत्रु को हतप्रभ करते हुए हमला करना, उसे घुटनों पर लाकर न्यूनतम हानि के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर बाहर निकलना किसी भी सामरिक अभियान की सफलता का मूल आधार है, जिसे प्राप्त करने में ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा। हालांकि कुछ मीडिया संस्थानों की गैरजिम्मेदाराना खबरों और विश्लेषणों से कुछ लोगों को लगने लगा था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के चार टुकड़े हो जाएंगे और पीओजेके भारत में शामिल हो जाएगा। जबकि इस अभियान का ऐसा कोई लक्ष्य था ही नहीं। देश के आम लोगों की इसी भावना को भड़काने के लिए राहुल गांधी और कुछ दूसरे नेता तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर विदेशमंत्री एस जयशंकर पर 'मुखबिरी' करने जैसे गंभीर आरोप लगा रहे हैं। वे न तो सरकार की सुनने को तैयार हैं और न ही सेना के अधिकारियों की। सवाल पूछने के लोकतांत्रिक अधिकार की आड़ में वे पश्चिमी मीडिया के भारत विरोधी एजेंडा के तहत लिखे जा रहे समाचारों और भारत विरोधी नेताओं के पाकिस्तान परस्त उन बयानों को तूल देने में जुटे हैं जो भारतीय सैन्य बलों और देश की जनता का मनोबल तोड़ सकते हैं।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश, टीन, सरकारी होल्डिंग उड़ कर गिरी दूर

**विद्युत पोल टूटने से लाखों का नुकसान, आधा दर्जन घायल**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बीती रात जिले में अचानक आई आंधी व बरसात के चलते टीन टप्पर हवा मे उड़ गये कमजोर लगायी गयी सरकारी होल्डिंग उड़ कर दूर जा गिरी, करीब पचास से अधिक विद्युत पोल उखड़ गये जिससे विभाग का करीब पांच लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बीती रात अचानक मौसम ने करवट लिया कि तेज आधी के साथ झमाझम बारिश शुरु हो गयी आंधी इतनी तेज थी कि लोगो के छोटे छोटे टीन टप्पर उड़ गये, गांवों में लोगों के छप्पर उड़ कर दूर जा गिरे, रात भर बिजली गुल हो गयी स्थानीय बस स्टैंड से लेकर लक्ष्मी बाई तिराहे तक कई पेड़ टूट कर धाराशायी हो गये है, बिजली विभाग के एसई जीसी यादव ने बताया कि जिले में करीब पचास से अधिक खंभे टूट कर गिर गये जिससे संबंधित क्षेत्र की बिजली गुल हो गयी है, मगर स्थानीय हमीरपुर शहर मे दस बजे तक बिजली की आपूर्ति शुरु हो गयी थी पौथिया व कुरारा क्षेत्र के बेरी गांव की ओर बिजली केतार टूटने से दिन भर बिजली गायब रही। बाद में शाम तक बिजली की आपूर्ति शुरु हो गयी है। सरकारी विभागों द्वारा प्रचार प्रसार के लिये जो होर्डिंग लगायी गयी थी ज्यादातर उखड़ गयी है यही नहीं लक्ष्मीबाई तिराहे में जिला पंचायत



की होर्डिंग टूट कर नीचे गिर गयी जिससे बहुत बड़ा हादसा टल गया है।

सुमेरपुर में अर्धरात्रि को आई भयंकर आंधी ने कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर कहर बरपाया। आंधी से सर्वाधिक नुकसान आम की फसलों को हुआ। तेज आंधी से क्षेत्र मे सैकड़ों पेड़ जड़ से उखड़ गए और हजारों की तादाद में क्षतिग्रस्त हो गए। लोगों के टीन टप्पर उड़ गए। कस्बे के रामनगर में दिवाल गिरने से एक बालिका दबकर घायल हो गई। भौनियां में दो महिलाएं घायल हुई। विदोखर पुरई में तीन मकान की छत पर बनी दीवाल गिर गई। चार ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से विभाग को करीब 15 लाख का नुकसान होने का अनुमान है। पेड़ गिरने से पंधरी और पत्योरा में दो भैंसों की मौत हो गई।

बीती रात आए तूफान ने कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर कहर बरपाया। कस्बे के रामनगर में दिवाल गिरने से खुशी पुत्री स्वप्निलकुमार गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। इसके हाथ में फैक्चर हो गया है। भौनियां गांव में घर के बाहर खड़ी बिट्टल विनीता खपरैल गिरने से घायल हो गई। आंधी से सर्वाधिक नुकसान आम की फसल को हुआ। तेज आंधी में 50 फीसदी से ज्यादा अमिया टूटकर नष्ट हो गई। विदोखर पुरई में होरीलाल कुशवाहा, संजय अवस्थी, एकल्लू कुशवाहा के छत पर बनी दिवालें ढह गई। पत्योरा में हरिओम निषाद एवं पंधरी के छोटेलाल की एक एक भैंस पेड़ गिरने से मौत हो गई । कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति 15 घंटे बाद बहाल हो सकी। आंधी से बिजली विभाग को 15 लाख से अधिक की क्षति हुई है। पूरे क्षेत्र में बबूल नीम जामुन के सैकड़ो पेड़ जड़ से उखड़ गए। हजारों पेड़ आंधी से क्षतिग्रस्त हो गए है। लोगों के बड़ी तादाद में टीन टप्पर उड़ गए हैं। आंधी से पहले 100 केवी ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। इसकी चपेट में आकर एक गोवंश झुलस गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आंधी के बाद पूरे क्षेत्र में रिमझिम बरसात होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। गुरुवार को मौसम के बदलाव से लू से राहत रही। लेकिन उमस से लोग बेहाल रहे। सरकारी कार्यालयों में बिजली न होने से कर्मी छांव में बैठकर काम करते नजर आए।

## शतचंडी यज्ञ में दण्डी स्वामी ने दिया व्यसनों से दूर रहने का संदेश

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** ग्राम इंगोहटा में आयोजित शतचंडी यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए दंडी स्वामी महेश्वरानंद ने अपने प्रवचन में लोगों से व्यसनों से दूर रहने और शरीर रूपी मंदिर को पवित्र व दिव्य बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शराब और मांस का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि ऐसे पदार्थों का सेवन करने वालों से देवी-देवता दूर हो जाते हैं। कार्यक्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक पंडित प्यारेलाल तिवारी ने भागवत के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत का श्रवण और उसे जीवन में धारण करना भक्ति और मुक्ति के मार्ग को प्रशस्त करता है। इससे सत्कर्म की भावना जागृत होती है और जीवन का यथार्थ साकार होता है इस अवसर पर यज्ञ वेदी पर यज्ञाचार्य गरुण मिश्रा के नेतृत्व में वेदपाठी ब्राह्मण जपए तप और आहुतियों में सलग्न रहे।

## खबरें एक नजर में

### घाटमपुर बार एसोसिएशन के चुनाव में सुनील तिवारी अध्यक्ष व राजेश यादव महामंत्री निर्वाचित



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को घाटमपुर बार एसोसिएशन के चुनाव में सुनील तिवारी अध्यक्ष व राजेश यादव महामंत्री निर्वाचित हुए, सुनील तिवारी ने सीधी टक्कर मे बलराम सिंह यादव को 28 वोटों से हरा दिया, सुनील तिवारी को 117 वोट मिले, बलराम सिंह को 89 बोट मिले, जबकि महामंत्री चुने गये राजेश यादव 105 वोट मिले, उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अजय सोनकर को 17 वोटों से हराया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष में रामकुमार शर्मा पहले ही निर्वाचित हो चुके हैं कनिष्ठ उपाध्यक्ष में अभिषेक सचान को 129 वोट मिले, जबकि सूर्यभान संखवार को 78 बोट मिले, नतीजे घोषित होते ही समर्थकों ने जशन मनाया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोष्ठी एवं पौधरोपण करके कार्यक्रम मनाया गया। विद्यालय में अमरूद नीम हरसिंगार आदि का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भारत सिंह ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए इनके द्वारा शुद्ध वायु एवं प्रकृति से लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पोलीथिन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस मौके विद्यालय के आचार्य रामकुमार शुक्ल जितेन्द्र कुमार प्रजापति आनन्द कुमार आदि आचार्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### इंगोहटा बस स्टॉप की दो दुकानों से 30 हजार की रेजगारी चोरी

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बस स्टॉप इंगोहटा में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो दुकानों का टट्टर तोड़कर लगभग 30 हजार रुपये की रोजगारी और सामग्री चुरा ली। इस घटना की जानकारी पीड़ित दुकानदारों ने स्थानीय पुलिस को दे दी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से इलाके के दुकानदारों में भय और चिंता का माहौल बन गया है। दुकानदार लक्ष्मी साहू और वरदानी साहू ने बताया कि बुधवार की शाम को वह दुकान बंद करके घर चले गए थे सुबह आकर देखा तो टट्टर टूटा हुआ था गुटखाए पान मसालाए सिगरेट सहित दोनों दुकानों की लगभग तीस हजार की रेजगारी गायब थीए वहां के व्यापारियों ने बताया कि इससे पहले भी वहां चोरी की घटनाएं हो चुकी हैंए लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की हैए ताकि व्यापारियों में विश्वास बहाल हो सके और वे सुरक्षित माहौल में अपना व्यवसाय चला सकें।

### एक दर्जन गौशालाओं के टीन शेड उड़े

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात आई आंधी से ग्राम पंचायतों में बेसहारा गोवंश के लिए अस्थाई गौशालाओं में बने टीनशेड उड़ गए। करीब एक दर्जन पंचायतों की गौशालाओं में नुकसान की खबर सामने आई है।बीती रात आई आंधी से ग्राम पंचायत टिकरौलीए बिलहडी जलाला पारा ओझीए पत्योरा टेढा बांकी आदि एक दर्जन पंचायतों में बेसहारा गोवंश के लिए बनाए गए टीन शेड आंधी में उड़ गये हैं। वहीं कस्बे के बांकी मार्ग में बने जल संस्थान कार्यालय की बाउंड्री वाल में नीम का पेड़ गिर जाने से 10 मीटर बाउंड्री वाल क्षतिग्रस्त हो गई है। श्री गायत्री विद्यामंदिर इंटर कॉलेज के अंदर बनी बाउंड्री वाल का कुछ हिस्सा आंधी से क्षतिग्रस्त हो गया है।

### रोडवेज बस ने दो भैसों को कुचला, चालक फरार

**मौदहा (हमीरपुर)।** महोबा से लखनऊ जा रही सरकारी बस में ग्राम नरायच में दो भैंसों को कुचल दिया जिससे दोनों भैंसों की घटनास्थल पर मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस में अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम नरायच निवासी राम बदन पुत्र राम अवतार में कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि बुधवार की शाम उसकी भैंसें खेत से चरकर वापस घर लौट रही थी तभी राजमार्ग पर महोबा डिपो की बस के चालक ने उसकी भैंसों को टक्कर मार दी जिससे उसकी दो भैंसों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बस चालक बस समेत मौदहा की ओर भाग निकला। गुस्साए ग्रामीणों ने बस का पीछा कर बड़े चौराहे पर बस को चालक समेत कब्जे में ले लिया हालांकि मौका मिलते ही बस चालक मौके से भाग निकला। राम बदन की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना के बाद उक्त बस की सवारियों को पीछे आ रही दूसरी बस में बड़े चौराहे से बैठकर उन्हें रवाना किया गया।

### ट्रेन से गिरकर युवक घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** अपने गांव से बांदा जाने के लिए ट्रेन में चढ़ रहा युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल से ईलाज के बाद मुख्यालय रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम खंडेह अकोना निवासी अवधेश बुधवार की शाम खजुराहो पैसेंजर से बांदा जाने के लिए पहुंच तो ट्रेन चल चुकी थी वह दौड़कर ट्रेन में चढ़ने लगा तभी अवधेश का संतुलन बिगड़ने से वह रेल्वे ट्रैक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा लाया गया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

### बाइकसवार तीन युवक घायल, सदर अस्पताल रेफर

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के स्विमिंग पूल से नहा कर वापस अपने गांव जा रहे एक बाईक में तीन सवार संतुलन बिगड़ने से गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सरकारी अस्पताल से ईलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम करहिया निवासी लवकुश 16 वर्ष पुत्र बचनेशएराहुल 28 वर्ष पुत्र विश्राम व सोहित 10 वर्ष पुत्र कमलेश गुरुवार को बाईक से नगर के कपसा मार्ग स्थित एक स्विमिंग पूल में नहाने आए थे जब वह स्विमिंग पूल से नहा कर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे तभी ग्राम सिजनौडा व करहिया के बीच संतुलन बिगड़ने से उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिस पर तीनों सवारों के गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें लहु लुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक उनकी हालत चिंताजनक देख उनका प्राथमिक ईलाज कर उन्हें मुख्यालय रेफर कर दिया। किसी भी बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

## रिठौराडांडा में बनने वाले अस्पताल व ट्रामा सेंटर के नक्शे को पर्यावरण विभाग ने किया खारिज

**कार्यदायी संस्था को नये व उचित नक्शा बनाने का दिया आदेश, अस्पताल निर्माण के लिये लगातार समीक्षा जारी, प्रकृति कंसलटेंश सर्विस को दी गयी जिम्मेदारी**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कुरारा क्षेत्र रिठौराडांडा गांव में स्थापित होने वाले दो सौ बेड का अस्पताल व ट्रामासेंटर में बुधवार को पर्यावरण विभाग ने कार्यदायी संस्था को अस्पताल के नक्शे को खारिज करते हुये फिर से उचित नक्शा बनाने के आदेश दिये है। शुक्रवार को फिर से पर्यावरण विभाग इस मामले में समीक्षा करेगा।

जानकारी के मुताबिक मुख्यालय से करीब बारह किलोमीटर दूर रिठोराडाडा गांव में स्थापित होने वाले अस्पताल व ट्रामासेंटर में कई वाधायें आना शुरु हो गयी है, अस्पताल के लिये पर्यावरण प्रदूषण व अन्य विभागों से एनओसी लेना अनिवार्य होता है। बुधवार को पर्यवारण विभाग के उच्चाधिकारियों ने एक आवश्यक बैठक लखनऊ में बुलाकर अस्पताल का नक्शा बनाये जाने की समीक्षा की जिसमे पाया का कार्यदायी संस्था प्रकृति कंसलटेंश सर्विस लखनऊ व लोनिवि बादा ने जो भवन का नक्शा बनाया है वह पर्याप्त नही है इसमे केवल आने जाने का केवल एक रास्ता दिया गया जो उचित नही है, क्योकि अस्पताल के अलावा मोर्चरी हाउस, दो सौ चौवन आवास प्रथम, दिवतीय, तृतीय, चतुर्थ टाइप के बनेगे। पर्यावरण विभाग ने साफ कहा है कि अस्पताल में कम से कम चार गेट बनाना आवश्यक है एक से मरीज आये दूसरे से जाये पोस्टमार्टम हाउस का रास्ता अलग से बनना चाहिये ट्रामा सेटंर का रास्ता अलग होना चाहिये इसके अलावा इमरजेंसी रास्ता अलग बनाना चाहिये क्योकि कभी भी आपदा के समय उस रास्ते का प्रयोग किया जा सके,वाउड्री वाल के आसपास पौधरोपण होना अनिवार्य है।

इसके अलावा पर्यावरण विभाग के उच्चाधिकारियों ने कई अतिआवश्यक निर्देश जारी किये है। रिठौरा डाडा अस्पताल के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डा संजय कुमार को बनाया गया है। शासन द्वारा दो सौ बेड के अस्पताल का लगातार समीक्षा की जा रही है। एक एक विंदु को लेकर सतर्कता बरती जा रही है ताकि अस्पताल के सभी मानक पूरे हो सके। कल फिर से समीक्षा की जानी है इसके बाद प्रदूषण विभाग से एनओसी व मिट्टी की जांच भी होगी सभी की रिपोर्ट लेने के बाद तब कही अस्पताल का निर्माण कार्य शुरु हो सकेगा। हालाकि समय समय पर कार्यदायी संस्था लोनिवि बादा के इंजीनियर आकर स्थान का निरीक्षण करते रहते है।

### सीएमओ कार्यालय की तेइस फिसलन भरी सीढ़िया विकलांगों व वृद्धों के लिये बनी जान की दुश्मन, कोई सुनने वाला नहीं

**हमीरपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी(सीएमओ) डा गीतम सिंह का दूसरी मंजिल में चमचमाता कार्यालय विकलांगों व वृद्धों के लिये सिरदर्द बना हुआ है, करीब एक साल से सीएमओ इसी चमचमाते कार्यालय में बैठते है जिसमे चिकने पत्थर लगे होने व तेईस सीढियों को पार कर कार्यालय जाना पडता है जिससे कभी भी किसी विकलांग व वृद्ध के साथ कोई दुर्घटना हो सकती है। हालाकि एक साल से कोई भी विकलांग कार्यालय चाह कर भी नही गया है क्योकि तेइस सीढ़ियो का चढ़ना और उसमे फिसलन भरे पत्थर लगे होने के कारण विकलांग हिम्मत नही जुटा पा रहा है विकलांगो ने मागं की थी कि यदि सीएमओ सुबह दोघंटे नीचे वाले कार्यालय में बैठे और विकलांगो एवं वृद्धो को पीडा को सुने तो ज्यादा अच्छा रहेगा। मगर इनअसहायों की मांग पर किसी ने ध्यान नही दिया है। विकलांगो का कहना है कि उनक दर्द भरी पीड़ा को कोई सुननेव वाला नहीं है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## रेलवे की सुरक्षा पर सवाल, कैसे बन रहीं रीलें

**सुमेरपुर हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

युवतियों के अंदर रेलवे स्टेशन एवं रेलवे ट्रैक पर रील बनाने का बुखार कम होने की बजाय बढ़ता जा रहा है। नित्या पांडे मंजीता के बाद मुख्यालय की निवासी पूजा सिंह की रील कस्बे के रेलवे स्टेशन पर बनी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। नित्या पांडे मंजीता को पुलिस एवं आरपीएफ ने चेतावनी देकर छोड़ चुकी है। तब से उनकी रील वायरल नहीं हुई है।

युवतियों के अंदर रील बनाने का जुनून सिर चढ़कर बोल रहा है। यह मौका पाते ही सार्वजनिक स्थानों के साथ सरकारी संस्थानों कार्यालयों के बाहर रील बनाकर वायरल कर देती है। मुख्यालय निवासी पूजा सिंह की एक रील कस्बे के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर बनी रील सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। लोगों ने इस रील पर तरह-तरह के कॉमेंट्स किए हैं। अब देखना यह है कि इस युवती के खिलाफ रेलवे प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।




## संजरी इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साप्ताहिक समर कैंप आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

संजरी इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 21 से 28 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभाग करने वाले बच्चे को प्रतिदिन अलग अलग एक्टिविटी के अलावा नई नई कलाओं से परिपूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। समर कैंप में खेल प्रशिक्षकों द्वारा खेलों के साथ साथ मार्शल आर्ट की बारीकियां भी सिखाई जा रही है। समर कैंप बच्चों को सामाजिक कौशल सिखाने में टीचर्स और स्टाफ भी सहयोग कर रहे है और टीमवर्क, संचार सहयोगात्मक समस्या समाधान आदि के गुर सिखा रहे हैं। कैंप में बच्चे भी भरपूर आनंद ले रहे हैं।संजरी इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के समर कैंप के प्रथम दिन बच्चों को प्रशिक्षकों द्वारा मार्शल आर्ट की बारीकियों से रुबरू कराया गया जिसमें बच्चों ने सीखी गई कला का अद्धभुत प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय के व्यवस्थापक नसीम ने कहा कि मार्शल आर्ट्स का अर्थ है युद्ध कला, जो एक ऐसी प्रणाली है जिसमें लड़ाई, आत्मरक्षा और शरीर को मजबूत करने के लिए तकनीकें सिखाई जाती हैं। यह एक ऐसी कला है जो शरीर और मन को प्रशिक्षित करने का काम करती है और इसमें आत्म नियंत्रण, शक्ति और सहनशक्ति को विकसित किया जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों को समर कैंप की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि समर कैंप वास्तव में सीखने योग्य क्षणों, शारीरिक गतिविधि और साथियों से शक्तिशाली संदेश का एक अद्वितीय संयोजन प्रदान करते हैं। एक गुणवत्तापूर्ण शिविर अनुभव बच्चों को शक्तिशाली व्यक्तिगत कथाएं बनाने का मौका दे सकता है जो उन्हें दुनिया की व्याख्या करने में मदद करती हैं। कहा कि समर कैंप एक ऐसा माहौल प्रदान करता है, जहां बच्चे नई गतिविधियों की खोज कर सकते हैं और एक सुरक्षित और सहायक वातावरण में नए कौशल विकसित कर सकते हैं। इससे आत्मविश्वास और आत्मसम्मान का निर्माण करने में मदद मिलती है, क्योंकि जब बच्चे नई चीजों को आज़माते हैं और सफल होते हैं तो उन्हें उपलब्धि की भावना महसूस होती है। प्रधानाचार्य ने बताया कि समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले समस्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इस मौके पर स्कूल कोआर्डिनेटर मनतशा खान के अलावा मेघा, बुशरा, सोनिया, कविता, प्रीति सहित समस्त टीचरों ने अपना योगदान दिया।



## 30 मई को होने वाली प्रधानमंत्री की जनसभा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री के आगामी 30 मई को जिला मुख्यालय में प्रस्तावित जनसभा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नवीन सभागार, सरसैया घाट में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनसभा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए गए।

बैठक के दौरान सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, स्वच्छता तथा जनसभा स्थल की व्यवस्था सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने ये दिए अन्य महत्वपूर्ण निर्देश सुरक्षा की व्यापक समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बरतने एवं सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के लिए रूट प्लानिंग और पार्किंग व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। आपातकालीन चिकित्सा सेवा एवं एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए गए। जनसभा स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता व पेयजल की सुचारु व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। जनसभा स्थल की तैयारी की तैयारी के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा पंडाल, मंच, बैठने की व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था सहित सभी तकनीकी एवं व्यवस्थागत तैयारियों की समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन, डीसीपी ट्रैफिक रविन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी, समस्त अपर जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें ।

## एसडीएम ने जामुन की लकड़ी व मिट्टी खनन का ट्रैक्टर पकड़ा

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार की रात उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने भ्रमण के दौरान दो अवैध मिट्टी खनन के ट्रैक्टर व प्रतिबंधित जामुन की लकड़ी से भरा एक ट्रैक्टर पकड़ा है।

एसडीएम ने बताया कि मंगलवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। तभी चरखारी रोड राठ में मिट्टी से भरे दो ट्रैक्टर अवैध रूप से जा रहे थे। जिसको पकड़ कर कोतवाली को सुपुर्द करा दिया है। बताया कि सूचना खान निरीक्षक को फोन से लिखित रूप से कार्रवाई करने के लिए अवगत करा दिया गया है। इसके बाद रामलीला मैदान के सामने से ट्रैक्टर चालक सैदपुर गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र लाखन सिंह धमना से जामुन की एक ट्रैक्टर ट्राली लकड़ी अवैध कटान एवं अवैध अधिवाहन करके बिना किसी कागजात के जा रहा था। मौके पर चालक वाहन के कोई पेपर व ड्राइवर लाइसेंस व आधार कार्ड नहीं दिखा सका। बताया कि जिसको पकड़ कर वन क्षेत्राधिकारी के द्वारा कोतवाली में सुपुर्द कराकर वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ, जनपद-खीरी**

पत्रांक 82/ई-निविदा न.पा.प. गोला/2025-26 दिनांक- 14.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ में **"पन्द्रहवां वित्त आयोग टाइड ग्रान्ट प्रथम किस्त"** के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में निर्धारित श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद के पत्र सं. 82/न.पा.प.गो./2025-26 दिनांक 15.05.2025 द्वारा ई निविदा प्रकाशित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। अन्य शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की समस्त कार्यवाही http://etender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक 30.05.2025 को 11:00 बजे निविदा समिति के सम्मुख कार्यालय में खोली जायेगी। किसी कारण वश अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला कार्य दिवस मानी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा खरीदने की तिथि व समय<br>ई-निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 15.05.2025 समय 11:00 बजे से<br>29.05.2025 समय 05:00 बजे तक |
| ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 11:00 बजे से<br>29.05.2025 समय 05:00 बजे तक |
| ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 30.05.2025 समय 11:00 बजे अपरान्ह तक। |
| फाइनेन्सियल बिड खुलने की तिथि | तकनीकी बिड स्वीकृत होने के उपरान्त। |

**नोटः-** 1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्मानित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे।
2. सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा.प. गोला**

**अध्यक्ष**
**न.पा.प. गोला**

## न्याय प्रिय एवं शिक्षा को समर्पित था महारानी अहिल्याबाई होल्कर का शासनः जितेंद्र सिंह सेंगर

**महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान की जिला कार्यशाला आयोजित**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान की जिला कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी उपस्थिति रही। कार्यशाला की अध्यक्षता मोहनलाल कुशवाहा जिलाध्यक्ष द्वारा की गई एवं कार्यशाला का संचालन जिला कार्यशाला के संयोजक शशांक गुप्ता ने किया। मंच पर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, हमीरपुर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, अभियान के संयोजक अमित शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री सिद्ध गोपाल साहू ,चरखारी ब्लॉक प्रमुख सीमा कुशवाहा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विभा पुरवार उपस्थिति रही, कार्यशाला में अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजक, सभी मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सहित पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी, मोर्चाओं के अध्यक्ष महामंत्री सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने पुण्य श्लोक महारानी हाल अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला। पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर का जीवन शौर्य, साधना, सेवा, समर्पण, संयम और सादगी का अप्रीतम उदाहरण है। शिव की अनन्य भक्त लोक कल्याणकारी शासन, भूमिहीन किसानों भीलों जैसे जनजाति समूह तथा विधवाओं के हितों की रक्षा करने वाला एक आदर्श शासन था। समाज सुधार,कृषि सुधार, जल प्रबंधन, पर्यावरण, रक्षा, जन कल्याण और शिक्षा के प्रति समर्पित होने के साथ-साथ उनका शासन न्याय प्रेमी था न केवल अपने राज्य में आपूर्ति संपूर्ण देश के मंदिरों की पूजा व्यवस्था और उनके आर्थिक प्रबंधन पर भी उन्होंने विशेष ध्यान दिया रामेश्वरम बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक द्वारका से लेकर पूर्व पूरी तक आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों को उन्होंने पुनर्निर्माण कराया द्य उनका विश्वास अनावश्यक युद्ध में कभी नहीं रहा लेकिन उनके राज्य पर कुदृष्टि रखने वालों से निपटने में वह पूर्ण रूप से सक्षम थी। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध महेश्वरी साड़ी उद्योग स्थापित किया जिससे देशभर के व्यापारी आकर्षित हुए और इंदौर आने लगे इस उद्योग में युद्ध में बलिदान सैनिकों की पत्नी कैदियों की पत्नी को उद्योग में लगाया जिससे उनके परिवार पाल सकें एवं इससे महिलाएं स्वालंबी भी हुई। इस मौके पर भाजपा के आशीष अवस्थी, रवीन्द्र महेंद्र, वैभव और जरिया दीपाली तिवारी निधि त्रिपाठी शिवम सिंह भागीरथ राहुल अग्रवाल आदि भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।



# पीएम आवास योजना के तहत बन रहे 288 आवास

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत बाराबंकी नगर के जगनेहटा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के शहरी नागरिकों के लिए बनाए जा रहे 288 बहुमंजिला आवासों का निरीक्षण को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से कहा कि कार्यो को मानक की विशिष्टताओ के अनुरूप शीघ्र पूर्ण किया जाये।



**छह टॉवरों में 288 फ्लैट:** जगनेहटा में निर्माणाधीन इस परियोजना के तहत 6 टॉवरों में कुल 288 एक बेडरूम फ्लैट का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप घटक के तहत संचालित है। इस परियोजना हेतु शासन द्वारा 16.37 करोड़ स्वीकृत हुआ है और निर्माण कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है। जल्द ही फिनिशिंग टच, सीवर ड्रेनेज, बिजली कनेक्शन एवं सौंदर्यीकरण जैसे शेष कार्यों को पूरा किया जाएगा। **मूलभूत सुविधाओं से युक्त आधुनिक आवास:** प्रत्येक आवास में शौचालय, रसोईघर, बिजली, जल आपूर्ति एवं वेंटिलेशन की सुविधा दी जा रही है। परिसर में सड़क, नाली, सामुदायिक स्थल, पेयजल टंकी ग्रीन एरिया एवं पर्याप्त पार्किंग की भी व्यवस्था की जा रही है।

**सब्सिडी और लागत संरचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत हर लाभार्थी को केंद्र सरकार द्वारा 1.50 लाख, राज्य सरकार द्वारा 1.00 लाख की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक लाभार्थी को केवल लगभग 3.50 लाख का अंशदान वहन करना होगा। एक आवास की औसत कुल लागत लगभग 6.00 लाख से अधिक आती है जिसमें से लगभग 42 प्रतिशत भाग सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। यह सब्सिडी सीधे निर्माण लागत में समाहित की गई है जिससे लाभार्थियों को न्यूनतम आर्थिक भार में पक्का और सुविधाजनक आवास उपलब्ध हो रहा है।

- परियोजना लागत 16.37 करोड़ कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण
- डीएम-सीडीओ ने किया निर्माणाधीन टॉवरों का निरीक्षण

# विषाणु जनित रोगों से मूंग-उड़द की फसल को बचाएं किसानः रिंकी चौहान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

केवीके हैदरगढ़ की वैज्ञानिक डॉक्टर रिंकी चौहन ने वर्तमान समय में जायद मूंग और उरद की फसल में लग रहे पीला शिरा मोजेक व चित्रवर्ण रोग के लक्षण और उससे बचाव के उपाय बताएं और किसानों से अपनी फसल की सुरक्षा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि फसलों में लगने वाला यह रोग विषाणु जनित रोग है जो मूंग और उरद की फसल को नुकसान पहुंचाता है। बताया कि फसल में इस रोग के लगने से पत्तियो पर पीले कलर के धब्बे पड़ जाते हैं और पत्तियों की सिराएं भी पीली पड़ जाती हैं जिससे वह सिकुड़ जाती है फलियां कम बनने से उत्पादन में भी



कमी आ जाती है जिससे किसानों को इसका नुकसान भुगतना पड़ता है और किसानों को अच्छे दाम नहीं मिल पाते हैं। बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि उर्दए मूंग की फसल में सायंकाल सिंचाई करे। फसल में नमी बनाए रखना अति आवश्यक है। यह रोग व्हाइटफ्लाई यानी कि सफेद मक्खी के द्वारा फैलता है। खेत में यह रोग दिखाई दे तो प्रभावित पौधे को सावधानीपूर्वक उखाड़ कर जला दे या फिर नष्ट कर दे जिससे कि यह रोग और ज्यादा न फैल पाए। इसके अलावा खेत में 5 से 10 प्रौढ मक्खी प्रति पौध की दर से दिखाई दे तो ऑक्सीडीमेटोन मिथाइल 25 की 1 मिली मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा डाईमिथोएट 30ई सी 1 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से 600 से 800 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। इसके अलावा हमें खेत में साफ सफाई बनाए रखना चाहिए। खरपतवार को नष्ट करना चाहिए। खेत में नीला स्टिकी ट्रैप लगाना चाहिए जिससे कि यह सफेद मक्खी उस ट्रैप में चिपक जाए और यह रोग फैलने से बच जाए इसके अलावा हमें मूंग और उड़द की रोग प्रतिरोधक किस्म का भी चयन करना चाहिए जिसमें यह रोग कम लगता हो या फिर नही लगता हो।

## शौर्य तिरंगा यात्रा निकालकर दिया सन्देश

**जैदपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** हरख ब्लॉक परिसर से निकाली गई भारत शौर्य तिरंगा यात्रा ब्लॉक प्रमुख सहित भारी संख्या में अन्य लोग भी मौजूद थे। बताते चलें कि गुरुवार को हरख ब्लॉक परिसर से ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के प्रदर्शन का वंदन अभिनंदन करते हुये 10 बजे भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें भारतीय सेवा के शौर्य और पराक्रम को नमन किया गया। और भारत माता की जय वंदे मातरम के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। हरख ब्लाक प्रमुख रवि रावत के नेतृत्व मे निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा मे हरख मंडल अध्यक्ष आरती रावत, मंडल उपाध्यक्ष रामविलास वर्मा, राजन बक्शोर, प्रमोद गोस्वामी सहित सैकड़ो की संख्या मे लोग मौजूद रहें।



## सभासद ने नाली निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत के वार्ड छोटी बाजार मे नाली निर्माण कार्य चल रहा है। चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम और वार्ड सभासद मोहम्मद कासिम ने कार्य स्थल का दौरा किया। उन्होने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। वार्ड सभासद कासिम के प्रयासो से कई वर्षो के बाद जर्जर नालियो का पुनर्निर्माण हो रहा है।स्थानीय दुकानदारो ने इस कार्य पर संतोष व्यक्त किया है। वार्ड सभासद कासिम ने बताया कि पुरानी नालियां काफी जर्जर हो चुकी थीं।अधिकारियो ने ठेकेदारो को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्हे गुणवत्ता मानकों का पालन करने की हिदायत भी दी गई है इस मौके चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम, सभासद कासिम, प्रदीप लिपिक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# कृषि विकास योजनाओं की अवर सचिव ने जानी हकीकत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत संचालित योजनाओं में कृषि यंत्रीकरण के विभिन्न अनुदानों से लाभान्वित कृषकों कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा किये जा रहे कार्य की समीक्षा हेतु भारत सरकार के अन्डर सेक्रेटरी रियाजुल हक, भारत सरकार के निदेशक वित्त विपुल कुमार त्रिपाठी एवं गन्ना निदेशालय, उप्र के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह द्वारा जनपद बाराबंकी का भ्रमण कर किसान कल्याण केन्द्र में समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी राजित राम, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, डॉ. धीरेन्द्र सिंह एवं 100 से अधिक लाभार्थी कृषक एवं कृषक उत्पादक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। टीम द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत निर्मित किसान कल्याण केन्द्र बंकी का निरीक्षण किया गया।



इसके उपरान्त खरीफ उत्पादन रणनीति पर चर्चा एवं यंत्रीकरण के लाभार्थी कृषकों कृषक उत्पादक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ परिचर्चा हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में टीम द्वारा यंत्रीकरण योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर एवं फार्म मशीनरी बैंक के लाभार्थियों एवं कृषक उत्पादक संगठन के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनके द्वारा अनुदानित यंत्रों के माध्यम से किये जा रहे कार्यो की जानकारी प्राप्त की गई एवं कृषक उत्पादक संगठनों के स्तर से किये जा रहे अन्य कार्यो का विवरण भी प्राप्त किया गया। आमदनी एग्रो प्रोड्यूसर क. लि. के निदेशक श्री शाकिब, राम आसरे एग्रो प्रोड्यूसर क.लि. हरख, के निदेशक कुलदीप एवं हरख फार्मर प्रोड्यूर कम्पनी लि.ए हरख के निदेशक वीरेन्द्र वर्मा द्वारा अपने कृषक उत्पादक संगठन के माध्यम से किये जा रहे कार्यो, विपणन आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध कराते हुये बताया गया कि उन सभी का वार्षिक टर्न ओवर एक करोड़ से अधिक है।

इसके उपरान्त टीम द्वारा हरख फार्म प्रोड्यूर कम्पनी के न्योली हरख स्थित कार्यालय का भ्रमण कर फार्म मशीनरी बैंक के अन्तर्गत उपलब्ध कराये गये यत्रों एवं यत्रों के माध्यम से किये गये कार्यो के अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा जनपद के कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा किये जा रहे कार्यो पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

## कैंटीन में बेची जा रही शराब, युवक गिरफ्तार

**मसौली, बाराबंकी।** थाना व कस्बा मसौली स्थित डाकखाने के निकट स्थित कैंटीन मे अवैध रूप से शराब बेच रहे एक युवक को मसौली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 सौ एमएल के 24 विंडीज पाउवे बरामद किये। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के निर्देश पर उयनिरीक्षक राहुल शर्मा अपने हमराही प्रियाँशु यादव के साथ बड़ागांव मोड पर वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली एक कस्बा मसौली स्थित डाकखाने के निकट स्थित कैंटीन मे अवैध रूप से शराब बेचीं जा रही है सूचना पर पहुंची पुलिस ने कैंटीन मे अवैध रूप से शराब बेच रहे खरैला कुआ निवासी अनुराग मौर्य पुत्र जामवंत मौर्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विंडीज के 24 पाउवे बरामद किये पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

## खेत मे पानी लगाने गये किसान की बाइक चोरी

**मसौली, बाराबंकी।** मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बनियातारा स्थित खेत मे पानी लगाने गये मुबारकपुर निवासी सुभाषचंद्र की बाईक चोरी हो गयी। काफी तलाश के बाद भी बाईक का पता न चलने पर पीड़ित ने थाने पर बाईक चोरी की तहरीर दी है।सफ्दरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर निवासी सुभाषचंद्र पुत्र नंदकिशोर बुधवार की देर शाम मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बनियातारा स्थित अपने खेत मे पानी लगाने गया था अपनी हीरो प्रो बाईक नम्बर यूपी 41 वाई 9293 को सड़क किनारे खड़ी कर खेत मे चला गया तभी आये एक अज्ञात व्यक्ति ने बाईक को स्टार्ट कर फरार हो गया पीड़ित ने काफी तलाश की परन्तु पता नही चल सका मसौली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाईक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## खबरें एक नजर में

### कार चला रहे नाबालिक ने युवक को रौंदा



**बाराबंकी।** कोतवाली नगर क्षेत्र में अयोध्या हाइवे पर पल्हरी के निकट बस से उतरकर सड़क पार रहे युवक को नाबालिग किशोर कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामसनेहीघाट क्षेत्र के ग्राम महराजगंज निवासी परमात्मादीन तिवारी का पुत्र दुर्गेश तिवारी 26 वर्ष किसी काम से बाराबंकी आ रहा था। वह बस से उतरा और सड़क के दूसरी तरफ उसका भाई बाइक लेकर दुर्गेश को लेने खड़ा थाए जिसके पास जाने के लिए वह सड़क पार करने लगा इतने में नाबालिग चला रहा फॉक्सवैगन कार नम्बर यूपी 41 बीसी 5583 चालक ने जोरदार टक्कर ने रौंद दिया जिससे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### चौकीदार की मौत से परिजनों में कोहराम

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत के एमआरएफसेंटर पर चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियो मे मौत हो गई।चौकीदार की मौत से परिजनो मे कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक जैदपुर नगर पंचायत अंतर्गत मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी यानी एमआरएफसेंटर पर कार्यरत चौकीदार मुंशीराम की गुरुवार करीब 2 बजे अचानक हालत खराब हो गई।आसपास के लोग कुछ समझ पाते जब तक उनकी हालत बेहद गंभीर हो गई। इसकी सूचना तत्काल उनके परिजनो को दी गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उन्हे आनन-फानन मे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही मौत होने की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### स्वास्थ्य शिविर में 224 मरीजों का हुआ परीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** रामपुर कटरा में नेशनल क्लिनिक के तत्वाधान में गुरुवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 224 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवाएं वितरित कीं।जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद शहंशाह ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है। उन्होंने अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे शिविरों के आयोजन पर जोर दिया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. जाहिद खान के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। टीम में नेशनल क्रिटीकेयर एंड डायलसीस सेंटर के डायरेक्टर डॉ फर्रुख हुसैन किदवाई, डॉ. रिजवान किदवाई, डॉ. सफवान किदवाई, डॉ सायमा अजीम, डॉ शफीक, डॉ. फुरकान और रिलीफ हॉस्पिटल लखनऊ के डायरेक्टर डॉ मुबसीर खान शामिल थे। कस्बे और आसपास के दूरदराज के गांवों से मरीज शिविर में पहुंचे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मो. कलाम, समाजसेवी मो. नसीम खान, डॉ. कामिल अदनान मियां, रिजवान मियां सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मोहनी शर्मा निर्विरोध चुनी गई कोटेदार



**जैदपुर बाराबंकी।** ग्राम रहीमाबाद मे सस्ता गल्ला विक्रेता दुकान संचालक के चयन हेतु खुली बैठक का आयोजन हुआ।बैठक मे 21 वर्षीय मोहिनी शर्मा निर्विरोध चुनाव किया गया। जानकारी के अनुसार हरख ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रहीमाबाद मे सस्ता गल्ला विक्रेता संचालक की खुली बैठक का आयोजन गुरुवार करीब 1 बजे पंचायत भवन मे किया गया। जिसमे ग्रामीणो की सर्व सहमति से 21 वर्षीय मोहनी शर्मा पुत्री बुद्धि लाल को कोटेदार के रूप में चयनित किया गया। इस मौके पर सचिव अटल बिहारी मिश्रा, केके सिंह, शैलजा तिवारी, एडीओ आईएसबी आलोक सिंह, एडीओ पंचायत बृजेश कुमार, जेई ईएमआई राकेश पांडे सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## अधेड़ ने गमछे से फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रामपुरा,जालौन।** रामपुरा थानान्तर्गत नगर पंचायत ऊमरी में मुख्य बाजार वार्ड नंबर 9 में अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरे में गमछे से एक अधेड़ ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। नगर पंचायत ऊमरी मे बाजार के मंदिर के पास वार्ड नं 09 मुहल्ला मझबखरिया निवासी राजीव उर्फरामू पुत्र रामजी उम्र लगभग 50 वर्ष ने गुरुवार को सुबह समय लगभग 9 बजे अपने घर के कमरे में लगे कुंडे में गमछे से फंद्रा लगाकर अपनी जीवनशैली समाप्त कर ली। मृतक अपने घर मे छोटे भाई श्यामू के साथ रहता था। मृतक की पत्नी बच्चों के साथ मायके में रहती थी। जिस समय रामू ने फांसी लगाई उस समय घर में कोई नहीं था। श्यामू खेतों पर काम करने के लिए गया हुआ था। जब श्यामू घर वापस लौटा तो बड़े भाई को फाँसी पर लटका देख चीख पुकार मचाने लगा।

# पाइप लाइन बिछाने में बाधक बने 27 ग्राम प्रधानों पर होगी कार्रवाई

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने हेतु सीडब्ल्यूआर और नलकूप संख्या-2 को शहरी फीडर से जोड़ने के लिए संयुक्त टीम से प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि उरई नगर पुनर्गठन पेयजल योजना (फेज-2, अमृत योजना) के तहत उमरारखेड़ा और बंशीधर महाविद्यालय के पास बने नलकूप फिलहाल ग्रामीण फीडर से उर्जित हैं, जिन्हें जल्द ही शहरी फीडर से जोड़ा जाए। ग्राम पंचायतों में कार्य कर रहीं कार्यकारी एजेंसियां जीवीपीआर और बीजीसीसी को लगभग 27 ग्राम प्रधानों द्वारा पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की शिकायत मिली है। इस पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ऐसे प्रधानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। 12 स्थानों पर विद्युत आपूर्ति न होने से पेयजल व्यवस्था प्रभावित है। उन्होंने निर्देश दिए कि माह के अंत तक सभी विद्युत कार्यों को पूर्ण किया जाए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को अनिवार्य बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एक माह के भीतर सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन कार्य पूरा कर लिया जाए। संबंधित अधिकारी कार्य का स्थलीय सत्यापन भी करें। समीक्षा बैठक में बीजीसीसी द्वारा कार्य में रुचि न लेने पर जिलाधिकारी ने शासन को पत्र भेजकर कार्रवाई की संस्तुति की। साथ ही अधिशासी अभियंता ग्रामीण व टीपीआई पर भी सख्त नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर दिन-रात कार्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।





- कांट्रैक्टिक एजेंसी बीजीसीसी की उदासीनता पर सख्त रुख
- रोड रेस्टोरेशन शेष गांव को करें जल्द संतृप्ति, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्यवाही

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अधीक्षण अभियंता नंदलाल, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अमित सक्सेना, अधिशासी अभियंता ग्रामीण आंचल गुप्ता आदि सहित संबंधित अधिकारी व एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आबकारी की संयुक्त टीम ने पकड़ी 6 लाख की शराब, आरोपी गिरफ्तार

**सरकारी दुकानों पर धड़ल्ले से की जा रही थी बिक्री, मुख्य आरोपी की तलाश में पुलिस ने बिछाया जाल**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पुलिस व आबकारी विभाग को संयुक्त टीम ने अवैध शराब के माफियाओं के विरुद्ध अभियान चला दिया। जिसमें जिले में सरकारी दुकानों पर धड़ल्ले से बेंची जा रही अवैध शराब की 51 पेंटी बरामद की गई है। बल्कि एक को मौके से हिरासत में लिया गया और पूंछतांछ के बाद मुख्य आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई। बता दें कि जिले में शराब माफियाओं द्वारा अवैध शराब की बिक्री की शिकायते मिल रही थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए आबकारी व पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से शहर कोतवाली क्षेत्र के उमरार खेडा कम्पोजिट शराब की दुकान पर छापेमारी की गई। जहां शराब की स्कैनिंग में दुकान पर अवैध शराब पाई गई। मामले को संज्ञान में लेते हुए जब दुकान के सेल्समैन से पूंछतांछ की गई। तो उसने अवैध शराब की बिक्री की बात कबूल की और पूरे कहानी विस्तार से बताई।



पूछताछ के बाद संयुक्त टीम ने सेल्समैन की निशानदेही पर शहर क्षेत्र के ही ग्राम रगेदा में दबिश डाल दी। जहां पर एक मकान की घेराबंदी कर तलाशी के दौरान 51 पेटियां अवैध शराब की बरामद की। बरामद की गई शराब पिछले वर्ष निरस्त की गई शराब की दुकानों की थी। जिसे इस वर्ष शराब की दुकानों पर अवैध रूप से बेचा जा रहा था। मामले का खुलासा करते हुए एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने बताया कि मामले में एक युवक की गिरफ्तारी की गई है। साथ ही एक अन्य युवक की तलाश की जा रही है। जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं कम्पोजिट शराब की दुकान जहां यह शराब बेंची जा रही थी, उसके लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 6 लाख बताई जा रही है।

## सामान देने के रुपये मांगने पर दुकानदार को पीटा

**जालौन,उरई।** दुकान से सामान लेने के बाद जब दुकानदार ने रुपये मांगे तो ग्राहक उसे धमकाने लगे। मना करने पर दुकानदार के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी तौफीक ने पुलिस को बताया कि उसकी मोहल्ला भवानीराम में कन्फैक्शनरी की दुकान है। इसी दुकान से ही वह अपने परिवार का भरण पोषण करता है। दुकानदार ने आरोप लगाया कि बुधवार की रात वह अपनी दुकान पर था। तभी वहां रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम रूरा निवासी राज व एक अज्ञात युवक आए और दुकान से कुछ सामान लिया। सामान लेने के बाद वह वहां से जाने लगे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने बड़े पुत्र अजमत अली को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सारे सम्बन्ध समाप्त कर लिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**मो. रजा पुत्र आशिक मोहम्मद ग्राम व पोस्ट बांसा, थाना मसौली, तहसील नवाबगंज, जिला-बाराबंकी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अर्चना का चाल-चलन ठीक न होने के कारण उसने अपनी मर्जी से कुलदीप शुक्ला नाम के व्यक्ति से विवाह कर लिया है। इस कारण मैंने उससे अपने सारे रिश्ते समाप्त कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**मिश्रीलाल पुत्र शंकर ग्राम सिसवारा, पोस्ट घेरी, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में कक्षा 05 की टी.सी. में राजवर्मा पुत्र तेजपाल वर्मा अंकित हो गया था, जो नाम उसके कुछ आवश्यक प्रपत्रों में भी अंकित है। वर्तमान में उसे बदलकर युवराज वर्मा पुत्र तेजपाल वर्मा रख लिया है। अतः भविष्य में अब मुझे युवराज वर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**युवराज वर्मा पुत्र तेजपाल वर्मा निवासी ग्राम अमघट पो. करनपुर जिला खीरी, वारिद हाल मोहल्ला रामनगर, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी।**

# वैश्य एकता परिषद ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद इटावा के जिला अध्यक्ष हरिओम गुप्ता जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता के नेतृत्व में आज मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी इटावा को दिया ज्ञापन में मांग की।

जनपद कन्नौज के छिबरामऊ नगर में हृदय विदारक घटना जिसमें एक मासूम बालिका रुचि गुप्ता (लाडो) पुत्री राजेश गुप्ता कृष्णा हॉस्पिटल के डॉक्टर वैभव दुबे द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से रुचि गुप्ता की दर्दनाक हत्या हो गई थी तदोपरांत पीड़ित परिवार एवं स्थानीय लोगों ने न्यायिक जांच की मांग की तो छिबरामऊ पुलिस प्रशासन ने उल्टे पीड़ित पारिवारिक लोगों कों ही लाठीचार्ज से महिलाओं पुरुषों को घायल कर दिया पीड़ित परिवार एवं स्थानीय लोगों ने न्यायिक जांच के लिए थाना कोतवाली छिबरामऊ पर शांतिपूर्ण धरने पर बैठे पुलिस प्रशासन ने लाठी चार्ज करते हुए धरनें पर बैठे लोगों को ही घायल कर दिया।



अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद जनपद इटावा पुरजोर इस घटना का विरोध करता है और मांग करता है अवैधानिक कृष्णा हॉस्पिटल एवं डॉक्टर वैभव दुबे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए पीड़ित परिवार को पचास लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए लाठी चार्ज करने वाले दोषी पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए पीड़ित परिवार एवं व्यापारी नगर वासियों पर झूठे मुकदमे वापस लिया जाए। ज्ञापन में हरिओम गुप्ता आलोक गुप्ता अंजय गुप्ता आनन्द मित्तल जय कुमार गुप्ता शशी भूषण केसरवानी अंजय गुप्ता एडवोकेट विवेक गुप्ता आशुतोष पोरवाल राजेश अग्रवाल सुमित गर्ग राजेश गुप्ता कन्हैया गुप्ता कुलदीप गुप्ता गौरव पोरवाल एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

# किशोरियों का कराया एक्सपोजर विजिट

- अर्चना वर्मा ने बालिकाओं को पोषण युक्त भोजन और 10 फूड ग्रुप की दी जानकारी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

वात्सलय संस्था के द्वारा 32 किशोरी बालिकाओं के लिए एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया। इस दौरान बालिकाओं को विभिन्न सरकारी संस्थानों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। सीबू जनसेवा केंद्र में बालिकाओं को प्रमाण पत्र, पेंशन और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।



भारतीय स्टेट बैंक में शाखा प्रबंधक अखिलेश कुमार ने शिक्षा ऋण और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के बारे में बताया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी अनूप कुमार ने किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा की। इस दौरान 8 बालिकाओं का टीडी टीकाकरण भी किया गया। समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय में अर्चना वर्मा ने बालिकाओं को पोषण युक्त भोजन और 10 फूड ग्रुप की जानकारी दी। कार्यक्रम में नीलमा गुप्ता, ब्लॉक समन्वयक प्रेम शंकर, आरिफ राधा, प्रियांशी, काजल और अकाउंट प्रभारी योगेश ने सहभागिता की।

# डॉ.नीरज बोरा ने कड़ी कार्रवाई का दिया आश्वासन

**▸ ग्राम बेहटा पहुंचकर मृतक छात्रा के परिजनों से की भेंट**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ उत्तर से विधायक, भाजपा विधान मंडल दल के सचेतक/सचिव और इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज बोरा ने ग्राम बेहटा पहुंचकर मृतक छात्रा के परिजनों से भेंट की। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। डॉ. बोरा ने बताया कि इस घटना के संबंध में 21 मई को ही उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दोषियों को कठोर दंड और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की थी। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि इस मामले में सभी दोषियों को कानूनी रूप से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि इस प्रकरण में दो मुख्य दोषी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं, और शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। डॉ. बोरा ने परिजनों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि कुछ लोग इस घटना का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए कर रहे हैं। उनका उद्देश्य न्याय दिलाना नहीं, बल्कि केवल विवाद भड़काना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका और उनकी पार्टी का एकमात्र लक्ष्य दोषियों को सजा दिलाना और पीड़ित परिवार को न्याय सुनिश्चित करना है। इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष भी रखा जाएगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता और दिनेश गुप्ता ने भी मृतक छात्रा के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। उनके साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता (लालू), करुणा शंकर गुप्ता, आनंद गुप्ता (महिंद्रा), अवनीश गुप्ता (मोदी), सत्यम गुप्ता, शिव अवतार गुप्ता, प्रदीप गुप्ता (राना), धर्मेंद्र गुप्ता (नगर अध्यक्ष, गुरसहायगंज), मुकेश गुप्ता (सौरिख), ध्रुव गुप्ता, राजेश गुप्ता, और कैलाश चंद गुप्ता (जिलाध्यक्ष, फर्रूखाबाद) भी उपस्थित रहे।

# अस्पतालों में साफ-सफाई न मिलने पर एसडीएम नाराज



अस्पताल का निरीक्षण करती एसडीएम सदर नवनीता राय व मौजूद अन्य

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के पंजीकृत निजी चिकित्सालयों के रजिस्ट्रेशन/ मानक के संबंध में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में उप जिलाधिकारी सदर नवनीता राय ने विकास खण्ड सदर के आर्यन हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, फॉर्चून हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, रजवंत हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, शिव शक्ति हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर व ललिता नर्सिंग कन्नौज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उक्त समस्त निजी अस्पतालों में शौचालय उपलब्ध पाया गया। किंतु शौचालय में साफ- सफाई का अभाव मिला। एमबीबीएस डॉक्टर सभी अस्पतालों में आते हैं। किंतु मौके पर कोई भी उपस्थित नहीं मिला। जो अस्पताल बेसमेंट में है। उनमें एयर वेंटीलेशन प्रॉपर नहीं है। लेबर रूम में प्रकाश की व्यवस्था नही मिली। अस्पताल रजिस्ट्रेशन, फायर एनओसी पाई गई। पानी की पेयजल की व्यवस्था ठीक पाई गई। स्टाफ नर्स तथा स्वीपर भी मौजूद थे ऑपरेशन थिएटर सभी अस्पतालों में पाया गया। साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी। जिसके संबंध में सभी को सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुरेंद्र चौधरी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जितेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## काम के पैसे न देने का युवक पर लगाया आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम तेराजाकेट निवासी विनोद शर्मा पुत्र ब्रह्मानंद ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते 03 मई को तेराजाकेट निवासी एक युवक के यहां उसने बोरिंग का ठेका लिया था। काम पूरा होने के बाद जब वह पैसा मांगने गया, तो उन्होंने गाली गलौज करना शुरू कर दिया।

विरोध करने पर मुझे मारा पीटा और मेरी जेब में पड़े लगभग 18000 रुपये छीन लिए। जब मैंने पैसे वापस मांगे तो मुझे जान से मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद एससी एसटी के झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अहिल्याबाई ने लोकहित को दी प्राथमिकता

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मौजूद भाजपाई

अहिल्याबाई होलकर की जयंती के मौके पर उनके जीवन और उपलब्धियों के बारे में हमें जानना चाहिए। पिछली सरकारों में महिलाओं के भागीदारी को अनदेखा किया गया। लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने दो महिलाओं अधिकारियो को ही मिशन सिंदूर की जिम्मेदारी दी। पीएम सदैव कहते है। कि महिलाओं की भागीदारी के बिना हम विकसित भारत की कल्पना नहीं कर सकते है। यह बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने कही। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्म स्मृति अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी रहे। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई एक सामान्य परिवार में जन्मीं थीं। उनके जीवन का संघर्ष हम सबको जानना चाहिए। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि भारत के इतिहास में कई ऐसी वीरांगनाएं हुईं। जिन्होंने अपने अद्वितीय शासन और दूरदर्शिता से इतिहास के पन्नों और कहानियों में अमिट छाप छोड़ी। इन्हीं में से एक मालवा की रानी अहिल्या बाई होलकर थी। उन्हें आज भी एक आदर्श प्रशासिका, न्यायप्रिय शासिका और धर्मपरायण महिला के रूप में याद किया जाता है। रानी अहिल्याबाई होल्कर अत्यंत दूरदर्शी प्रशासनिक महिला थी। उन्होंने व्यक्तिगत सुख सुविधाओं को छोड़कर लोक हित को सर्वोपरि प्राथमिकता दी। उन्होंने महिलाओं को सम्मान दिलाने का काम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की। इस मौके पर विधायक कैलाश राजपूत, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, अभियान संयोजक व जिला उपाध्यक्ष आर्वेश पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत सहित सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

## भागवत कथा सुनने से जीव को मोक्ष की होती प्राप्तिः आचार्य



कथावाचक कुलदीप कृष्ण शुक्ला

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अटारा गांव स्थित बाबा ब्रह्मदेव स्थान पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक कुलदीप कृष्ण शुक्ला ने श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए प्रभु राम व कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्म जन्मांतर के पापों का अंत भी होता है। कथावाचक ने कहा कि जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ने लगा तब गौ माता भगवान ब्रह्मा के पास पहुंची और उसका निवारण करने की बात कहने लगी। तब भगवान ब्रह्मा ने गौ माता से कहा कि सृष्टि के सभी लोगों को प्रभु का ध्यान करना चाहिए तब जाकर इस समस्या का समाधान होगा। गजेंद्र मोक्ष राम जन्म व कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि तालाब में स्नान करने गए गजेंद्र का पैर घड़ियाल ने पकड़ लिया था। जिसकी पीड़ा से गजेंद्र परेशान थे और उन्होंने भगवान का स्मरण किया जिसके बाद भगवान नारायण पहुंचकर गजेंद्र को मुक्त कराया। इसके बाद अयोध्या में जन्मे भगवान श्री राम की कथा सुनाई। राजा दशरथ महारानी कौशल्या के घर जन्म हुआ भगवान श्री राम ने मर्यादा स्थापित कर मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाया है। बंदी गृह में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ जिसके बाद बसु देव जी ने बालक को लेकर गोकुलधाम नंद बाबा यशोदा के पास छोड़ आए और वहां कृष्ण जन्म का उत्सव मनाया गया। कृष्ण व श्री राम जन्मोत्सव का वर्णन सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान कमलेश दुबे व पत्नी सरला दुबे, आशीष दुबे, अजय श्रीवास्तव, सोनू दुबे, विवेक, सूरज दुबे, उपेंद्र समेत आदि लोग रहे।

# छिबरामऊ में पूर्वी तिराहे पर हादसों का सिलसिला जारी

**▸ मेजर जंक्शन का निर्माण अब तक अधूरा**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नेशनल हाईवे के पूर्वी तिराहे पर आए दिन होने वाले हादसे और जाम स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। प्रस्तावित मेजर जंक्शन के निर्माण में देरी के कारण स्थिति और गंभीर हो रही है। हाल ही में, तालग्राम रोड की एक प्राइवेट बस पार्किंग के दौरान अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साइन बोर्ड से टकरा गई। इस हादसे में बोर्ड क्षतिग्रस्त हो गया, और आसपास खड़े लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।पिछले साल 31 मई को हाईकोर्ट के आदेश के बाद 19 जून को जिला प्रशासन ने इस तिराहे पर अतिक्रमण हटाकर जमीन एनएचएआई को सौंप दी थी। लेकिन, एक साल बीत जाने के बावजूद मेजर जंक्शन का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। इस बीच, इस स्थान पर दो भीषण हादसों में उपासना (पुत्री रमेश सिंह) और बाबूराम शाक्य (पुत्र करोड़ीलाल) की मौके पर ही मौत हो चुकी है। सौरिख और तालग्राम रोड से आने वाले भारी वाहनों, जैसे डंपर और कंटेनर, को हाईवे पर चढ़ने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टायर फटने और वाहनों के फिसलने की घटनाएं आम हो गई हैं। मंगलवार रात की बारिश के बाद सड़क किनारे जमा पानी ने वाहन चालकों की परेशानी और बढ़ा दी। स्थानीय निवासियों और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहां मैंने इसी वर्ष 26 फरवरी को प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को ज्ञापन देकर मेजर जंक्शन शीघ्र बनवाने की मांग की थी लेकिन उसे भी एनएचएआई के पीडी ने अनसुना कर दिया। उन्होंने एनएचएआई के परियोजना निदेशक, कानपुर से मेजर जंक्शन का निर्माण जल्द शुरू करने की मांग की है। उनका कहना है कि निर्माण में देरी से न केवल हादसे बढ़ रहे हैं, बल्कि व्यापार और आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।

## खबरें एक नजर में

### स्वस्थ्य व निरोगी रहने के लिए नियमति करें योग




समर कैंप का शुभारंभ करती चेयरमैन आसमा बेगम।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कस्बा समधन स्थित कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम व सभासद मो. आजम ने गुरुवार को समर कैम्प का फीता काटकर शुभारंभ किया। कहा कि सरकार के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों में खेलकूद के प्रति रुचि विकसित होगी। योग करके बच्चे खुद को निरोगी व मन को एकाग्रचित रख सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक संकुल संजीव राजपूत ने किया। एसआरजी विकास कुमारी दीक्षित ने समर कैम्प की गतिविधियों की जानकारी दी। अर्पित भदौरिया ने छात्र-छात्राओं को योग व व्यायाम कराया। शाहीन बेगम ने कैरम बोर्ड पर गेम खिलाया व खेलों के महत्व को बताया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय समधन के प्रधानाध्यापक मो. जमाल, सहायक अध्यापक मंजूलता, जावेद अख्तर, सत्यवती, मायादेवी, भागवती, मो. सलमान मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में 15 भेड़-बकरियों की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ कस्बे में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक पशुपालक के 15 भेड़-बकरियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद से क्षेत्र के पशुपालकों में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासी और पशुपालक आदेश पाल ने बताया कि वह कई वर्षों से पशुपालन का कार्य करते हैं। बुधवार शाम को उनकी 15 भेड़-बकरियों को रोज की तरह एक सुरक्षित बंद स्थान पर बांधा गया था। गुरुवार सुबह जब उन्होंने देखा तो सभी जानवर मृत पाए गए। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि किसी जंगली जानवर या शिकारी कुत्ते के हमले से यह घटना हुई हो सकती है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। आदेश पाल को इस घटना से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। ग्रामीणों ने भी मांग की है कि जंगली जानवरों या शिकारी कुत्तों पर नियंत्रण के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए और पीड़ित पशुपालक को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। पशु चिकित्सा विभाग और स्थानीय प्रशासन को इस घटना की जांच कर कारणों का पता लगाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता है।

### समर कैंप के दूसरे दिन कराया योग



**छिबरामऊ, कन्नौज।** हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में समर कैंप के दूसरे दिन योग शिक्षक श्याम सिंह यादव और वेदिका ने 30 मिनट योग कराया। व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र वर्मा और स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह ने 118 बच्चों की टीम बनाकर खो-खो और फुटबॉल गेम कराए, साथ ही खेलों के नियम समझाए। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने उपस्थिति का लेखा-जोखा रखने के निर्देश दिए। जिला समन्वयक अजय कुमार कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण कर रहे हैं। प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा ने विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी मनु पाल का स्वागत किया। मनु पाल ने बच्चों को खेल और शिक्षा में रुचि लेने व लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। समर कैंप प्रभारी मेजर संदीप कुमार माधव, विवेक दीक्षित, मजबूत सिंह, रूपेश कुमार सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

# आंधी व बारिश से बिजली पोल क्षतिग्रस्त, कई वृक्ष धरासायी

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



उमर्दा में सड़क पर पड़ी टीनशेड

**▸ तिर्वा क्षेत्र में पूरी रात गुल रही बिजली, गुरूवार को हो सकी ठीक**

तहसील क्षेत्र में बुधवार की देर रात आई तेज आंधी व बारिश से कई बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए। जिस बजह से पूरी रात बिजली नहीं आई। इसके अलावा उमर्दा व इंदरगढ़ में कई स्थानों पर दुकानों में लगे टीन सेड उड़ गए।

कई वृक्ष भी धरासायी हो गए। रात 11 बजे के करीब आई तेज आंधी व बारिश से तिर्वा, इंदरगढ़, उमर्दा सहित तहसील क्षेत्र के कई स्थानों पर बिजली के पोल उखड़ कर गिर गए। तिर्वा कस्बे में विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे रात 11 बजे गई बिजली सुबह आठ बजे के करीब आ सकी। कई मोहल्ले में गुरूवार को पूरे दिन बिजली नहीं रही। विभागीय कर्मचारी क्षतिग्रस्त लाइनों को ठीक कराते रहे। एसडीओ कुलदीप राजपूत तिर्वा के खैरनगर रोड पर खुद अपने निर्देशन में क्षतिग्रस्त हुई लाइनों को दुरुस्त कराते दिखे। इसके अलावा कस्बे में कई स्थानों पर दुकानों के ऊपर रखे टीनशेड उड़ गए। कुछ मकानों की कच्ची दीवारें भी ध्वस्त हो गई। तिर्वा खैरनगर रोड, तिर्वा बेला रोड पर करीब आधा दर्जन वृक्ष धरासायी हो गए।

इसी तरह से उमर्दा, इंदरगढ़ ठठिया व हसेरन में भी तेज आंधी व बारिश से टीन शेड व वृक्ष धरासायी हो गए। विद्युत पोल भी टूट जाने से विद्युत आपूर्ति भी बाधित रही।

# समर कैंप में योग और खेलकूद के साथ स्वस्थ जीवन की सीख

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज, विशुनगढ़ में आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राओं को योग और खेलकूद के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी जा रही है। कैंप के पहले दिन पतंजलि योगपीठ हरिद्वार और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी सत्यराम यादव ने योग के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास से बिना किसी अतिरिक्त खर्च के स्वस्थ रहा जा सकता है। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। प्रधानाचार्य श्याम किशोर त्रिपाठी ने योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और इसके दैनिक जीवन में लाभों को समझाया। दूसरे दिन कैंप प्रभारी और शिक्षक अनुज कुमार द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास के साथ-साथ फुटबॉल और खो-खो जैसी खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अवसर प्रदान किया। इन गतिविधियों ने बच्चों में उत्साह और स्फूर्ति का संचार किया। कार्यक्रम में शिक्षक विनीत कुमार पाल, हरेंद्र नाथ राम सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। यह कैंप छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए एक सकारात्मक पहल साबित हो रहा है।

## महिला को मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** चार लोगों ने घर में घुसकर महिला से गाली गलौज की और मारपीट की घायल कर दिया और धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा समधन के मोहल्ला गर्दाबाद निवासिनी शबाना बेगम पुत्री मोहम्मद इमरान ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीते 18 मई की रात के करीब 08 बजे समधन के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी मोहम्मद दिलशाद, नौशाद, बासिद व फातिमा बानो ने दरवाजे पर आकर बेवजह गाली गलौज की। विरोध करने पर घर में घुस आए और घर में रखे सामान को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मेरे मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। शोर गुल सुनकर मोहल्ले के लोग मेरे घर पर आ गए और बीच बचाव किया। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए।

# आंधी-तूफान में गिरी दीवार, महिला व युवक की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**▸ उपचार के लिए ले जाते समय घायलों ने रास्ते में तोड़ा दम**

**▸ नायब तहसीलदार व लेखपाल ने किया स्थलीय निरीक्षण**

बीती रात आए तेज आंधी और तूफान में दीवार गिर गई। इसकी चपेट में आने से महिला व युवक घायल हो गए। उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय घायलों ने दम तोड़ दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण किया और मुआवजा दिलाए जाने का भरोसा दिलाया। बीती बुधवार की देर रात करीब 11 बजे आए तेज व आंधी व तूफान के कारण कोतवाली क्षेत्र की चौकी मझपुर्वा के ग्राम गदनापुर में पक्की दीवार गिर गया। इसकी चपेट में आने से दीवार के किनारे सो रहे मुईद खान (26) पुत्र



मोहसिन खान गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर व क्षेत्रीय लेखपाल कौशल पांडे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तथा परिजनों को पोस्टमार्टम कराने हेतु प्रेरित किया। जिससे मृतक के परिजनों को सरकारी योजना का लाभ दिलाया जा सके। इसी प्रकार ग्राम पंचायत नदसिया के ग्राम बहादुरापुर निवासी सोनश्री (50) पत्नी प्रकाश पाल भी आंधी तूफान के कारण गिरी दीवार की चपेट में आकर घायल हो गई। उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय महिला की मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई।

## विष्णुकांत तिवारी बने नए कोतवाल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भाजपा कार्यकर्ताओं व आरएसएस के स्वयंसेवकों पर लाठीचार्ज करने के आरोप में छिबरामऊ कोतवाल को एसपी ने हटा दिया। इसके साथ ही अतिरिक्त निरीक्षक को लाइनहाजिर कर दिया। एसपी ने 4 इंस्पेक्टर व एक दरोगा के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए हैं। एसपी विनोद कुमार ने छिबरामऊ कोतवाल अजय अवस्थी को हटा कर क्राइम ब्रांच भेज दिया। जबकि अतिरिक्त निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी को लाइन हाजिर कर दिया। सौरिख थानाध्यक्ष विष्णुकांत तिवारी को छिबरामऊ कोतवाली का चार्ज दिया गया, जबकि विशुनगढ़ थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को सौरिख थानाध्यक्ष बनाया गया। एसपी के पीआरओ एसआई गौरव कुमार को विशुनगढ़ थाने का चार्ज दिया गया है। यह कार्रवाई कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के बेहटा गांव पहुंचने के बाद हुई। सोमवार को मृतक छात्रा के परिजन मुख्यमंत्री से भेंट करने लखनऊ जाएंगे।

**सूचना**

जीवन बीमा निगम की कन्नौज शाखा द्वारा जारी मेरी पॉलिसी में मेरा नाम त्रुटिवश सूर्यप्रकाश पुत्र शिवदयाल दर्ज हो गया था। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम सूरज पुत्र ईश्वर दयाल दर्ज है। जोकि सही है। दोनो मेरे ही नाम है। मुझे इन दोनो नामो से जाना जाता है। मेरी पॉलिसी में मेरा सही नाम सूरज पुत्र ईश्वर दयाल दर्ज करें।

**सूरज पुत्र ईश्वर दयाल निवासी ग्राम धारानगर मौजा किनौरा तहसील तिर्वा, जनपद कन्नौज।**

# जलालाबाद में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, की नारेबाजी

**हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, जय हिंद, भारतीय सेना जिंदाबाद के लगाएं नारे**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा में तिरंगा झंडा लेकर यात्रा निकालते भाजपाई

देश की सेना के सम्मान और मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ अन्य लोगों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया और हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, भारतीय सेना की जय के नारे लगाएं।

कस्बा में सदर विधायक प्रतिनिधि विवेक पाठक की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खूब जोश देखा गया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, जय हिंद, भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद की नारेवाजी की। प्रतिनिधि विवेक पाठक ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का आयोजन हाल ही में भारतीय सेना की ओर से किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में किया गया। यह ऑपरेशन जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के जवाब में चलाया गया था। जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान गई थी। इस हमले के बाद देशभर में पाकिस्तान के प्रति आक्रोश देखा गया।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। बल्कि भारतीय सेना के युद्ध कौशल को पूरी दुनिया ने सराहा।बइस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष रजनी पाल, शरद कटियार, अखिलेश पांडेय, सुरेंद्र सिंह, अभिमन्यु सिंह, मंगलम पांडेय, सचिन जोशी, दिलीप मिश्रा, प्रभात दुबे सहित सैकड़ों लोग रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ, जनपद कन्नौज**

पत्रांक-676/DA-04/CO-01/निर्माण/Tender Notice/2025-26 — दिनांक- 21.05.2025

**(ई-निविदा सूचना )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में रमाबाई बालिका इण्टर कालेज में बालिकाओं के सुलभ पठन-पाठन हेतु फर्नीचर आपूर्ति एवं 15वें वित्त आयोग के निर्दिष्ट अनुदान (Tied Grant) अन्तर्गत आपूर्ति का कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए नीचे दिये विवरण के अनुसार www.etender.up.nic.in. द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती है।

सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नवत है शेष नियम व शर्तें किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 23.05.2025 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start | 23.05.2025 | 09:00 AM |
| 3 | Bid Submission Start Date | 23.05.2025 | 09:00 AM |
| 4 | Bid Submission Closing Date | 30.05.2025 | 02:00 PM |
| 5 | Technical Bid Opening | 31.05.2025 12:00 PM से | |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

**रविराज कौशल**
**अवर अभियन्ता सिविल**
**न.पा.प. छिबरामऊ**
**जनपद-कन्नौज।**

**सुनील कुमार सिंह**
**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा.प. छिबरामऊ**
**जनपद-कन्नौज।**

# कोर्ट के आदेश पर हुई रिकाउंटिंग में प्रतिभा राजपूत दो मतों से जीती

- ग्राम पंचायत रूनी चुरसई में 4 साल बाद हुआ बड़ा उलटफेर
- महावीर राजपूत बोले सत्ता के दबाव में हुई है विपक्षी की जीत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव रूनी चुरसई में चार साल पहले हुए प्रधानी के चुनाव में महावीर सिंह राजपूत ने दो मतों से जीत हासिल की थी। जहां पर उन्होंने अपनी प्रतिद्वन्दी प्रतिभा राजपूत पत्नी अशोक कुमार को दो मतों से हराया था। इसके बाद उनके देवर अमित राजपूत जिला पंचायत सदस्य ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए कोर्ट में जाने की बात कही थी। उन्होंने न्यायालय में याचिका दायर की। चार साल बाद न्यायालय के आदेश पर दोबारा रिकाउंटिंग के आदेश दिए गए। जिसके चलते दोबारा मतगणना करवाई गई। जिसमें 4 साल से प्रधानी कर रहे हैं महावीर सिंह राजपूत को दो मतों से हार का मुंह देखना पड़ा। जिसमें प्रतिभा देवी को 484 वोट तथा महावीर सिंह को 482 वोट मिले। वहीं तीसरे नंबर पर अरविंद सिंह राजपूत को 434 वोट मिले।

बताते चलें कि 2021 में हुए चुनाव में महावीर सिंह ने प्रतिभा राजपूत को दो मतों से हराया था, लेकिन पुनः कराई गई मतगणना में प्रतिभा सिंह राजपूत ने बाजी पलटी और दो मतों से जीत हासिल की। वहीं



समर्थकों के साथ विजयी प्रत्याशी प्रतिभा राजपूत

मजिस्ट्रेट बने नायाब तहसीलदार सनी कनौजिया ने स्पष्ट बताया की मतगणना की प्रक्रिया कड़ी निगरानी में की गई। जिसमें मतगणना अंकित सिंह लेखपाल, अतुल प्रताप तथा अभय त्रिवेदी, अंकित प्रताप सिंह, थाना अध्यक्ष जहानगंज जितेंद्र पटेल तथा काफी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हुई है। वहीं पुनः मतगणना में आए हुए परिणामों को देखते हुए महावीर सिंह राजपूत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हम चुप बैठने वालों में से नहीं हैं। यह मामला दोबारा कोर्ट में जाएगा, क्योंकि यह सब सत्ता पक्ष के दबाव में किया गया है। इसके बाद पुनः मतगणना में जीती प्रतिभा देवी का उनके समर्थकों ने उन्हें माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके बीडीओ पंचायत विनय सिंह चौहान, प्रखंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा, विजय राठौड़ वरिष्ठ लिपिक, एडीओ योगेंद्र प्रताप सिंह, सचिन, करण सिंह सहित समस्त स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

# परिजनों ने दंपति को पीटा लोहिया अस्पताल में भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

परिजनों ने पति पत्नी को कमरे में बंद कर जमकर पीटा। जिससे दोनों घायल हो गये। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर 12:30 बजे कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नुन्हाई निवासी अनमोल मिश्रा व उनकी पत्नी छाया मिश्रा को घायलावस्था में लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां छाया मिश्रा ने रोते हुए बताया कि मुझे व मेरे पति को ससुर, जेठ व जेठानी ने कमरे में बंद कर मारापीटा। उसका कहना है कि ससुरालीजन उससे इसलिए खिलाफ रहते हैं कि उसके बच्चे नहीं हो रहे हैं। वह कहते हैं कि अनमोल की दूसरी शादी करेंगे और मुझसे कहते हैं कि तू यहां से निकल जा। जबकि मेरा पति मुझे रखना चाहता है। मैं कई बार कोतवाली पुलिस व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दे चुकी हूँ, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उपरोक्त लोग कई बार मेरे साथ मारपीट कर चुके हैं।


लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल दंपति

# किशोर की हत्या करने वाले आरोपी पर दोष सिद्ध

- सजा पर सुनवाई के लिए 26 मई की तिथि नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायालय ईसी एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह प्रथम ने छः वर्षीय किशोर का अपहरण कर हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में सर्वेश पुत्र जौहरी निवासी गढ़िया ढिलावल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 26 मई की तिथि नियत की गयी है।

बीते 19 वर्षो पूर्व थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम गढ़िया ढिलावल निवासी लालमन शाक्य पुत्र सुंदर लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 23 अगस्त 2006 को मेरा नाती अवधेश उर्फ टोमू पुत्र राजवीर 6 वर्षीय समय करीब 2:30 बजे घर से खेत पर उसकी मां ने भेजा था। मेरा नाती खेत पर मेरे पास नहीं पहुंचा। मै परिवारीजनों के साथ अपने नाती को तलाश करता रहा। इसकी सूचना मैंने थाने में दी। उसके बाद दूसरे दिन सात बजे मैं अपने नाती की तलाश में गांव के किनारे गया, तो एक चारे के खेत में बदबू आ रही थी। खेत में जाकर देखा तो वह शव मेरे नाती अवधेश का था। इसकी जानकारी होने पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। गांव के कुछ लोगों ने जानकारी दी कि गांव के हकीम, भारत, दीपू, सर्वेश, विनोद व तुम्हारे नाती को अवधेश उर्फ टोमू के साथ खेतों की ओर जाते हुए देखा था। हमें शक है कि उक्त लोगो ने मेरे नाती की हत्या कर शव को चारे के खेत फेंक दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान भारत, विनोद, हकीम की मृत्यू हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह प्रथम ने सर्वेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 26 मई कि तिथि नियत की गयी है।




# बालू से भरा ओवरलोड ट्रक पलटा, राहगीर बाल-बाल बचे

- ओवरलोड वाहनों का दौड़ना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बिरिया डाडा कायमगंज मार्ग पर स्थित सुल्तानगंज खरेटा मार्ग जो वर्तमान में इतना क्षतिग्रस्त हो गया कि इस मार्ग पर आए दिन जानलेवा दुर्घटनायें होना आम बात हो गयी है। आए दिन ओवरलोड वाहन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

गुरुवार को ढाईघाट शमशाबाद से बालू से भरा एक ट्रक कायमगंज की ओर आ रहा था। सुल्तानगंज खरेटा से गुजरते समय अचानक ट्रक पलट गया। जिससे बालू सड़क पर फैल गई। जिससे रोड पर जाम जैसे हालत हो गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने भागकर जान बचाई। उक्त घटना में लोग बाल-बाल बच गए। दुर्घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया इस मार्ग पर सर्वाधिक ओवरलोड वाहनों का आवागमन है। परिणामस्वरूप मार्ग इतना क्षतिग्रस्त हो गया है कि आए दिन आवागमन करने वाले लोगों को मौत का संदेश दे रहा है। कई लोग वाहन दुर्घटनाओं का शिकार होकर घायल हो चुके हैं। इस सम्बन्ध में प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन अभी तक इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जिससे क्षतिग्रस्त मार्ग से गुजरने वाले वाहन अक्सर पलटकर आम लोगों को मौत का संदेश दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया क्षतिग्रस्त मार्ग से जहां एक ओर बड़े वाहनों का निकलना दुश्वार हो रहा है, वहीं दूसरी ओर दुपहिया वाहन सवार ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर संभलकर गुजरने वाले लोग भी क्षतिग्रस्त मार्ग पर गिरकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। क्षतिग्रस्त मार्ग पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को लेकर आक्रोशित लोगों ने कहा कि अगर प्रशासन इस ओर ध्यान दे, तो शायद जानलेवा दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। इस मार्ग से जितने भी वाहन गुजरते हैं वह ओवरलोड ही हैं। चाहे अवैध मिट्टी का खनन करने वाले वाहन हों अथवा बालू से भरे हुए ओवरलोड ट्रक जब क्षतिग्रस्त मार्ग से दौड़ेंगे तो दुर्घटनाएं होना स्वाभाविक हो जाता है। यह दुर्घटनायें किसी की जान की दुश्मन बन सकती हैं। अधिकारियों की लापरवाही पर लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर प्रशासन नहीं चेता तो कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।


बालू से भरा पलटा ट्रक

## आंधी से तार टकराने से स्टार्टर में लगी आग

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीती रात्रि ट्यूबेल पर लगे स्टार्टर में आग लगने से घर के बाहर पड़े टीन शेड में आग लग गयी। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। बताया गया है कि आंधी से बिजली के तार टकराने से आग लगी। थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंग पुर निवासी प्रेमपाल सिंह चौहान के घर बीती रात्रि घर से बाहर 50 मीटर दूरी पर बने ट्यूबेल के टीन शेड में लगे स्टार्टर में आंधी की वजह से तार टकराने से आग लग गई। सूचना फायर बिग्रेड को दी गयी। प्रेमपाल ने बताया कि टीन शेड में लगभग 50 कुंतल भूसा तथा 70 बोरी गेहूं रखा था जो जल गया। ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया गया। वहीं फायर ब्रिगेड मौके पर देर से पहुंची। आग को बुझाते समय प्रेमपाल सिंह के पुत्र दीनू के पैर जल गए। क्षेत्रीय लेखपाल अरशद को फोन किया गया, लेकिन लेखपाल ने फोन नहीं उठाया।

## खबरें एक नजर में

### शराब बंदी कार्यकर्ता सम्मेलन 6 जून को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शराब बंदी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में देश व्यापी जन जागरण अभियान व हस्ताक्षर अभियान शुरु हो रहा है। उत्तराखंड के कार्यकर्ताओं द्वारा शराब बंदी कार्यकर्ता सम्मेलन हलद्वानी जिला नैनीताल में किया गया। राष्ट्रीय संयोजक सुल्तान सिंह द्वारा चलायी जा रही शराब बंदी मुहिम में यूपी सहित अन्य राज्यों के कार्यकर्ता भी शराब बंदी की मांग कर रहे हैं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर शराब बंदी की मांग की। शराब से अपराध और दुर्घटनायें हो रही हैं। शराब के खिलाफ देश व्यापी आंदोलन खड़ा करने के लिए कार्यकर्ताओं के सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। इसी के साथ 6 जून को शराब बंदी कार्यकर्ता सम्मेलन होगा।

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार मेले का आयोजन 23 मई को होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ सुबह 10 बजे विद्यालय पहुंचें। 4 कंपनियां 200 नियुक्तियों के सापेक्ष अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेंगी। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी।

### डॉ. अफजल हुसैन व कैलाश गुप्ता को दी गयी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की बैठक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शिशु मंदिर में सम्पन्न हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री डॉ. अफजल हुसैन तथा गीतिका रस्तोगी सरस्वती शिशु मंदिर नीबलपुर के अध्यक्ष कैलाशचंद्र गुप्ता दाल वाले को श्रद्धांजलि दी गयी। जिला मंत्री बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली ने कहा डॉ. अफजल हुसैन ने हमेशा संघर्ष किया और संगठन के प्रति समर्पित रहे। कैलाशचंद्र गुप्ता प्रत्येक धार्मिक अनुष्ठानों में सहायता करते थे। पांडेश्वरनाथ मंदिर, मठिया देवी व गणेश महोत्सव, रामबारात, दुर्बासा आश्रम में उनका सहयोग रहता था। दोनों लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी और दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर परमेश्वरी दीन वर्मा, शीलचंद्र पाण्डेय, वीरेंद्र बाबू गुप्ता, रामानंद, अरुण कुमार, रघुवीर शरण आदि लोग मौजूद रहे।

### आपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गयी शौर्य तिरंगा यात्रा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने भव्य तिरंगा यात्रा निकलकर सेना को सलाम किया। तिरंगा यात्रा में शामिल पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट्स और स्कूली बच्चों के जत्थे के अलावा भारत माता की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कायमगंज में आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा जटवारा रोड से शुरू हुई। जिसमें प्रमुख रुप से सांसद मुकेश राजपूत, विधायक डॉ. सुरभि गंगवार, जिलाध्यक्ष फतेह चंद, समाज सेविका डॉ. मिथलेश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार गंगवार, नगर अध्यक्ष देवेंद्र दुबे, रश्मि दुबे, अरुण दुबे, अमर दीप दीक्षित, सुनील चक, निशान्त गुप्ता, मन्शाराम गुप्ता, जितेन्द्र रस्तोगी, अमित सेठ, व्यापारी संजय गुप्ता, उमेश गुप्ता शामिल थे। तिरंगा यात्रा जटवारा से शुरू होकर ट्रांसपोर्ट चौराहा, पृथ्वी दरवाजा, शिवाजी की मूर्ति, मुख्य चौराहा, लोहाई बाजार, श्यामा गेट, बजरिया, काजम खां, तहसील रोड होते हुए पुलगालिब पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में हथियारबंद पूर्व सैनिकों का जत्था, एनसीसी कमांडेंट सिल्की मिश्रा के नेतृत्व में कैडेट्स की टीम, स्कूली बच्चों के अलावा भारत माता की भव्य झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इनके अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग देश भक्ति की धुनों पर हाथों में तिरंगा थामे थिरकते चल रहे थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बर्फ विक्रेता की मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर से वर्फ विक्रेता की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कलुआपुर सानी निवासी मलखान सिंह पुत्र हीरालाल उम्र 45 वर्ष का शव कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम हजियापुर के निकट पड़ा पाया गया। बताया गया है मृतक शकरुल्लापुर में बर्फ बेचकर घर परिवार की रोजी रोटी चलाता था। वहीं एक दुकान किराए पर ली थी। जहां ठेली को खड़ा कर साइकिल द्वारा घर आता जाता था। बीते दिवस की रात्रि कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम हजियांपुर के निकट बर्फ विक्रेता का शव पड़ा पाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फौरी कार्यवाही करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। गुरुवार की सुबह जब खोजबीन कर रहे परिजनों को मृतक का फोटो दिखाया गया तो पुत्र नितिन ने पिता के रूप में पहचान की। मृतक के बड़े पुत्र नितिन ने बताया जैसे ही जानकारी मिली वह परिजनों के साथ लोहिया अस्पताल पहुंचा। इसके बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा। नितिन ने बताया पिता शुकरुल्लापुर में ठेली लगाते थे। उसने यह भी बताया वह तीन भाई तथा दो बहनें क्रमशः नितिन के अलावा ऋतिक, निखिल जबकि बहनों में वंदना तथा राशि हैं। मां बड़ी बिटिया का शब पर रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। पिता की मौत पर पुत्र ने संदेह जताते हुए कहा कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। हो सकता है किसी ने आपराधिक घटना को अंजाम दिया हो।

उसने यह भी बताया कि मृतक की साइकिल शुकरुल्लापुर में एक व्यक्ति के घर मिली, जबकि लोअर तथा चप्पल सड़क पर और झोला जिसमे चीनी आदि थी झाड़ियों में पड़ा मिला। उधर चौकी इंचार्ज फैजबाग जितेंद्र ने बताया कि सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत हुई है। दुर्घटना की तहरीर दी गई है।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां डॉ0 अभिषेक चतुर्वेदी ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 3:37 बजे पुष्पेंद्र सिंह पुत्र छोटे सिंह राठौड़ निवासी गदाईपुर भुड़िया थाना लोनार जनपद हरदोई को डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गये। परिजनों ने बताया कि पुष्पेंद्र सिंह पुत्र छोटे सिंह अपने गांव गदाईपुर भुड़िया से अपने साढ़ू दुबरी चिलसरा से अपनी सास को बुलाने जा रहा था, तभी पीछे से किसी अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक का फाइल फोटो

# तमंचा व कारतूस सहित दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को तमंचा व चार जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट पुलिस ने अभियुक्तगण विनोद कुमार पुत्र फत्तू नट निवासी खानपुर मड़ैया, थाना कादरीगेट जनपद फतेहगढ़, शंकर गिहार उर्फ अमित कुमार पुत्र ग्रीशचंद्र गिहार उर्फ गिरीश गिहार निवासी गिहार कालोनी रामनगर कोतवाली छिबरामऊ जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गुरुवार को चेकिंग कर रही थी, तभी एक मोटर साइकिल बगैर नंबर पर सवार दो लोग कहीं घटना करने की फिराक में जा रहे थे। पुलिस ने रोककर जामा तलाशी ली, तो उनके कब्जे से दो तमंचा व चार कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।


तमंचा सहित गिरफ्तार अभियुक्त

# अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नव विवाहिता को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर शराबी पति ने नवविवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता उपासना पुत्री रघुवीर सिंह पत्नी प्रदीप कुमार हाल निवासी ग्राम कुण्डपुरा थाना कमालगंज की रहने वाली हूँ। पीड़िता की शादी लगभग 2 वर्ष पूर्व प्रदीप पुत्र विश्राम सिंह निवासी ग्राम उखरा थाना नवाबगंज के साथ हिंदू रीतिरिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में मेरे पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था, परन्तु शादी में दिये गये दान दहेज से मेरे पति प्रदीप व ससुर विश्राम सिंह पुत्र स्व0 सोनेलाल, सास रंगना पत्नी विश्राम सिंह, जेठ अवधेश पुत्र विश्राम सिंह उक्त लोग सन्तुष्ट नहीं थे और अतिरिक्त दहेज में एक मोटर साइकिल व 2 लाख रूपये की मांग उक्त लोग कर रहे हैं। जब मैं मना करती थी, तो उपरोक्त लोग मेरे साथ गाली-गलौज व मारपीट करते थे और खाना पीना नहीं देते थे। पीड़िता के एक पुत्र एल्विश उम्र 9 माह पैदा हुआ। करीब 1 माह पूर्व मेरे पुत्र एल्विश व मुझे मेरा पति राजस्थान ले गया। जहाँ वह नौकरी करता था और पति प्रदीप कुमार शराब पीकर आये दिन वहां मेरे साथ गाली- गलौज व मारपीट करता था और कहता था कि मोटरसाइकिल व 2 लाख रूपये लाकर दो नहीं तो तुम्हें जान से मार देंगे। दिनांक 11.05.2025 को मैं वहाँ से बच बचाकर बस से अपने मायके चली आई। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने बोला हमला

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गुपुर निवासी स्वर्गीय राम भरोसे के पुत्र अरविंद कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि दिन के लगभग 12:45 मिनट पर अपना बिजली का तार सही करवा रहा था, तभी पड़ोस के ही बंटू उर्फअतेंद्र मिश्रा व उनका पुत्र अनुभव ऊर्फ देव ने गाली देते हुए कहा मेरा तार क्यों हटा दिया। जब पीड़ित ने बताया कि उनका तार आगे से ही हटा हुआ है, तो उक्त लोग गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने मना किया, तो उक्त लोगों ने लात-घूसों, लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला किया। जिससे पीड़ित के सिर में चोटें आईं। पीड़ित की चीख सुनकर पीड़ित की पत्नी मीना व पुत्र मोहन बचाने आए, तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। जिससे पीड़ित व पीड़ित की पत्नी तथा पुत्र के शरीर में चोटें आई। उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया तहरीर मिल गई है। मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# वंदन योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के संबंध में डीएम ने ली बैठक

- फर्रूखाबाद में स्थापित किये जायेंगे निजी बस अड्डे, ईओ को करें आवेदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभगार में वित्तीय वर्ष 2025-26 में वंदन योजनान्तर्गत सांस्कृतिक पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं के विकास के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

इस योजना के अंतर्गत संपर्क मार्ग, विश्रामालय वाटर कियोस्क, शेड, साइनेज एवं प्रकाश, बेंच, शहीद स्थल/स्मृति पार्क का सौंदर्यीकरण, इंटरलॉकिंग घाटों का सौंदर्यीकरण, पर्यटक सूचना केंद्र का निर्माण किया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी नगर पालिका/पंचायत में कायों का चयन कर प्रस्ताव बनाकर जल्द से जल्द शासन को भेजना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही 2023-2024 में नगर पंचायत कम्पिल, संकिसा बसंतपुर में कराये गये कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ कोषाधिकारी व उपजिलाधिकारी सदर, अमृतपुर व समस्त संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


बैठक लेते जिलाधिकारी

## डीएम की अध्यक्षता में बस पार्क नियामक प्राधिकारी की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व आल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियमन) नीतिए 2025 के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र में निजी निवेश से स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व आल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रण एवं स्थापना सम्बन्धी कार्यों हेतु जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व आल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क नियामक प्राधिकारी का गठन किया गया है। इसमें अन्य सदस्य पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, एआरटीओ प्रवर्तन, एआरएम, पीडब्लूडी के अधिशासी अभियन्ता शामिल हैं। बस पार्क की स्थापना हेतु आवेदन ईओ नगर पालिका को दिया जा सकता है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि निजी बस अड्डे हेतु 2 एकड़ भूमि हो तथा भूमि ऐसे मार्ग पर हो जिसकी चौड़ाई न्यूनतम 7 मीटर हो। बस अड्डे की दूरी नगर पालिका की सीमा से 5 कि0मी0 के अन्दर हो। आवेदक की नेटवर्थ गत वित्तीय वर्ष में रुपया 50 लाख तथा गत वित्तीय वर्ष में टर्नओवर न्यूनतम रुपया 2 करोड़ हो। आवेदक को बस अड्डा संचालन व प्रबन्धन का 02 वर्ष का अनुभव होना चाहिये। भूमि आवेदक के स्वामित्व में हो अथवा आवेदक द्वारा भूमि न्यूनतम 10 वर्ष के लिये लीज पर ली गयी हो। बस अड्डा की भूमि का 70 प्रतिशत भाग खुला होगा तथा संचालक द्वारा 30 प्रतिशत भाग में यात्रियों के बैठने की सुविधा व शुद्ध पेयजल, भोजन/जलपान हेतु कैन्टीन की व्यवस्था, पुरूष/महिला व दिव्यांगजन हेतु अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था की जायेगी। पब्लिक, ड्रेस सिस्टम, पूरे परिसर में सी0सी0टी0वी0 कैमरों, अग्निशमन नियंत्रण के उपाय किये जायेंगे। पर्याप्त क्षमता के जेनरेटर की व्यवस्था, पूछताछ एवं बुकिंग काउण्टर की व्यवस्था जायेगी। पर्याप्त सुरक्षा, रोशनी व साफ-सफाई की व्यवस्था जायेगी।

# जगह पर कब्जा करने के उद्देश्य से की मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जमीन पर कब्जे को लेकर परिवारीजनों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। जिसमें कई लोग घायल हो गये। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित प्रत्यूष प्रताप सिंह पुत्र हरिपाल सिंह निवासी खुदागंज थाना कमालगंज का निवासी है। पीड़ित के पिता हरिपाल सिह पुत्र मुलायम सिंह ने अपने परिवार के सहदेव सिंह से 2014 में जमीन खरीदी थी। पीड़ित उस पर काबिज दखील है। सहदेव के परिवार के लोग ब्रह्मपाल सिंह पुत्र सूबेदार सिंह व अन्य उनके परिवार के लोग हमारी जमीन पर कब्जा करना चहाते हैं। दिनांक 21.05.2025 को सुबह लगभग 9:30 बजे ब्रह्मपाल, मायादेवी पत्नी सूबेदार, गुड्डी देवी पत्नी ब्रह्मपाल सिंह, विष्णु पुत्र ब्रह्मपाल सिंह ने मेरे बड़े भाई धीरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र हरिपाल सिंह, काव्या पुत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह को माँ बहन की गालियां देने लगे।

मना करने पर उपरोक्त लोग लाठी-डंडे, कांता व भाला लेकर मारपीट करने लगे। जिसमें धीरेन्द्र प्रताप, काव्या को गम्भीर चोटें लग गयी हैं। पीड़िता का न्यायालय में मामला विचाराधीन है। जाते-जाते उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

